सुप्रभात
रांची, रविवार
29.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 344



12 अभिनेत्री इलियाना दूसरी बार बनी मां

## न्यूज डायरी

### मुख्य सचिव ने बोकारो प्लांट का किया निरीक्षण

**बोकारो।** मुख्य सचिव अलका तिवारी और पूर्व मुख्य सचिव डीके तिवारी ने बोकारो स्टील प्लांट लिमिटेड का निरीक्षण किया। इस दौरान कोक ओवेन, कॉल केमिकल्स, बीएफ-2, एसएमएस-2 एवं सीसीएस, एचएसएम, एवं सीआरएम-3 सहित कई महत्वपूर्ण उत्पादन इकाइयों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा, बीएसएल के डायरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी तथा बीएसएल प्रबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने जिला प्रशासन और बीएसएल दोनों को आपसी संवाद को नियमित रखने और बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

### पूजा सिंघल के पासपोर्ट रिलीज पर फैसला कल

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में ट्रायल फेस कर रही आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा की ओर से पासपोर्ट रिलीज करने से जुड़ी याचिका पर शनिवार को पीएमएलए की विशेष अदालत में हुई। अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 30 जून को सुनायेगी। याचिकाकर्ता को अपनी बेटी का नामांकन अमेरिका में कराना है।

### भैरवी नदी में बहा पटना का युवक

**रामगढ़।** प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल मां छिन्नमस्तिका मंदिर से सटे भैरवी नदी में नहाने के दौरान एक युवक बह गया। शशि कुमार नायक वह युवक पटना के अवतारपुर का रहनेवाला है। परिजनों संग मां छिन्नमस्तिका की पूजा करने आया था। रामगढ़ प्रशासन के अनुरोध पर तेनुघाट से पहुंची एनडीआरएफ की टीम खोज में लगी है।

### बस कंडक्टर ने लौटाया ₹39 हजार से भरा पर्स

खूंटी। रांची से सिमडेगा जाने वाली गौरव बस में तोरपा प्रखंड के लतावली गांव निवासी सुगन होरो खूंटी से सवार हुए थे। तोरपा में उतरने के बाद पता चला कि उनका पर्स गिर गया है। पर्स में 39 हजार रुपये और जरूरी कार्ड थे। उन्होंने गौरव बस के एजेंट सीताराम भगत से संपर्क किया। एजेंट भगत ने कंडक्टर अब्दुल सलह से संपर्क साधा। बस में खोजबीन के बाद कंडक्टर को पर्स मिल गया जिसे यात्री को लौटा दिया गया।

### आत्मघाती हमले में पाक के 13 सैनिक ढेर

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र वजीरिस्तान में एक आत्मघाती हमले में 13 सैनिकों की मौत हो गयी। आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी सैन्य काफिले में घुसा दी। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि 13 सैनिक मौके पर ही मारे गये।

# अंतरिक्ष से भव्य दिखता है भारत, रोज देखते हैं 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त : शुभांशु

### पीएम मोदी ने अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से की बातचीत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला (भारतीय एस्ट्रोनॉट) से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की। शुभांशु एक्सिओम-4 मिशन के तहत इस समय आईएसएस पर मौजूद हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी और इस बातचीत का वीडियो भी जारी किया। दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकेंड बातचीत हुई।

शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। हम दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां, मैं गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस लाया। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए सभी लोग समृद्ध भारतीय पाककला का आनंद लें। हम सभी ने इसे एक साथ खाया और सभी को यह पसंद आया।

प्रधानमंत्री ने यह भी पूछा कि अंतरिक्ष की विशालता देखकर सबसे पहला ख्याल क्या आया? इस पर शुभांशु ने बताया कि पहला नजारा पृथ्वी का था। इसे देखकर पहला ख्याल ये आया कि पृथ्वी एक जैसी है। बाहर से सीमा रेखा, कोई बॉर्डर नहीं दिखता। भारत को देखा तो वो बहुत भव्य और बड़ा दिखता है। अनेकता में एकता दिखती है पृथ्वी की। पृथ्वी हमारा घर है और हम सब एक हैं।

बता दें कि भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु एक्सिओम मिशन-4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे अपने चार साथियों के साथ आइएसएस के लिए रवाना हुए थे और 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे। इस ऐतिहासिक उड़ान के साथ उन्होंने भारत का नाम वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर और अधिक गौरव के साथ अंकित किया है। यह क्षण भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक गौरवपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, क्योंकि शुक्ला पिछले 40 वर्षों में अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय हैं जबकि राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं।

### कोलियरी मजदूर यूनियन के फिर अध्यक्ष चुने गये गुरुजी

# श्रमिकों-विस्थापितों के हित में काम करते रहेंगे : हेमंत सोरेन

**महाधिवेशन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआइ के रविंद्र भवन में शनिवार को आयोजित झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन एवं झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय महाधिवेशन में सर्वसम्मति से झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन का केंद्रीय अध्यक्ष एक बार फिर पूर्व सीएम शिबू सोरेन को चुना गया। महाधिवेशन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल थे। महाधिवेशन में नयी दिल्ली से ऑनलाइन जुड़े सीएम श्री सोरेन ने कहा कि वे राज्य के आदिवासी-मूलवासी, श्रमिकों और विस्थापितों को उनका हक-अधिकार दिलाने के लिए हम निरंतर काम करते रहेंगे। उन्होंने मजदूरों एवं विस्थापितों के लिए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। महाधिवेशन में निर्णय लिया गया कि 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन शामिल होगा।



#### महाधिवेशन में कई प्रस्ताव हुए पारित

महाधिवेशन में कई प्रस्ताव पारित किये गये। इनमें निजीकरण, मजदूर विरोधी चार श्रमिक कोड का विरोध मजदूरों और विस्थापितों के अधिकार के लिए संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया। विस्थापित रैयतों को भूमि का मुआवजा बाजार दर का चार गुना देने, सभी योग्य अठारह वर्ष से ऊपर के विस्थापित बेरोजगारों को नौकरी, पुनर्वास के तहत पच्चीस डिसमिल भूखंड में निर्मित पक्का मकान, भूमि के बदले भूमि, कोल इंडिया में रैयतों को शेयर पॉटर बनाना शामिल हैं। कोल इंडिया का पुनर्वास नीति 2012 को संशोधन कर पुनर्वास भू-अर्जन कानून 2013 के मुताबिक बनाने की मांग की गयी।

#### केंद्रीय समिति का गठन

महाधिवेशन में अगले कार्यकाल के लिए केंद्रीय समिति के सदस्यों की घोषणा की गयी। साथ ही कार्यकारणी सदस्यों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से शिबू सोरेन को झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया। मथुरा प्रसाद महतो उपाध्यक्ष, विनोद कुमार पांडेय, महासचिव फागू बेसरा, सचिव जय नारायण महतो और कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी चुने गये। वहीं, झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, महासचिव फागू बेसरा, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र मैथ्यू, कोषाध्यक्ष संजीव बेदिया चुने गये। महाधिवेशन संचालन अध्यक्ष मंडली में शिबू सोरेन, मथुरा प्रसाद महतो, विनोद पांडे, विजय हांसदा एवं फागू बेसरा तथा संचालन मंडली में संजीव बेदिया, जय नारायण महतो, शैलेंद्र मैथी, अखिलेश महतो उर्फ राजू शामिल हैं।

# गुरुजी शिबू सोरेन की हालत स्थिर जल्द स्वस्थ्य होने की दुआएं जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यसभा सांसद सह पूर्व मुख्यमंत्री और हेमंत सरकार में कॉर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन की हालत अब भी स्थिर बतायी जा रही है। वे दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। चिकित्सकों की गहन निगरानी में उनका इलाज जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन भी गुरुजी के साथ दिल्ली में उनकी देख-रेख में मौजूद हैं। इस बीच विभिन्न दलों के नेता और मंत्री गुरुजी को देखने और उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए अस्पताल पहुंचे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडे, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले और गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

वहीं सीपीएम की वरिष्ठ नेता बृंदा करात भी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को देखने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंची। वहां उन्होंने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। विश्वास व्यक्त किया की शिबू सोरेन जल्द स्वस्थ्य होकर झारखंड लौटेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से भी मुलाकात की। इधर राज्यभर में लोग उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआएं कर रहे हैं।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ गुरुजी को देखने अस्पताल पहुंचे, मुख्यमंत्री से ली जानकारी




**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को नयी दिल्ली में सर गंगाराम अस्पताल जाकर सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सर गंगाराम अस्पताल में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद श्री सेठ ने सोशल मीडिया पर गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी साझा की। केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात हुई। दिशोम गुरु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। बहुत जल्द ही आप झारखंड को आशीर्वाद देने हम सबके बीच होंगे।

## राजधानी रांची में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत कई इलाकों में रविवार को को भारी बारिश की संभावना है। इसे देखते हुए आईएमडी के रांची स्थित मौसम केंद्र ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों को सतर्क रहने को कहा है। शनिवार को भी राजधानी समेत राज्य के कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गयी। रांची में इस बार मानसून की अच्छी-खासी बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक, रांची जिले में अब तक 657.3 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से 200 फीसदी से अधिक है। अधिकतम तापमान में 1 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट आने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। मौसम विभाग ने सलाह दी है कि गांव में रहते हैं या शहर में, सभी को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। अगर कहीं फंस गये हैं और मेघ गरज रहे हैं, तो किसी पक्की छत के नीचे शरण ले लें। वर्षा से बचने के लिए किसी पेड़ के नीचे न जायें। बिजली के खंभों से हर हाल में दूर रहें।



### आइपीएस पराग जैन 'रॉ' प्रमुख बने, एक जुलाई से संभालेंगे पदभार



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह मौजूदा प्रमुख रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून 2025 को समाप्त हो रहा है। पराग जैन 1 जुलाई से दो साल के लिए यह जिम्मेदारी संभालेंगे। पराग जैन को आतंकवाद निरोधक विशेषज्ञ माना जाता है, विशेषकर अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में उनकी गहरी समझ और पकड़ है।

## अब रिक्त पदों के मुकाबले एक तिहाई पर ही नियुक्ति

कर्मियों को नियमित प्रोन्नति देना उद्देश्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार कुल रिक्त पदों के मुकाबले एक तिहाई पदों पर ही नियुक्ति के मुद्दे पर विचार कर रही है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को नियमित प्रोन्नति देना है। सभी रिक्त पदों को एक साथ भर देने पर कर्मचारियों की प्रोन्नति बाधित हो जाती है। नियुक्ति की इस प्रक्रिया पर अंतिम निर्णय लेने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जल्द ही बैठक होगी। इस मुद्दे पर सभी विभागीय सचिवों को अपनी-अपनी राय देंगे। कार्मिक विभाग की ओर से इससे संबंधित सभी विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव को पत्र जारी कर दिया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के राजपत्रित एवं अराजपत्रित पदों पर नियुक्ति के लिए कुल रिक्तियों को अधियाचित करने के स्थान पर कुल रिक्तियों का एक तिहाई रिक्तियों को एक बार में अधियाचित किया जाये।

### मृतक अभिनेत्री के घर पहुंची फॉरेंसिक टीम, जांच शुरू

## 'कांटा लगा गर्ल' शेफाली जरीवाला का हार्ट अटैक से 42 की उम्र में निधन

**एजेंसी**



**मुंबई।** अभिनेत्री शेफाली जरीवाला के अचानक निधन से मनोरंजन जगत में शोक की लहर है। 42 साल की शेफाली को बीती रात सीने में दर्द के बाद मुंबई के बेलेव्यू अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पृथम दृष्टया शेफाली की मौत का कारण हार्टअटैक बताया जा रहा है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेजा गया। इसी बीच शनिवार को मुंबई पुलिस की एक टीम और एक फॉरेंसिक टीम उनके आवास पर पहुंची। पुलिस ने जानकारी दी है कि मामले में आगे की जांच जारी है। बताया कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि अभिनेत्री मुंबई के अंधेरी इलाके में रहती थीं। उनके पति और परिवार के अन्य सदस्य उन्हें देर रात अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुरक्षा गार्ड ने बताया कि करीब रात 10 बजे एक गाड़ी इमारत से तेजी से बाहर निकली। गाड़ी में काले शीशे लगे थे, इसलिए अंदर कौन था, यह साफ दिखाई नहीं दिया। ये नहीं कह सकता कि शेफाली उसमें थीं या नहीं। आखिरी बार शेफाली को परसों देखा था, जब वो अपने पति के साथ बाहर घूमने निकली थीं।

## कार्टून कोना




### उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले-प्रस्तावना 'परिवर्तनशील नहीं', फिर भी कई शब्द जोड़े गये

# संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गये शब्द नासूर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गये शब्दों को नासूर करार देते हुए कहा है कि इससे संविधान की आत्मा का अपमान हुआ है। उन्होंने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना 'परिवर्तनशील नहीं' है, फिर भी आपातकाल के दौरान 1976 में इसे बदला गया और कई शब्द जोड़ दिये गये। धनखड़ ने कहा कि भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया लेकिन भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 1976 के 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के जरिये बदलाव में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गये थे।

**प्रस्तावना को परिश्रम से सोच विचार कर तैयार किया :** उप राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने इसकी प्रस्तावना को अत्यंत परिश्रम से सोच विचार कर तैयार किया होगा लेकिन जब देश के लोगों पर आपातकाल का बंधन था उस समय इसे बदल दिया गया। संविधान निर्माताओं ने प्रस्तावना को सही और उचित समझ कर जोड़ा था, लेकिन इसे ऐसे समय बदला गया जब लोग बंधन में थे। लोग जेलों में थे, न्याय प्रणाली तक पहुंच से वंचित थे। संविधान की प्रस्तावना में इसके आदर्शों और आकांक्षाओं का सार होता है। यह उन उद्देश्यों को समाहित करती है जिन्हें संविधान हासिल करना चाहता है।

#### प्रस्तावना संविधान की आत्मा



उप राष्ट्रपति ने संविधान की प्रस्तावना को बदले जाने को गंभीर विषय बताया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना वह आधार है जिस पर पूरा संविधान टिका है। संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। उन्होंने कहा, आपातकाल – भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर था। उपराष्ट्रपति ने कहा, हमें इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। धनखड़ ने यह टिप्पणी यहां एक पुस्तक के विमोचन समारोह में की।

#### इस पर राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए : कांग्रेस

उपराष्ट्रपति ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बृहस्पतिवार को संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान किया था। आरएसएस ने कहा था कि इन शब्दों को आपातकाल के दौरान शामिल किया गया था और ये कभी भी आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा नहीं था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की है कि इस मुद्दे पर राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए कि 'धर्मनिरपेक्ष' व 'समाजवादी' शब्दों को संविधान की प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं। उन्होंने इसे 'राजनीतिक अवसरवाद' और संविधान की आत्मा पर 'जानबूझकर किया गया हमला' करार दिया है।

## अगले हफ्ते मंइयां सम्मान योजना की मिलेगी राशि

- राज्य की 52 लाख से अधिक महिला लाभुकों को मई की राशि मिलेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड की महिलाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 52 लाख से अधिक महिला लाभुकों को मई माह की राशि अगले सप्ताह तक उनके बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी जायेगी। इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा निदेशालय ने सभी जिलों को जरूरी निर्देश जारी कर दिए हैं।

जिलों को कहा गया है कि वे भुगतान से जुड़ी सारी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करें ताकि राशि ट्रांसफर में कोई देरी न हो। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार से ही जिलों द्वारा राशि ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ट्रांसफर के बाद जिलों को इसकी सूचना भी निदेशालय को देनी होगी। पिछले माह की स्थिति पर नजर डालें तो अप्रैल महीने की राशि जून में ट्रांसफर की गई थी। इससे लगभग 51 लाख महिलाओं को लाभ मिला था। योजना के तहत प्रत्येक महिला लाभुक को प्रति माह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

# कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा : जफर

## गरीब मुसलमानों के हित में है संशोधित वक्फ कानून

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा संसद जफर इस्लाम ने शनिवार को जमकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। भाजपा किसी का तुष्टीकरण नहीं करती ,जो जरूरतमंद हैं उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचे यह मोदी सरकार की सोच है। आज केंद्र सरकार की योजनाएं बिना भेदभाव के मुस्लिम समाज तक पहुंच रही है। श्री इस्लाम आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक अपने शासन काल में मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा ,और आज भी ऐसा ही समझ रही।लेकिन आज समाज जाग चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब मुस्लिम समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना चाहते हैं।इसलिए धार्मिक मामलों में बिना हस्तक्षेप किये समाज के हित में कानून बनाए जा रहे।

उन्होंने कहा कि कहा कि वक्फ संशोधित कानून में धार्मिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है। केवल कानून के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में संशोधन किए गए हैं। इससे करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचेगा। वक्फ में मुस्लिम समाज के लोग गरीबों के कल्याण केलिए दान देते हैं।लेकिन चंद लोग उसपर मनमानी करते हुए उसका या तो निजी उपयोग करते हैं यह फिर औने पौने दाम पर करोड़ों की संपत्ति को लीज में दे देते है। इस कारण जो लाभ समाज को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पाता। कहा कि जितनी संपत्ति वक्फ के पास है उससे करोड़ों गरीब मुसलमानों तक स्कूल,अस्पताल ,यूनिवर्सिटी ,कॉलेज की सुविधा पहुंचाई जा सकती है लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। आज मोदी सरकार ने इस दिशा में कानून के माध्यम से पहल की है।

उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में गैर मुस्लिम को शामिल किया गया। जो बिल्कुल सही है। योग्य लोगों की सहायता से वक्फ संपत्ति का प्रबंधन ठीक होगा।आय में कई गुना वृद्धि होगी जिसका फायदा समाज को मिलेगा। धार्मिक मामले तो मुस्लिम समाज वीके लोग ही देखेंगे। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने भी नए कानून को सही ठहराते हुए केवल कुछ जानकारियां चाही है।

कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी भले शायरी के माध्यम से शब्दों का खेल खेल सकते हैं लेकिन संशोधित वक्फ कानून का विरोध कर मुस्लिम समाज का भला नहीं कर सकते। कहा कि कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार और विरोध के बावजूद यह संसद के दोनों सदनों में लोकतांत्रिक तरीके से पारित और महामहिम राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बना हुआ कानून है। और गरीब मुस्लिम समाज के चेहरों पर मुस्कान लाने वाला है।कांग्रेस पार्टी को लोगों को गुमराह करने से बाज आना चाहिए। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

### सरकार ने हजारों युवाओं के सपनों को कुचल दिया : बाबूलाल



रांची। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रोजगार को लेकर सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत ने झारखंड के नौकरी की आस लगाए बैठे हजारों युवाओं के सपनों को कुचल कर रख दिया है। एक ओर जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम पर उच्च न्यायालय की रोक अब तक जारी है। सीआईडी हर बार अधूरी जांच का बहाना बनाकर समय को घसीटती जा रही है।

**परीक्षा कैलेंडर भी रहा नाकाम :** बाबूलाल ने आगे लिखा है कि सरकार ने जिस परीक्षा कैलेंडर को बड़े दावे के साथ जारी किया था, उस पर अमल करने की जिम्मेदारी निभाने में अधिकारी पूरी तरह नाकाम रहे हैं। हर बीतता दिन युवाओं की उम्मीदों को कमजोर कर रहा है, लेकिन बीते साढ़े पांच साल तो मानो उनके भविष्य पर एक भारी बोझ बन चुके हैं। राज्य सरकार संवेदनशीलता का परिचय दे और जल्द से जल्द बहाली की प्रक्रिया शुरू करे।

## खबर एक नजर में

### फर्जी बिक्री पट्टा मामले में सुमित और आशा को कोर्ट से अग्रिम राहत

रांची। फर्जी बिक्री पप्ता पर जमशेदपुर स्थित इंडियन बैंक के मुख्य शाखा से 5.61 करोड़ रुपए ऋण लेने से जुड़े मामले में चार्जशीटेड आरोपी राजेश्वरी आयरन स्टील कंपनी प्राइवेट लिमिटेड तथा इसके निदेशक लालपुर निवासी सुमित कुमार केजरीवाल एवं आशा केजरीवाल को अदालत ने अग्रिम राहत प्रदान कर दी है। दोनों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई प×ात अदालत ने याचिका को स्वीकार किया। सीबीआई ने पिछले महीने जांच पूरी करते हुए इंडियन बैंक के दो प्रबंधक समेत सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। जिस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। 2016 के फजीर्वाड़े को लेकर सीबीआई ने साल 2023 में प्राथमिकी दर्ज की थी।

### संविधान को लेकर आरएसएस प्रस्ताव दीर्घकालिक योजना प्रमाण : सीपीआई (एम)

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने के प्रस्ताव की कड़ी भर्त्सना करती है। यह प्रस्ताव आरएसएस की उस दीर्घकालिक योजना का एक और प्रमाण है, जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान की आत्मा को नष्ट कर अपने सांप्रदायिक एजेंडे के अनुरूप देश को एक हिंदू राष्ट्र में परिवर्तित करना है। सीपीआई ने कहा है कि भारतीय संविधान हमारे औपनिवेशिक दमन के विरुद्ध चले ऐतिहासिक स्वतंत्रता संग्राम की विविध धाराओं और उसमें शामिल असंख्य बलिदानी स्वतंत्रता सेनानियों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। इसकी प्रस्तावना में 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' जैसे शब्दों को शामिल करना कोई संयोग नहीं, बल्कि यह उन आदर्शों की संवैधानिक पुष्टि है, जिनके लिए शहीद-ए-आजम भगत सिंह और उनके साथियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। सीपीआई ने कहा है कि आरएसएस, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में कोई भूमिका नहीं निभाई, आज उन्हीं मूलभूत मूल्यों को समाप्त करने की हिमायत कर रहा है, यह पाखंड की पराकाष्ठा है।

### आरएसएस और बीजेपी के निशाने पर धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद : राजद

रांची। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने आरएसएस और बीजेपी की संविधान विरोधी विचारधारा की कड़ी निंदा की है। राजद के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि आरएसएस के कार्यवाहक सर संचालक दत्तात्रेय होसबोले और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की संविधान की मूल प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द हटाने की बात बेहद खतरनाक है। कैलाश यादव ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्द देश की बहुजन आबादी की रक्षा और सामाजिक उत्थान एवं एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और बीजेपी की इस मंशा को किसी भी हालत में सफल नहीं होने दिया जाएगा। राजद पूरे दमखम से इसका विरोध करेगा। कैलाश यादव ने कहा है कि देश की आजादी से पूर्व और वर्तमान समय तक भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हिन्दू महासभा के नाम से बाबा साहब अम्बेडकर का प्रतिकार करते रहा है। आजादी के बाद संविधान निमार्ता बाबा साहब अम्बेडकर ने भारत का समग्र समाज और सामाजिक न्याय और न्यायिक संप्रभुता के रक्षा के लिए चप्तान की तरह मजबूत संविधान बनाया है, जिसके तहत न्यायपालिका विधायिका और कार्यपालिका को संपूर्ण अधिकार देने के साथ बहुमत का दुरुपयोग रोकने एवं जनविरोधी बिल लाने व असंवैधानिक निर्णय लेने पर बैरियर भी लगाया है।

### अनुसंधान परिषद की स्थापना संबंधी भारत सरकार की पहल का स्वागत

रांची। भारतीय पशु चिकित्सा संघ ने भारतीय मात्स्यिकी एवं पशुचिकित्सा अनुसंधान परिषद की स्थापना संबंधी भारत सरकार की पहल का स्वागत किया है। इंडियन वेटरिनरी एसोसिएशन की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नंदनी कुमारी ने कहा कि भारतीय पशु चिकित्सा संघ, जो देश के 62,000 से अधिक पशु चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करता है, लंबे समय से पशु चिकित्सा और मात्स्यिकी अनुसंधान के लिए एक अलग शीर्ष निकाय की स्थापना की मांग कर रहा था। इसका मुख्य उद्देश्य केंद्रित अनुसंधान और विकास, समय पर क्षेत्र-विशिष्ट वैज्ञानिक इनपुट देना और नीति कार्यान्वयन के साथ-साथ इन क्षेत्रों को अधिक स्वायत्तता सुनि×ित करना है। अनुसंधान संस्थानों को लक्षित पाठ्यक्रम और दोनों क्षेत्रों के लिए बढ़े हुए वित्तपोषण में सहायता करेगा।

## राज्य के एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों का चार जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। स्थायी समायोजन की मांग को लेकर झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ 4 जुलाई से पुनः चरणबद्ध आंदोलन करेगा। कर्मी श्रावणी मेला-2025 में प्रतिनियुक्ति का भी बहिष्कार करेंगे। स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार की वादाखिलाफी के कारण राज्य के सभी एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों में रोष व्याप्त है। यह जानकारी राज्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार और प्रदेश महासचिव मंगल हेंब्रम ने दी।

**क्या कर्मचारी संघ की मांगें :** एमपीडब्ल्यू (एम) स्वास्थ्य कर्मियों को स्थाई करने के लिए बनी संचिका पर वित विभाग द्वारा की गई आपत्ति/क्वेरी का निष्पादन करते हुए प्रशासी पदवर्ग समिति से सहमति प्राप्त करते हुए हुए मंत्रिपरिषद से अविलंब पारित कराया जाये। एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों के स्थाई समायोजन की संचिका दबाकर रखने वाले, उनका शोषण करने वाले संबंधित डीलिंग क्लर्क का अविलंब स्वास्थ्य निदेशालय से प्रतिनियुक्ति समाप्त की जाये।

झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के सदस्य 4 से 6 जुलाई तक राज्य भर में काला बिल्ला लगाकर काम करते हुए अपना विरोध दर्ज करेंगे। राज्य भर के सभी कर्मी 7 और 8 जुलाई को अपने-अपने शरीर पर मांगों के समर्थन में कार्य करते हुए मांगपत्र की तख्ती लगाकर विरोध दर्ज करेंगे। सभी कर्मी 9 और 10 जुलाई को सामूहिक अवकाश पर रहते हुए भूख हड़ताल करेंगे।

संघ के पदधारियों के मुताबिक मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर मजबूरन 11 जुलाई को अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव के कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्ष शब्द भारत की आत्मा को करतर है प्रतिबिंबित : सोनाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' संविधान की प्रस्तावना के सिर्फ दो शब्द नहीं बल्कि भारत की आत्मा को विश्व जगत में दशकों से प्रतिबिंबित करने का मूल है, जिस पर देश की जनता को अभिमान है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा इन शब्दों को प्रस्तावना से हटाने और इसका समर्थन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं दिलीप सिंह द्वारा किया जाना भाजपा के मूल उद्देश्य संविधान को बदलने की मंशा को सच साबित करता है।

सोनाल शांति ने कहा है कि धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द में पूरे भारत की 140 करोड़ जनता समाहित होती है, धर्मनिरपेक्ष शब्द जहां देश की धार्मिक एकता एवं अखंडता प्रदर्शित करता है। वहीं समाजवादी शब्द सभी जातियों के सम्मान और अधिकार को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को संविधान से चिढ़ हैं, क्योंकि यह समानता,अधिकार,न्याय और देश की अखंडता की बात करता है। भाजपा की स्पष्ट मंशा है कि- वह हजारों वर्ष पहले की वर्ण व्यवस्था को देश में लागू करे, लेकिन भारतीय संविधान उन्हे ऐसा करने से रोकता है, इसलिए भाजपा इसमें बदलाव चाहती है।

उन्होंने कहा है कि भाजपा के दोहरे चरित्र का इसी से पता चलता है कि भाजपा के अपने संविधान में समाजवाद और सेकुलरिज्म शब्द हैं और भाजपा के नेता संविधान की प्रस्तावना से इसे हटाना चाहते हैं। अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 सिटें भाजपा को मिलती तो अभी तक नि×ित रूप से संविधान बदल चुका होता। उन्होंने कहा है कि इन दो शब्दों से सरकार, जनता, कार्यपालिका, न्यायपालिका सहित पूरा देश बंधा है। समाजवाद शब्द की मंशा है कि सभी नागरिकों को समान अवसर और अधिकार मिले जबकि धर्मनिरपेक्ष शब्द दशार्ता है कि राज्य का कोई धर्म नहीं होगा यानी सरकार की कोई नीति या निर्णय धर्म के आधार पर नहीं होगा,इसी परिकल्पना को भाजपा बदलना चाहती है।

## एंटानानारिवो की तीन आधिकारिक यात्रा पर रहे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मेडागास्कर के सशस्त्र बल मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिबेलो लाला मोनजा डेल्फिन के निमंत्रण पर 25 से 27 जून तक एंटानानारिवो की आधिकारिक यात्रा पर एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। 25 जून को उन्होंने एंटानानारिवो में दूतावास द्वारा आयोजित भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया। उन्होंने मेडागास्कर में भारतीय प्रवासियों के सदस्यों और भारत के मित्रों को भारत में हाल के घटनाक्रमों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत में चल रहे आर्थिक परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने 25 जून की शाम को एंटानानारिवो में आयोजित आतिशबाजी का प्रदर्शन भी देखा।

वहीं, 26 जून को रक्षा राज्य मंत्री ने मेडागास्कर के स्वतंत्रता दिवस की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के गठन के समारोहों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 26 जून 2025 की शाम को सशस्त्र बल मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिबेलो लाला मोनजा डेल्फिन द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भी भाग लिया। 27 जून को सशस्त्र बल मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिबेलो लाला मोनजा डेल्फिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की और भारत और मेडागास्कर के बीच रक्षा सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में। उन्होंने 27 जून 2025 को मेडागास्कर के प्रधानमंत्री महामहिम क्रि×ियन नत्साय से भी शिष्टाचार भेंट की और मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

हिंद महासागर क्षेत्र में निकटतम पड़ोसी और साथी विकासशील देशों के रूप में, भारत और मेडागास्कर के बीच दोस्ती और लोगों से लोगों के लंबे समय से संबंध हैं। भारत मेडागास्कर की विकास यात्रा में एक विश्वसनीय और प्रतिबद्ध भागीदार बना रहेगा। रक्षा राज्य मंत्री की यात्रा ने विजन महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र उन्नति) के अनुरूप मेडागास्कर के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने की भारत की इच्छा की पुष्टि की है।

## बिहार की नहीं झारखंड की चिंता करे झामुमो : प्रदीप

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने शनिवार को झामुमो प्रवक्ता के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि झामुमो बिहार की नहीं झारखंड की चिंता करे। बिहार में तो वे बिना बुलाए मेहमान की तरह टहल रहे। कहा कि इंडी गठबंधन के सभी घटक दलों को चाहे कांग्रेस हो या झामुमो या राजद सभी को देश की संवैधानिक संस्थाओं से परेशानी है। इन्हें न संसद पर भरोसा है न संविधान पर और न ही संवैधानिक संस्थाओं पर।

उन्होंने कहा कि जिस चुनाव आयोग पर ये बार बार हमला बोलते हैं उसी चुनाव आयोग के परिणाम से सत्ता में बैठे हैं।लेकिन जब इन्हें हार का भय सताता है तो फिर इन्हें सब गलत लगने लगता है। चुनाव से पहले मतदाता पुनरीक्षण का कार्य कोई पहली बार नहीं हो रहा है बल्कि हर चुनाव में होता है। चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का ।


डॉ वर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग के पास कई स्तर से सुझाव एवं शिकायतें आती हैं। उसके आलोक में चुनाव आयोग निर्णय लेने केलिए स्वतंत्र होता है। यदि मतदाता पुनरीक्षण होता है तो यह सभी दलों केलिए होता है। कोई दल विशेष केलिए तो होता नहीं। जो मतदाता सूची बनती है उसके आधार पर सभी दलों केलिए मतदान होते हैं फिर इतना हाय तौबा मचाने के पीछे झामुमो को कौन सा भय सता रहा है। झारखंड विधानसभा चुनाव की तिथियों को लेकर भी झामुमो ने अनेक प्रकार की शंकाएं खड़ा करते हुए जनता को दिग्भ्रमित करने की कोशिश की थी।

## झामुमो ने निर्वाचन आयोग और आरएसएस की मंशा पर उठाये सवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किये गये गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का विरोध किया है। पार्टी का आरोप है कि यह कदम बिहार में अफरा-तफरी का माहौल पैदा करने की कोशिश है, जिससे राष्ट्रपति शासन का रास्ता तैयार हो सके।

झामुमो ने आरएसएस के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के बयान का भी विरोध किया है, जिसमें उन्होंने संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने की मांग की है।



झामुमो महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि यह मांग संविधान विरोधी है और इसका उद्देश्य देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक शक्ति को मुळी भर लोगों में सिमटाना है।

**मतदाता पुनरीक्षण पर सवाल**

भप्ताचार्य ने कहा कि बिहार में शुरू किये गये गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में आधार कार्ड और इपिक नंबर को भी दस्तावेज के रूप में स्थान नहीं दिया गया है। इससे गरीबों, दलितों और कमाने के लिए बिहार से बाहर गये मतदाताओं के नाम कटेंगे, जिसका सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा।

### बिहार चुनाव में झामुमो मजबूती से निभायेगा अपनी भूमिका

बिहार में इंडिया गठबंधन द्वारा सीटों के बंटवारे के सवाल पर भप्ताचार्य ने कहा कि झामुमो बिहार में महागठबंधन और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है, लेकिन झामुमो अपनी भूमिका को मजबूती से निभायेगा।

### वक्फ संशोधन बिल मामले में बीजेपी झूठ परोस रही : सिन्हा

रांची। भाजपा के राष्टीय प्रवक्ता जफर इस्लाम के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि वक्फ संशोधन बिल मामले में भाजपा देश के सामने सिर्फ झूठ परोस रही है। देश का हर मुस्लिम, समाज का हर तबका जानता है कि भाजपा मुसलमान की हितैषी नहीं है। भाजपा ने इस बिल के माध्यम से बताने का प्रयास किया है कि यह देश संविधान और कानून से नहीं, बल्कि भाजपा के कानून से चलेगा। राकेश सिन्हा ने कहा कि जो भाजपा अपने दल में मुस्लिम को टिकट नहीं देती, वह भाजपा उनकी संपत्ति को संरक्षित करने की बात कह रही है ।जफर इस्लाम पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है वहां के दलित,आदिवासी, अल्पसंख्यक डर के साये में जीने को विवश हैं।

# गुरुजी को दवा के साथ दुआ की जरूरत : पांडेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 19 जून से भर्ती झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हेमंत सरकार में कॉर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। गुरुजी की चिंताजनक स्वास्थ्य को लेकर पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता और केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने पार्टी कार्यकताओं और राज्य की जनता के नाम पत्र जारी कर शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए पूजा अर्चना करने का आ॰ान किया है।



झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने बताया कि दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में भर्ती दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की टीम आईसीयू में भर्ती शिबू सोरेन का इलाज में लगी है, लेकिन अब गुरुजी को डॉक्टरों की दवा के साथ-साथ राज्य वासियों की दुआओं की भी जरूरत है। ऐसे में राज्यवासी अपनी-अपनी आस्था के अनुसार बाबा के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए पूजा-अर्चना करें।

**जगन्नाथ मंदिर में पूजा और रिसालदार बाबा की मजार पर हुई चादरपोशी :** पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए रांची के जगन्नाथ मंदिर में गुरुजी की तस्वीर लेकर उनके समर्थकों ने पूजा अर्चना की। वहीं डोरंडा के रिसालदार बाबा के मजार पर चादरपोशी कर उनकी कुशलता के लिए दुआ मांगी गई। झामुमो नेता ने उम्मीद जताई कि राज्यवासियों की दुआ से 'बाबा' शीघ्र स्वस्थ होकर झारखंड लौटेंगे।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ को मांगी गयी झारखंड की मस्जिदों में विशेष दुआ

रांची। झारखंड आंदोलन के प्रणेता, आदिवासी समाज की बुलंद आवाज और राज्य की आत्मा कहे जाने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शनिवार को झारखंड की सभी मस्जिदों में विशेष दुआ का आयोजन किया गया। यह पहल वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के अपील पर की गयी। इसे पूरे राज्य में अभूतपूर्व समर्थन मिला। हजारों की संख्या में लोगों ने मस्जिदों में शिरकत कर गुरुजी की सलामती और जल्द स्वस्थ होने की अल्लाह से दुआ मांगी। इस प्रार्थना सभा में धार्मिक नेताओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों की भावनात्मक भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर फुरकान अंसारी जी ने कहा की शिबू सोरेन जी सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं। उन्होंने ज़िंदगी भर गरीबों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों की आवाज को मजबूती दी है। आज जब वे अस्वस्थ हैं, तो यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम उनके लिए दुआ करें।

# अब धर्मांतरण पर लगेगा पूर्ण विराम : विश्व हिंदू परिषद

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत मे कहा कि हिंदुत्व की बढ़ती लहर के कारण आज सम्पूर्ण देश नवोत्थान की ओर अग्रसर है। अब हम समाज को अवैध धर्मांतरण के कलंक से मुक्ति तथा हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से बाहर करके रहेंगे।



**धर्मांतरण पर पूर्ण विराम लगे :** उन्होंने कहा कि ईसाई मिशनरियों और इस्लामिक जिहादी तत्वों को भी अब समझना होगा कि उनके कुत्सित षडयंत्र अब सफल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के दर्जनभर राज्यों में धर्मांतरण के विरुद्ध कठोर कानून व उसके कड़ाई से पालन करने वाली सरकारों के बावजूद चर्च और जिहादी तत्व, छल या बल पूर्वक धर्मांतरित करने से बाज नहीं आ रहे। साथ ही, मस्जिदों व मदरसों में बढ़ती बच्चों के साथ व्यभिचार और अलगाववाद की घटनाएं भी किसी कलंक से कम नहीं। अब लव जिहाद समेत इस प्रकार की सभी घटनाओं पर उन्हें पूर्ण विराम लगाना ही होगा अन्यथा सरकार ही नहीं समाज भी इनसे निपटना अच्छी तरह जानता है।

साथ ही उन्होंने कहा कि मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण हिंदू समाज के साथ एक धोखा है। मंदिरों की संपत्ति व प्रबंधन पर कुठाराघात हों या आंध्र प्रदेश में तिरुपति मंदिर के प्रसाद की बात हो और या फिर अभी हाल ही में बंगाल सरकार द्वारा दीघा के जगन्नाथ धाम के प्रसाद की ठेकेदारी हलाल व्यापारियों को देने की बात हो, ऐसी अनेक घटनाओं से स्वतः सिद्ध होता है।

उत्तराखण्ड शासन

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद
## अब दुनिया की पहली पसंद






प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास । आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

## विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड



# हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमाल्याज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमाल्याज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमाल्याज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमाल्याज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर** सिंह **धामी के नेतृत्व में** उत्तराखण्ड **सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है।** साथ ही, **उनके** विपणन **के लिए कई पहल भी** शुरू की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरूआत इस दिशा **में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत** उत्तराखण्ड **के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार** किया गया है। ये उत्तराखण्ड **के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमाल्याज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



### हाउस ऑफ हिमालयाज
**बेहतर गुणवत्ता**

हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

# देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

## ज़ियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रुपांकन बनाते हैं।

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रुपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

ODTP ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरुम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

# पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5%
### स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in| DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## स्पीड न्यूज

### अपराधियों की गिरफ्तारी पर जताया आभार



**नीलांबर-पीतांबरपुर पलामू।** बाजार में सोना महल व बर्तन दुकानदार के बाइक की डिक्की से सोना चोरी मामले में पुलिस कार्रवाई पर व्यवसायियों व स्वर्णकार समाज ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया है। चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी ने कहा कि पूर्व की लूट की घटनाओं में अपराधी नहीं पकड़े गये थे, लेकिन इस बार थाना प्रभारी उत्तम कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। व्यवसायियों ने थाना प्रभारी को विशेष धन्यवाद देते हुए उम्मीद जतायी कि भविष्य में भी पुलिस इसी तरह उनकी सुरक्षा के प्रति सजग रहेगी। व्यवसायी भी पुलिस को सहयोग करेंगे।

### विधायक प्रतिनिधि बने हेसामुद्दीन-मुन्ना



**प्रतिनिधि संवाददाता (पलामू)।** विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने राजद नेता हेसामुद्दीन अंसारी व कृष्ण कांत यादव उर्फ मुन्ना को विश्रामपुर नप क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इसका मनोनयन पत्र विधायक ने सभी संबंधित विभाग को प्रेषित भी कर दिया है। मालूम हो कि हेसामुद्दीन विश्रामपुर नप के वार्ड 19 के कोसियार के रहने वाले हैं। वहीं कृष्णकांत वार्ड 10 के पांडेपुर निवासी हैं। दोनों लंबे अरसे से राजद से जुड़े रहे हैं। दोनों नवचयनित विधायक प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि जिस भरोसे के साथ यह जिम्मेवारी दी गयी है, उसका पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। उन्हें रमेश चौबे, सतेंद्र यादव, सिराजुद्दीन अंसारी, मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, संजय उपाध्याय, इम्तियाज अंसारी, नरेश यादव सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

### असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटेगी हैदरनगर पुलिसः एसडीपीओ



**हैदरनगर।** मुहर्रम को लेकर शनिवार की शाम हैदरनगर थाना परिसर में एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें सीओ संतोष कुमार के साथ प्रखंड के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से मुहर्रम सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पर्व में खलल डालने वाले असमाजिक तत्वों पर 107 के तहत कार्रवाई होगी। संचालन कर रहे थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने लोगों से शांति की अपील की। सीओ ने कहा कि किसी भी पर्व त्योहारों में सरकार के गाइडलाइन का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में उप प्रमुख पप्पू पासवान, मतीन खान, नरेंद्र सिंह, सज्जू खान, अशरफ हसन, पंसस राजीव शर्मा, मुखिया जितेंद्र सिंह, शमीम राईन, शमीम हैदर, सैयद शहनवाज आदि थे।

### नेउरा मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जनरल खलीफा बने मो खुश




**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के नेउरा में मोहर्रम पर्व सादगी एवं सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर मुस्लिम धर्मालंबियों की बैठक नेउरा मदरसा में हुई, जिसकी अध्यक्षता सदर अब्दुल रहमान के नेतृत्व में की गयी। बैठक में मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने मोहर्रम के लिए सर्वसम्मति से जनाब मो खुश को जनरल चुना गया। वहीं बैठक के दौरान जुलूस शांति सौहार्द वातावरण में निकले एवं डीजे साउंड एवं जुलूस के दौरान निर्धारित रास्ते पर जुलूस निकालने व कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नायाब जनरल मोख्तार अंसारी, मो क्यूम नायाब सचिव गुलाम हैदर खजांची तय्यैब अंसारी को बनाया गया। मौके पर नेउरा अस्लाहुल मुस्लिम के सदर अब्दुल रहमान अंजुम के सचिव गुलाम हैदर नायाब सदर मोख्तार अंसारी, नायब सचिव मो क्यूम भी थे।

### सीताडीह कुशवाहा टोला में वर्षा जल को लेकर विवाद, महिला गंभीर



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड के सीताडीह कुशवाहा टोला में 19 जून को वर्षा का पानी निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। बताया जा रहा है कि प्रथम पक्ष राजेश कुमार महतो, उनके पुत्र साकेत कुमार मेहता, पत्नी सुनीता देवी समेत अन्य पर द्वितीय पक्ष के रेशमी देवी, विपिन कुमार मेहता, वीरेंद्र कुमार मेहता, प्रकाश कुमार मेहता सहित कई लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में प्रथम पक्ष की सुनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका इलाज जारी है। परिजनों का आरोप है कि द्वितीय पक्ष के लोगों ने उन्हें बेरहमी से पीटा और गाली-गलौज भी की। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### सड़क की नरकीय स्थिति से परेशानी



**मोहम्मदगंज।** बारिश में महुदंड, जीतामाटी, भरुही, माहुर, गोला पत्थर, नदी पर, झारीवा रामनगर, राजनडीह के लोगों का मोहम्मदगंज बाजार से संपर्क रोड कट सा गया है। जबकि इन सभी गांव का मोहम्मदगंज बाजार, हॉस्पिटल, प्रखंड कार्यालय समेत रेलवे स्टेशन के लिए मुख्य सड़क है। सड़क की नरकीय स्थिति के कारण वाहन से तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम इसकी स्थित दयनीय हो जाती है, मगर अब तक इस दिशा पहल नहीं किया जाना समझ से परे है। ग्रामीणों ने निजी खर्च से मिटी मोरंग रोड एवं सीमेंट का पाइप देकर राजबारा नदी में छोटा सा कलभट बनया था, मगर यह भी लगातार बारिश की भेंट चढ़कर बह गया।

### रथ यात्रा में लायंस क्लब ऑफ ने श्रद्धालुओं का किया भव्य स्वागत



**मेदिनीनगर।** श्रद्धा, आस्था और सेवा की मिसाल बनी इस बार की श्री जगन्नाथ रथ यात्रा। मेदिनीनगर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वहीं दूसरी ओर, लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने इस ऐतिहासिक अवसर पर सेवा कार्यों के जरिए सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया। लायंस क्लब द्वारा स्थानीय निर्मला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सामने, क्लब अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ के नेतृत्व में एक भव्य स्वागत शिविर लगाया गया। इससे श्रद्धालुओं को कई सेवाएं दी।

# पर्व के दौरान ऐसा कोई काम न करें जिससे किसी की भावना को ठेस लगे : डॉ अमित झा

- उपद्रवियों व सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर /पंडवा।** थाना परिसर में मुहर्रम शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पड़वा सीओ डॉ अमित कुमार झा ने किया। संचालन थाना प्रभारी अंचित कुमार ने किया। सीओ डॉ अमित कुमार झा ने कहा कि चाहे किसी भी धर्म का कोई भी पर्व हो वह लोगों को आपस में मिल जुल कर रहने का संदेश देती है इसलिए हम सभी लोगों को पर्व के असली मर्म को समझते हुए आपसी एकता व भाईचारगी के वातावरण में पर्व मनाने की जरूरत है।



**क्या बोले सीओ :** सीओ डॉ अमित झा ने कहा कि कहीं भी किसी तरह की सूचना मिले तो एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते आप खबर की पूरी तहकीकात कर लें और पुलिस प्रशासन को सूचना दें ताकि उसकी सच्चाई की जांच कर कार्रवाई हो सके। पुलिस निरीक्षक अनील सिंह ने कहा कि उपद्रवियों का कोई जात धर्म नहीं होता है। उनका एक ही मकसद होता है समाज विद्वेष फैलाना। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने कहा कि जुलूस का पहले से जो भी रूट निर्धारित है उसी रूट से जुलुस लेकर जाना है। मौके पर अवर निरीक्षक चिंटु कुमार, आरके गुप्ता, महाराणा प्रताप सिंह, अनुज सिंह, श्रीराम मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय, जयपाल सिंह, सकुर मियां सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**शांति समिति की बैठक से गायब रहे कई पंचायत प्रतिनिधि :** मुहर्रम पर्व को लेकर पड़वा थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में पड़वा प्रखण्ड के मात्र तीन मुखिया पति मौजूद थे। बैठक में जिप सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, और पांच मुखिया अनुपस्थित थे। बैठक के दौरान यह चर्चा का विषय रहा कि आखिर पंचायत प्रतिनिधि पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में भाग क्यों नहीं ले रहे हैं।

# उपयोगिता प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करें सभी संबंधित सीओ : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



- आपदा से मृत लोगों के आश्रितों के आवेदनों को मिली स्वीकृति
- सहायता राशि भुगतान हेतु राशि उप आवंटित
- उपायुक्त ने आपदा प्रबंधन की समीक्षा की

**मेदिनीनगर, पलामू।** उपायुक्त समीरा एस आपदा से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को 15 दिनों के अंदर सहायता राशि भुगतान करने का निर्देश सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि सहायता राशि भुगतान कर अंचल अधिकारी उपयोगिता प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करें, ताकि शेष बचे आपदा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को सहायता राशि भुगतान हेतु राज्य से अधिचायन की जा सके। उपायुक्त आज समाहरणालय सभागार में आपदा प्रबंधन की समीक्षा कर रहीं थीं।

बैठक में सड़क दुर्घटना से हुए मानव क्षति, वज्रपात से हुए मौत, पानी में डूबने, सर्पदंश से हुए मृत आदि मामलों एवं मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मिलने वाली सहायता राशि के संबंध में समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अंचलों से प्राप्त अभिलेखों में वज्रपात से हुए 13 मृतकों के आश्रितों के बीच मुआवजा राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी।

दिनांक 10 जून 2025 तक प्राप्त कुल 9 अभिलेखों से संबंधित मृत व्यक्तियों एवं वज्रपात से मृत दो पशुओं से संबंधित स्वीकृत अभिलेख से संबंधित राशि अंचल अधिकारी को भेजी गयी, ताकि आश्रितों को सहायता राशि का भुगतान किया जा सके।

पानी में डूबने से मृत 6 व्यक्तियों एवं सर्प दंश से मृत 6 व्यक्तियों के आश्रितों को सहायता राशि भुगतान हेतु राशि उप आवंटित किया गया। साथ ही 41 सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्ति से संबंधित अभिलेख पर स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसका एक सप्ताह के अंदर राशि संबंधित अंचल अधिकारी को भेज दी जायेगी।

### उपायुक्त ने की कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा, बोलीं

# योजना के कार्यों में लायें प्रगति

- साइकिल वितरण की विस्तृत प्रतिवेदन करें जमा
- जिम्मेदारियों को समझें प्रखंड कल्याण पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में जानकारी लेतीं उपायुक्त व उपस्थित पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में संचालित योजनाओं के कार्यो में प्रगति लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने साईकिल वितरण की विस्तृत प्रतिवेदन जमा करने, सरना/हड़गड़ी/जाहेर स्थल के चारदिवारी निर्माण कार्य का निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता की जांच करने, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अधिकाधिक आवेदन प्राप्त करने तथा लंबित आवेदनों का ज्यादा-से-ज्यादा निष्पादन करने का निदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों को सक्रियता से कार्य करते हुए प्रगति लाने तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को संबंधित प्रखंडों में कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की प्रगति का अनुश्रवण करने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को समझें और अभियंता द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति का मूल्यांकन कर योजनाओं में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कल्याण विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं को लेकर जागरूकता से ही अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में साईकिल वितरण, प्री-मैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण, सरना/ हड़गड़ी/ जाहेर स्थल चारदिवारी निर्माण, अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में धार्मिक स्थल का घेराबंदी, आदिवासी संस्कृति एवं कला केंद्र/ धुमकुड़िया भवन निर्माण, आवासी विद्यालय छात्रावास/ छात्रावास का जीर्णोद्धार, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन आदि कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में वर्ग 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को साईकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# पाटन पुलिस ने विद्यार्थियों संग नशा के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

**मनीष दुबे**



जागरूकता रैली में शामिल थाना प्रभारी व अन्य लोग।

**पाटन पलामू।** पाटन पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान को लेकर अंगरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ रैली निकाली। रैली का संचालन पाटन थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय ने किया। रैली में डायन विसाही को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली में पाटन पुलिस इंस्पेक्टर अनील सिंह, थाना प्रभारी शशी शेखर पांडेय, एएसआई प्रभात किरण, प्रधानाध्यापक आनंद दुबे एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

नशा मुक्ति अभियान को लेकर थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय ने कहा कि नशा मनुष्य को नाश कर देती है। नशा से परिवार समाज का विकास अवरूद्ध हो जाता है। नशा करने वाले लोग समाज में हिन भावना से देखे जाते हैं। नशा से कई लाइलाज बीमारी हो जाती है और मनुष्य काल के गाल में समा जाते हैं। उन्होंने नशा से दूर रहने के लोगों से कहा। थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय ने कहा कि समाज में डायन विसाही को लेकर कई घटनाएं घट रही है इस पर लगाम लगाने की जरूरत है।

डायन बिसाही समाज में कोढ़ बन गया है इसको जागरूकता के माध्यम से दुर किया जा सकता है। पुलिस इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह ने कहा कि अच्छा समाज का निर्माण तभी होगा जब आप नशा पान से दूर रहेंगे। उन्होंने लोगों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा पान से मुक्ति के लिए शपथ लेने को कहा। रैली में डायन विसाही को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया तथा इन सभी पर विश्वास नहीं करने के लोगों को प्रेरित किया गया।

### पत्रकार गौरी शंकर सिंह की बाइक चोरी

**छतरपुर।** वरिष्ठ पत्रकार गौरी शंकर सिंह उर्फ बुद्धि जी की बाइक (जेएच 03 पी 5075) उनके हाई स्कूल रोड स्थित घर के बाहर खड़ी थी, जिसे चोरों ने चोरी कर ली। किन्हीं व्यक्ति को उक्त बाइक दिखी हो, तो उन्होंने मोबाइल नंबर 9431554240 पर सूचना देने की मांग की है।

### हूल दिवस भाजपा करेगी कार्यक्रम का आयोजन

**पड़वा।** भाजपा हूल दिवस के अवसर पर सोमवार को पड़वा में मंडल के एसटी मोर्चा के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि सभी शक्तिकेंद्र में 30 जून को ही चौपाल लगाई जाएगी। हर पंचायत चौपाल के लिए पंचायत प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। जिस शक्तिकेंद्र में जिसको प्रभारी बनाया जाएगा उन्हें कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करना है।

### प्रथम अखबार विक्रेता की पत्नी के निधन पर शोक

**हैदरनगर।** बाजार क्षेत्र के बैंक रोड निवासी प्रथम पुस्तक और अखबार विक्रेता स्व रामवृक्ष गुप्ता की धर्मपत्नी फूला कुंवर (98) का निधन शनिवार को सुबह करीब आठ बजे हो गया। निधन की सूचना से प्रबुद्धजन सहित व्यवसायियों में शोक की लहर है। सैकड़ों लोगों ने उनके घर पहुंच शव का अंतिम दर्शन कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, समाजसेवी डॉ अजय जयसवाल, संतन चौधरी, अर्जुन प्रजापति, मंटू मेहता, सुदर्शन लाल, कौशल किशोर, मथुरा प्रसाद, सोनू गुप्ता, मोनू कुमार, राकेश कुमार, राजू सोनी, सूचित कुमार, नंदलाल प्रसाद, अनिल लाल, प्रतीक कुमार, हर्ष कुमार, सुनील लाल आदि शवयात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उनका अंतिम संस्कार जपला सोन नदी के तट पर शनिवार की शाम किया गया।

### निजी खर्च पर चापाकल मरम्मत करवा रहे हैं निर्मल मेहता, ग्रामीणों को मिल रही है राहत



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम कोट खास में समाजसेवी निर्मल कुमार मेहता ने जनहित में सराहनीय पहल करते हुए मुखलाल भुइयां के घर के पास बहुत दिनों से खराब पड़े चापाकल को अपने निजी खर्च से मरम्मत करवा कर चालू करवाया है। उन्होंने बताया कि पंचायत क्षेत्र में जहां-जहां चापाकल खराब हैं, उन्हें बारी-बारी से मरम्मत करायी जा रही है, ताकि ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या से निजात मिल सके। पानी की समस्या को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। निर्मल मेहता के इस प्रयास से ग्रामीणों में खुशी है और लोगों ने उनके इस जनसेवी कार्य की सराहना की है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जरूरतमंदों को राहत मिलती है।

# मेरी छवि धूमिल करनेवालों को शीघ्र गिरफ्तार करे पुलिसः संजीव तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



- सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर चलानेवालों पर झामुमो नेता के तेवर हुए तल्ख

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी ने कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल में प्रेस वार्ता कर कहा कि असामाजिक तत्व संतोष शर्मा के द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार मेरे बारे में भ्रामक खबर फैलाया जा रहा है। जिस कारण मेरी छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि इस बावत साईबर थाना, पुलिस अधीक्षक को कानूनी कार्रवाई करने हेतू आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि 15 फरवरी 2025 को संतोष शर्मा व एक अन्य व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल से स्कूल में पहुंच कर मेरे स्टाफ को कहा कि संजीव तिवारी पांच लाख बतौर रंगदारी अभी तक नहीं पहुंचायेंहैं उन्हें कह देना कि अविलंब पहुंचा दें वरना अंजाम बुरा होगा। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत कुछ असमाजिक तत्व मेरे पीछे पड़े हुए हैं जिस कारण जानमाल का खतरा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन व मुख्यमंत्री से मांग किया है कि इस पूरे मामले की जांच कराकर त्वरित कार्रवाई की जाये।

# इस्लामियां नौजवान हवारी कमेटी के सदर बनाये गये जिशान अली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- धोबी मुहल्ला में आकर्षित ताजिया बनाया जायेगा : शाहजाद



**मेदिनीनगर।** मुहर्रम पर्व को मनाने एवं ताजिया अखाड़ा निकाले जाने को लेकर धोबी मुहल्ला में अनु उस्ताद के घर पर इस्लामिया नौजवान हवारी कमिटी की बैठक की गयी। जिसमें विगत वर्ष का लेखा जोखा पूर्व के सदर व खलीफा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिशान अली को सदर, शाहजाद हवारी को खलीफा, जफर अली को खजांची, मो मोनू को नाईफ सदर तथा जलाल हवारी को सरपरस्त चुना गया। इसके बाद नव गठित कमिटी के लोगों को पगड़ीपोशी व माला पहनाकर स्वागत किया गया। सदर जिशान ने कहा कि धोबी मुहल्ला के पुरानी परंपराओं को बरकरार रखते हुए मुहर्रम शांति व सौहार्द के साथ संपन्न कराने का प्रयास करूंगा। साथ ही नई पुरानी कमिटी के लोगों को लेकर आपसी भाईचारा के साथ इस पर्व को मनाया जायेगा।

### नशा के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू (पलामू)।** जिले के मनातू नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण नसा मुक्ति अभियान आयोजित किया गया, जिसे जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी) की पलाश पहल के तहत संचालित किया गया। यह अभियान न केवल नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास था, बल्कि समुदाय, विशेष रूप से युवाओं को इस सामाजिक बुराई से लड़ने के लिए प्रेरित करने का एक मंच भी साबित की। मनातू हाई स्कूल में आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों, शिक्षकों और स्थानीय अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का स्वरूप और गतिविधियां अभियान की शुरूआत एक जोशपूर्ण रैली से हुई, जिसमें स्कूल के बच्चे नशे के खिलाफ नारे लगाते हुए सड़कों पर निकले।

### पुलिस ने जब्त किया बालू लदा ट्रैक्टर

**पाटन पलामू।** पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। पाटन थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय ने बताया कि सधपुर बसदह जीजोई नदी से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पड़वा की ओर जा रहा था। उसी क्रम में बैदा कला में ट्रेक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। साथ ही आगे का कारवाई किया जा रहा है। थाना प्रभारी शशी शेखर पांडेय ने कहा कि अवैध बालू ढुलाई करने वाले पर पुलिस छापामारी कर कारवाई कर रही है। किसी कीमत पर अवैध बालू ढुलाई को बख्शा नहीं जायेगा।

### बिश्रामपुर थाना में शांति समिति की बैठक मुहर्रम शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे व संचालन शमशेर आलम ने किया। बैठक में मुहर्रम शांतिपूर्ण मनाने का निर्णय लिया गया। जुलूस तय समय पर निकालने पर सहमति बनी। एसडीपीओ आलोक टूटी ने कहा कि इस दौरान किसी भी तरह का अफवाह न फैलायें। समाज में अराजकता फैलाने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कहा कि भाईचारे के साथ मुहर्रम का जुलूस निकाल कर मिशाल कायम रखें।

### रोटरी स्कूल चैनपुर में बाल संसद गठन सह पौधरोपण कार्यक्रम, 11वीं के विद्यार्थियों का स्वागत

# आपके जीवन को ऊंचाइयों तक ले जायेगा ये दो वर्षों का समय : अनुग्रहनारायण शर्मा

- संस्कारयुक्त शिक्षा और सकारात्मक सोच से विद्यार्थी नाम रौशन करें : प्राचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर (पलामू)।** रोटरी स्कूल चैनपुर में बाल संसद का गठन किया गया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 150 से अधिक औषधीय और फलदार पौधे लगाए गए। इससे पूर्व, कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 11वीं में नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने स्वागत गान, कविता वाचन और सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही कक्षा 11वीं के सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने अपने संदेश में कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह दो वर्षों का समय आपके जीवन को ऊँचाइयों तक ले जाने वाला है। इसका अधिकतम सदुपयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि बाल संसद का गठन विद्यार्थियों को नेतृत्व का अवसर प्रदान करता है, जो विद्यालय और समाज के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करता है। वृक्षारोपण के बारे में उन्होंने बताया कि आज के समय में इससे बड़ा कोई पुनीत कार्य नही है अतः हमारे सभी कमार्चारी एवं विद्यार्थी साथ ही अविभावक प्रत्यक वर्ष अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण के संतुलन में सहयोग दे। विद्यालय के कार्यपालक निदेशक अवधेश तिवारी ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं।

# कोशियारा स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आ गयी महिला होमगार्ड जवान, दोनों पैर कटे

- जिला समादेष्टा पदाधिकारी ने सहयोग के रूप में 50 हजार नकद प्रदान किया

**अजीत कुमार दूबे**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला होमगार्ड में कार्यरत सैन्य संख्या 12645 अनुराधा कुमारी कोशियारा स्टेशन पर पैर फिसल जाने के कारण गिर गई। जिस कारण पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने के कारण उसका दोनों पैर पूरी तरह से कट गया। स्टेशन पर मौजूद लोगों ने उसे पटरी से उठाकर तत्काल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। ज्ञात हो कि अनुराधा हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दुरा अलीनगर के विरेंद्र कुमार की पुत्री है। वह अपने घर से श्रावणी मेला एवं मुहर्रम पर्व में डियूटी करने के लिए जिला कार्यालय आ रही थी। जो कोशियारा स्टेशन पर सवारी गाड़ी की इंतजार कर रही थी। ट्रेन आने के साथ ही वह अचानक प्लेटफार्म से फिसल गयी। इस घटना की सूचना जैसे ही जिला होमगार्ड के पदाधिकारी व जवानों को मिली, वैसे ही सभी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर जख्मी महिला जवान के इलाज के लिए चिकित्सकों से संपर्क कर मांग की। प्रभारी जिला समादेष्टा दीपक कुमार ने इलाज के लिए तत्काल 50 हजार दिया। कहा कि जख्मी महिला जवान को इलाज कराने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। इनके परिवार के साथ पूरा विभाग मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद किया जायेगा। उन्होंने होमगार्ड के रांची डीएसपी सह पलामू प्रभारी कौशिक से मामले की जानकारी दी। पीड़ित महिला जवान को इलाज व मदद करने की मांग की गयी। होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव राजू तिवारी ने बताया कि पीड़ित परिवार के लिए समर्पण भावना से खड़ा है।

# लोक अदालत किसी परिचय का मोहताज नहीं, बढ़ रही लोकप्रियता : प्रधान जिला जज

## 33 वादों का निष्पादन: 55 लाख सात हजार पचासी रूपये की वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के कुशल मार्ग दर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है, यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढती जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है। लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। वहीं लोक अदालत में नौ बेंचो के माध्यम से कुल 33 वादों का निष्पादन किया गया। मौके पर गौतम कुमार, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी, रणजीत कुमार सिंह, मूंगा लाल दास, राजेंद्र कुमार, मनोज मिश्रा, रंजीत कुमार, राजीव रंजन, कुमार संजय, महेश्वर कुमार, राजीव कुमार, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, संतोष कुमार, आशीष सिन्हा, अनिल कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**पत्थलगड़ा/चतरा।** पत्थलगड्डा प्रखंड कार्यालय सभागार में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन।कार्यशाला का अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी उदल राम ने किया। कार्यशाला के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी जलसहिया को संबोधित करते हुए निर्देश दिया कि पर्यवेक्षक प्राप्त करने के पश्चात सभी लोग इसे प्रचार-प्रसार करते हुए फीडबैक दिलाने का कार्य करेंगे। ताकि सरकार तक ग्राम के स्पष्ट वस्तु स्थिति पहुंचा जा सके। कार्यशाला में सभी पंचायत के मुखिया, सभी जलसहिया के अलावे कई कर्मियों उपस्थित थे।

# सड़क काटे जाने से ग्रामीणों में बढ़ी परेशानी

## स्कूली बच्चों को समय पर पहुंचना हुआ दुर्लभ, स्कूल जाने में होती है देर

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया/चतरा।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के सिमरिया से बगरा मुख्य मार्ग स्थित गोआ कला से बारा जाने वाली मुख्य सड़क पर पुलिया निर्माण को लेकर काटे गए मुख्य सड़क इन दिनों अवरुद्ध हो गया है। जिसे लेकर बारा गांव के स्कूली बच्चे को पठन पाठन में काफी परेशानी हो रही है। बारा गांव के अर्जुन साहू ने बताया कि पुलिया निर्माण को लेकर एक सप्ताह पूर्व सड़क काटे जाने के कारण अब उक्त सड़क होकर सिमरिया जाना बिल्कुल बंद हो गया है। जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास कर स्कूली बच्चे समय पर स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। चुकी बारा गोआ से सिमरिया की दूरी लगभग दो से तीन किलोमीटर है। किंतु सड़क काटे जाने तथा उक्त गड्ढे में अत्यधिक पानी बहाव के कारण अब सबानो होते हुए सिमरिया पहुंचना पड़ता है। जो लगभग 5 से 6 किलोमीटर दूरी तय करना होता है। हालत यह है कि स्कूली वाहन पहले गोआ से बच्चे लेकर पुनः घूम कर सबानो होते हुए पुनः वापस सबानो होते हुए सिमरिया चौक पहुंचती है। इस तरह उक्त स्कूली वाहनों का लगभग 10 से 12 किलो मीटर की दूरी तय करने के कारण समय पर स्कूल बच्चे नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे आए दिन विद्यालय से बच्चों को डांट पड़ती रहती है। वहीं ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है।

**एक नजर में**

## स्कूल खुला, न शिक्षक पहुंचे न छात्र, शिक्षा व्यवस्था बेहाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत खुट्टा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाजेडीह में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बताते चलें कि शनिवार को स्कूल खुला था, मगर चार में से तीन शिक्षक और सभी छात्र नदारद मिले। केवल सहायक शिक्षक सकलदेव प्रसाद स्कूल में मौजूद थे, वह भी बाहर कुर्सी पर बैठे आराम कर रहे थे। वहीं प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश रजक सहित अन्य दो शिक्षक गायब थे। स्कूल में नामांकित बच्चों की संख्या 156 है, मगर एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हाल रोज का है। शिक्षक मनमर्जी से स्कूल खोलते और बंद करते हैं। स्कूल केवल कागजों पर चल रहा है। बच्चों को मिड-डे मील भी नियमित नहीं दिया जाता। कभी-कभार ही भोजन बनता है। स्कूल में पढ़ाई नहीं होने से बच्चों की उपस्थिति लगातार घट रही है। इससे शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है।

## शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एंव प्रधानमन्त्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत मरकच्चो प्रखंड में 16 जून से 28 जून तक प्रखंड के विभिन्न ग्रामों में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शनिवार को मुरुकमनाय के ग्राम बरियारडीह पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार को केंद्र प्रायोजित योजनाओं का लाभ उनके गांवों में प्रदान किया जाना है। शिविर में विशेष कर बिरहोर समुदाय के लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर बीडीओ हुलास महतो, उम्रा देवी, डॉ.राकेश सिंह, निखिल महतो, राजेश कुमार, लेखराज दास, महेश मोदी आदि मौजूद थे।

### खेल मैदान की भूमि पर छात्रवास बनाने का विरोध

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज टेन प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में छात्रवास बनाया जा रहा है। खेल मैदान में छात्रवास निर्माण के विरोध में प्रखण्ड क्षेत्र के खेल प्रेमियों में जमकर आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय ग्रामीणों, नेताओ और प्रखण्ड के खेल प्रेमियों ने चतरा समाहरणालय पहुंचकर संवेदक पर मनमानी करने का आरोप लगाया और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

### मंइया समान योजना को लेकर जिला उपायुक्त को दिया आवेदन

**गिद्धौर।** प्रखंड में शनिवार को जेएसएलपीएस से जुड़े दर्जनों महिलाओं ने जिला उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है। की कुछ महिला दीदी का फॉर्म अप्लाई करने के बावजूद भी शुरू से अब तक एक बार भी मंइया सम्मान योजना की राशि नहीं प्राप्त हुई है।

### उपायुक्त का गिद्धौर प्रखंड में व्यापक दौरा, की गई जांच

**चतरा।** जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति को जांच को लेकर उपायुक्त कृति श्री द्वारा लगातार प्रखंड क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है। मूसलाधार वर्षा के बावजूद पत्थलगड्डा प्रखंड का दौरा किया गया और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को गहनता से समीक्षा की गई। जिसमें प्रखंड के कई संस्थानों एवं निर्माण स्थलों तथा विशेष जनजातीय बस्तियों का निरीक्षण किया गया।

# आंगनबाड़ी केंद्र में जड़ा ताला

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सेविका की मनमानी को लेकर किया हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के बासोडीह पंचायत अंतर्गत राउतडीह में व्याप्त अनियमितता का आरोप को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को हंगामा कर आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या-21 में ताला जड़ दिया। वहीं शुक्रवार को भी दोपहर 1 बजे ग्रामीणों ने केंद्र में ताला जड़ने का मामला प्रकाश में आया, मगर शनिवार की सुबह सेविका ने केंद्र पर जड़ा हुआ ताला को तोड़कर अंदर प्रवेश कर गयी। वहीं ताला तोड़ने के बाद ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए, जिसके बाद पुनः शनिवार को केंद्र पर तालाबंदी कर दिया है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी केंद्र कभी भी समय पर नहीं खुलता और न ही सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिलता है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सेविका सरिता देवी पोषाहार वितरण में भी मनमानी करती हैं, गरीबों के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्री फुले बाई योजना और मईयां योजना के नाम पर अवैध वसूली करने का भी ग्रामीणों ने आरोप लगाया है।

साथ ही जर्ज़र आंगनबाड़ी भवन पर ग्रामीणों का आरोप है कि कभी भी जर्ज़र भवन ध्वस्त होकर बच्चों के मौत का कारण बन सकता है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि सेविका केंद्र सरकार के नियम से नहीं, बल्कि अपनी मर्जी से केंद्र संचालित करती हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक विभाग के आकिारी केंद्र पर नहीं पहुंचेंगे, तब तक ताला बंद रहेगा।

इस मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी में सेविका पर गड़बड़ी करने का आरोप लगाकर बीडीओ को लिखित आवेदन भी सौंपा। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि राउतडीह गांव में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 21 का संचालन किया जाता है।

**बरसात में पेड़ के नीचे आसमानी बिजली का जानलेवा खतरा**

# स्कूल भवन जर्जर, पेड़ के नीचे पढ़ने को बच्चे विवश



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के टंडवा पंचायत में स्थित जमुआ गांव का उत्क्रमित मध्य विद्यालय (यूएमएस जमुआ) बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जहां जर्जर और जानलेवा भवन के कारण नौनिहाल बच्चे पेड़ों की छांव में बैठकर शिक्षा की ज्योत जलाने को संघर्ष कर रहे हैं। बरसात के इस मौसम में खुले आसमान के नीचे पढ़ाई करना उनके लिए मौत को दावत देने के बराबर हो सकता है।पेड़ों के नीचे बैठकर पढ़ना, खासकर बरसात के मौसम में, बच्चों के लिए सीधे तौर पर जानलेवा है। आकाशीय बिजली गिरने का खतरा हर पल बना रहता है, जो किसी भी क्षण एक बड़ा हादसा बनकर इन मासूमों की जान ले सकता है। स्कूल का भवन इतना पुराना और खराब हो चुका है कि इसकी छत और दीवारें कभी भी गिर सकती हैं, जिससे बच्चों को अंदर पढ़ाना असंभव है।

**रिपोर्ट सौंपी गई, अब आदेश का इंतजार :** राहत की बात यह है कि इस गंभीर मामले की जांच पड़ताल कर वरीय अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी गई है। अब उम्मीद की जा रही है कि आदेश मिलने के बाद जल्द ही नए भवन का निर्माण कार्य शुरू होगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या पर संज्ञान लेगा और जमुआ के बच्चों को एक सुरक्षित और बेहतर माहौल में शिक्षा का अधिकार मिल पाएगा, ताकि उन्हें जान का जोखिम उठाकर पढ़ाई न करनी पड़े।

इस गंभीर समस्या को लेकर शिक्षक से लेकर परिजनों तक ने कई बार अधिकारियों, नेताओं और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है, लेकिन सभी बेसुध बने हुए हैं। किसी ने भी अब तक इन बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा की ओर ध्यान नहीं दिया है। यह स्थिति सरकार के शिक्षा पर करोड़ों खर्च करने के दावों पर सवाल उठाती है और दिखाता है कि जमीनी स्तर पर क्या हकीकत है।

## श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह 1 से श्रद्धालुओं का एक जत्था शनिवार को श्रद्धा और आस्था का प्रतीक अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। यात्रा पर रवाना होने के पूर्व नावाडीह 1 के स्थानीय दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर बाबा बर्फानी का आशीर्वाद लिया। वहीं यात्रियों में प्रकाश साव पत्नी माधुरी देवी, सदानंद साव पत्नी जानकी देवी, राजकुमार साव पत्नी तिलोरानी, हीरालाल साव पत्नी मीना देवी, उमाशंकर साव पत्नी अनीता देवी व कृपा साव शामिल हैं।

### पैदल यात्रा कर कुसुम जायेगी बाबाधाम

**कोडरमा।** डोमचांच की बेटी और विश्व हिंदू परिषद जिले के गौ रक्षा विभाग के जिला महिला गौ भक्त प्रमुख कुसुम साहू अपने लड्डू-गोपाल, अपने माता सरिता देवी, पिता सुरेंद्र साव और अन्य दो-तीन भाईयों के साथ सोमवार को सुबह 9 बजे 400 किलो मीटर की पैदल यात्रा झुमरीतिलैया के झरनाकुंड से 21 लीटर जल लेकर कांवर पैदल यात्रा सुल्तानगंज होते हुए देवघर (बाबाधाम) जा रही है। भक्तो से अनुरोध किया कि हज़ारों की संख्या में झरनाकुंड पहुंचकर सहयोग करें।

### बिजली की समस्या से ग्रामीण परेशान

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बिजली विभाग के मनमानी रवैया के कारण मरकच्चो प्रखंड के ग्रामीणों को समस्या झेलनी पड़ रही है। दिन में तो बिजली रानी का आना जाना लगा रहता है, लेकिन इधर दो दिनों से रात-रात भर बिजली आपूर्ति बंद रह रही है। जिससे इस उमस भरी गर्मी में लोगों को रात काटना काफी कठिन हो रहा है। बिना बारिश व आंधी के यहां कभी भी बिजली बंद हो जाती है, इससे उपभोक्ता काफी परेशान रहते हैं। बताते चलें कि गुरुवार, शुक्रवार दोनों दिन रात में बिजली रात भर गायब रही।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्रों ने पूरे उत्साह एवं लगन के साथ भाग लेकर यह साबित किया कि हम पढ़ाई के साथ-साथ अन्य पाठ्य-सहगामी क्रियाओं में भी किसी से कम नहीं हैं।

वहीं पहली से पांचवी कक्षा के छात्रों के बीच हिंदी सुलेख प्रतियोगिता कराई गई। इसके अलावा छठी से आठवीं तक के छात्रों के बीच अंतर सदन अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता कराई गई और नवीं से 12वीं तक के छात्रों के बीच अंतर सदन वाद-विवाद प्रतियोगिता भी कराई गई।

पहली से पांचवी कक्षा के छात्र अपने सुंदर लेखन से यह बताया कि सुंदर लेखन न केवल लेखन सौंदर्य को दर्शाता है बल्कि उनके अनुशासन को भी दर्शाता है। साफ एवं स्पष्ट लेखन से उनके लेखन क्षमता का भी परिचय मिलता है।

### करंट लगने से बिजली मिस्त्री गंभीर

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के माोपुर पंचायत अंतर्गत बजनियां गांव में स्थित ट्रांसफार्मर पर काम करने के दौरान शनिवार को स्थानीय बिजली मिस्त्री 27 वर्षीय सुजीत कुमार को करंट लगने से जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार काम करने के दौरान अचानक ग्यारह हजार वोल्ट का करंट ट्रांसफार्मर में प्रवाहित होने लगा और उसका हाथ करंट की चपेट में आ गया और वह सिर के बल लटक गया।

# हाथियों का झुंड ने आम बागवानी को किया बर्बाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत डूमरडीहा में शुक्रवार की रात्रि हाथियों का झुंड जमकर उत्पात मचाया। मिली जानकारी के अनुसार हाथियों का झुंड शुक्रवार की रात्रि ग्राम डूमरडीहा से एक किलो मीटर दूर स्थित आम बागवानी को पूरी तरह नष्ट व बर्बाद कर दिया। वहीं किसान राजेश राणा व सुरेश राणा ने बताया कि मरकच्चो प्रखंड से आम बागवानी के लिए सरोज देवी पति राजेश राणा व ललिता देवी पति सुरेश राणा को आम बागवानी लगाने के लिए एक-एक एकड़ यानी कुल 2 एकड़ जमीन में आम बागवानी लगाए जाने की स्वीकृति मिली थी। आम बागवानी में कुल 224 आम के पौधे लगाए गए थे। जिसे हाथीयों ने शुक्रवार की रात्रि पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। मगर वन विभाग को आवेदन देने के बाद भी कुछ भी मुआवजा नहीं मिल पाता है।

## सैनिक स्कूल ग्रुप स्तरीय ग्रुप 'डी' हॉकी चैम्पियनशिप 2025-26 सम्पन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में पिछले पांच दिनों से चल रहे 'सैनिक स्कूल ग्रुप स्तरीय ग्रुप 'डी' हॉकी चैम्पियनशिप 2025-26' का समर शनिवार सम्पन्न हुआ। वहीं एक सप्ताह तक चली इस प्रतिस्पर्धा का समापन-समारोह के मुख्य अतिथि पवन कुमार सिंह कमांडेंट 203 कोबरा बटालियन, की अभिनव उपस्थिति में हुआ। वहीं सैन्य-छात्रों व सैन्य-छात्राओं के बीच विभिन्न आयुवर्ग में खेली गई हॉकी प्रतिस्पर्धा में सभी टीमों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया और अद्भुत टीम-भावना के दर्शन हुए। सैनिक स्कूल तिलैया ने गोपालगंज टीम को मात देकर अपना स्थान 'अखिल भारतीय सैनिक स्कूल हॉकी चैम्पियनशिप 2025-26' के लिए सुनिश्चित कर लिया है।

# विधायक ने पुस्तकालय निर्माण का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** डोमचांच नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 10 में शनिवार को सामुदायिक भवन सह पुस्तकालय निर्माण कार्य का विधायक डॉ. नीरा यादव ने शिलान्यास किया। वहीं उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पुस्तकालय समेत अन्य योजनाओं को अमली जामा पहनाया जा रहा है।

विकास की गति बढ़ रही है और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया और कहा कि पुस्तकालय बनने से छात्र-छात्राओं और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को लाभ होगा, पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे। आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में भी बच्चों को पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध हो, इसका भी प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान डोमचांच प्रमुख, भाजपा के मंडल अध्यक्ष मुकेश राम, कुलदीप राम, नीलकंठ मेहता, श्री सिंह, उमेश बर्णवाल, सुरेश विश्वकर्मा, कारु सिंह, मुन्ना सिंह, निक्कू सिंह, वीरेंद्र कराटे, महेश वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

इधर विधायक डॉ. नीरा यादव डोमचांच से सटे मधुबन भी पहुंचीं, जहां करंट लगने से दो बच्चों की मौत हो गयी थी। उन्होंने सूरज सिंह और मैनेजर सिंह के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया।

झारखण्ड सरकार
महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग
(समाज कल्याण निदेशालय)
द्वितीय तल्ला, इंजीनियर्स हॉस्टल, सेक्टर-III, धुर्वा, राँची-834 004, दूरभाष संख्या-0651-2400749

सूचना

केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन सक्षम आँगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत् राज्य के **16775** सक्षम आँगनबाड़ी केन्द्रों के लिए **Smart TV** क्रय एवं आपूर्ति GeM Portal पर निविदा प्रकाशित की गई है, जिसका Bid Ref. No. GeM/2025/B/6384249 है।

उक्त निविदा GeM Portal पर https://gem.gov.in पर उपरोक्त GeM Bid reference के माध्यम से देखा जा सकता है।

PR 356181 Women, Child Development & Social Security(25-26)#D
ह0/–
निदेशक, समाज कल्याण

कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................./ दिनांक ........................./

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.06.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर बाईपास रोड, गुमला, ग्राम–करौंदी के पास से 19 पीस साल बोटा सहित एक 407 मिनी ट्रक सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरुद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.07.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।
प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल
:–वन है,तो जीवन है–:
PR 356168 (Forest, Environment and Climate Changes)25-26*D

कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

आम सूचना

लोहरदगा जिला अन्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (टाटी, कैरो/मेढ़ो, सेन्हा एवं ओनेगड़ा, पेशरार) का संचालन प्रारम्भ किया जाना है। जिसमें तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता है, जिसके लिये स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, कला एवं क्राफ्ट शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षक (महिला/पुरुष) का चयन हेतु पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्व0 अभिप्रमाणित प्रति तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ विहित प्रपत्र में दिनांक 07.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सशर्त आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन हेतु प्रपत्र लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।
ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा
PR 356120 (Lohardaga)25-26*D

**समय संवाद**

धीरे-धीरे इतिहास के ये जलयुद्ध तो खत्म हो गए, लेकिन बेहतरीन नाव निमार्ताओं द्वारा बनायी गई स्नैक बोट बची रहीं, जिनके चलते यह आधुनिक स्नैक बोट रेस विकसित हुई। नतीजा यह हुआ कि जलयुद्धों का कौशल अब सर्प नौका दौड़ों में दिखने लगा। रेस के जरिये हार-जीत का रोमांच भी महसूस किया। आज पूरे केरल में इस सर्प नौका दौड़ का चलन है और इसे अपनी विशिष्ट पर्यटन यूएसपी के रूप में पेश किया है।

# केरल का मानसून नौका दौड़



**लक्ष्मी**



केरल में मानसून के आते ही मनोहारी सर्प नौका दौड़ शुरू हो जाती है। उसका आगाज गुजरे 22 जून से हो चुका है। इन्हें देखने के लिए यहां देश-विदेश के लाखों पर्यटक पहुंचते हैं। ह्यचुंडनवल्लमह्न या ह्यस्नेक बोटह्न वास्तव में फुंफकारते सांप-सी दिखने वाली एक लंबी पारंपरिक डोंगी शैली की नाव होती है, जो अमूमन 100 से 120 फीट तक लंबी होती है और इसमें 4 नाविक, 25 गायक से लेकर 100 नाविक, 125 गायक तक भी हो सकते हैं जो नदी या बैक वाटर में बहुत तेज नाव भगाते हुए केरल के पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत में ह्यवंचिपट्टूह्न यानी सामूहिक लय वाला नौका गीत गाते हैं।

यह गायन नाविकों का उत्साह बढ़ाने के लिए होता है और गायक या नाविक अक्सर एक ही होते हैं, इसलिए कोई नाविक नाव चलाते (खेते हुए) हुए अगर महसूस करता है कि उसकी तरफ का संगीत कमजोर हो रहा है, तो वह कोई वाद्य बजाने लग सकता है या कोई गाना या बजाना छोड़कर चप्पू भी थाम सकता है ताकि प्रतिद्वंद्वी नाव से उसकी नाव पीछे न रहे। जिन सर्प नौका दौड़ों को केरल सहित पूरी दुनिया में बहुत उत्सुकता से देखा जाता है, ऐसी चार नौका दौड़ें होती हैं।

लगभग 400 सालों से केरल में स्नैक बोट रेस की परंपरा है। इसके पीछे एक प्रसिद्ध किंवदंती यह है कि प्राचीनकाल में एलेप्पी (अलप्पुझा) और उसके आसपास के इलाकों के जलमार्गों का यहां की विभिन्न रियासतों के राजा आपस में एक-दूसरे के विरुद्ध लड़ने के लिए इस्तेमाल करते थे। इन जलयुद्धों के दौरान वे दूसरों पर भारी पड़ने के लिए सटीक हल्की और पानी को तीव्रता से काटने वाली डोंगीनुमा नावों का विकास किया करते थे, जिनका अगला सिरा फुंफकारते सांप के फन जैसा बनाया जाता था और इसे खूंखार दशार्ने के लिए इसे लाल, काले और गेरुए रंग से रंगते थे।

देश-विदेश को आकर्षित करने वाली केरल की ये चार प्रसिद्ध सर्प नौका दौड़े हैं। चंपाकुलम सर्प नौका दौड़, नेहरू ट्राफी स्नैक बोट रेस, अरनमुला स्नैक बोट रेस और पयिप्पड़ जलोत्सवम। चंपाकुलम दौड़ सबसे पहले शुरू होती है। यह सबसे प्राचीन और लोकप्रिय स्नैक बोट रेस है। इस स्नैक बोट रेस में, अंबलप्पुषा के श्रीकृष्ण मंदिर में भगवान की मूर्ति की स्थापना का जश्न मनाया जाता है। इस जश्न के दौरान 25 किलोमीटर की यह सर्प नौका दौड़ भी होती है, जो एलेप्पी से शुरू होकर चंपक्कुलम नदी में चंगनास्सेरी तक जाती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों, रंगीन छतरियों आदि का नौका रेस में उमड़ना है।

इसके अलावा नेहरू ट्राफी स्नैक बोट रेस का चलन 1952 में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पुन्नमदा झील पर आयोजित इस रेस को देखने आने से हुआ। तीसरी मशहूर स्नैक बोट रेस अरनमुला की है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की दो दिवसीय धार्मिक उत्सव की परंपरा शामिल है। यह त्रिवेंद्रम से 116 किलोमीटर दूर आयोजित होती है। अंतिम और चौथी स्नैक बोट रेस पयिप्पड़ जलोत्सवम है। यह भी एलेप्पी से 35 किलोमीटर दूर सम्पन्न होता है। इस तरह मानसून में केरल स्नैक बोट रेस के चारों तरफ रोमांच से भरपूर रहता है।

(लेखिका पत्रकारिता से जुड़ी हैं।)

# आपसी प्रेम भाव से ही समाज बलशाली होगा

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा धिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान उपजाउ भूमि धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)

# समुद्र शास्त्र क्या कहता है?

**सामुद्रिक** शास्त्र अनुसार किसी भी व्यक्ति के शरीर पर मौजूद अंगों की बनावट और आकार को देखकर उसके भविष्य और व्यक्तित्व के बारे में पता लगाया जा सकता है। सामुद्रिक शास्त्र की रचना समुद्र ऋषि ने की थी, इसलिए इसे सामुद्रिक शास्त्र कहा जाता है। यहां हम बात करने जा रहे हैं भौहों की बनावट के बारे में, जिसके आधार पर आप भी किसी व्यक्ति की भौहों की बनावट से ही उसके जीवन का आकलन कर सकते हैं। साथ ही उसके नेचर और व्यक्तित्व को जान सकते हैं। आइए जानते हैं।

**भौंहें हों अगर जुड़ी हुई**

सामुद्रिक शास्त्र अनुसार जिन लोगों की भौहें आपस में जुड़ी हुई होती हैं। वे लोग दूरदर्शी और दिमाग के तेज होते हैं। साथ ही ऐसे लोग थोड़े स?वार्थी किस्म के होते हैं और हमेशा अपनी उन्नति के बारे में सोचते हैं। ये लोग स्वभाव से थोड़े चालाक प्रकृति के होते हैं। ये लोग हर काम को दिमाग लगाकर करते हैं।

**अगर काले रंग की हों भौहें**

जिन लोगों की भौहें गहरे काले रंग की होती हैं, ये लोग किस्मत के धनी होते हैं। साथ ही कला के जानकार होते हैं। ये लोग करियर को गंभीरता से लेते हैं और कम उम्र में ही अच्छी सफलता हासिल कर लेते हैं। ये खूब मान-सम्मान पाते हैं।

साप्ताहिक राशिफल 19 सितंबर से 25 सितंबर 2022ः सूर्य ग्रह ने किया गोचर, सिंह और कुंभ राशि वालों को मिलेगा किस्मत का साथ, जानें बाकी राशियों का हाल

**अगर भौहें हों ऊंची- नीची**

आपने कुछ ऐसे लोग देखें होंगे, जिनकी भौंहें थोड़ी ऊंची-नीची होती हैं। ऐसे लोग के पास हमेशा ही पैसे की तंगी रहती है। साथ ही ये लोग क्रोधी स्वभाव के भी होते हैं। लेकिन ये लोग मिलनसार होते हैं। साथ ही मेनहती भी होते हैं। लेकिन इनको किस्मत का कभी साथ नहीं मिलता है।

**घनी भौंहों वाले लोग**

सामुद्रिक शास्त्र मुताबिक जिन लोगों की आइब्रो बहुत घनी होती हैं, ये लोग पैसों की सेविंग करने में माहिर होते हैं। साथ ही ये लोग अपने राज जल्दी नहीं खोलते। साथ ही ये लोग अपनी बातों से सामने वाले को जल्दी इंप्रेस कर लेते हैं।

# बदलते मौसम में दमकता रहे चेहरा



बदलता है हवा का रुख तो अंदर तक ताजगी भर जाती है, लेकिन इस शीतल हवा में मौजूद बैक्टीरिया और अन्य कीटाणु त्वचा की रंगत को फीका कर सकते हैं। वहीं बारिश के पानी में प्रदूषण के कारण सल्फेट, फॉस्फोरस, पोटैशियम और सोडियम जैसे मिनरल्स नमी में शामिल हो जाते हैं। ये बालों को कमजोर कर देते हैं। इसके अलावा जिन लोगों को अधिक पसीना आता है, उनके सिर में फंगस लगने से डैंड्रफ का खतरा बढ़ जाता है। आखिर क्या करें कि मानसून में भी दमकता रहे चेहरा और आप रहें खिली-खिली, आइए जानते हैं...

**क्लेंजिंग करें**

बारिश में त्वचा के इंफेक्शन से बचना जरूरी है। इसके लिए नियमित रूप से चेहरे को धोएं और उसकी क्लेंजिंग करें। डीप पोर क्लेंजर का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा। साथ ही अल्कोहल फ्री टोनर का उपयोग कर सकती हैं। इससे त्वचा की नमी बरकरार रहेगी।

**सनस्क्रीन लगाएं**

इस मौसम में निकलने वाली धूप स्किन को कम नुकसान नहीं पहुंचाती। सनबर्न और टैनिंग आम परेशानियां हैं, जिनसे सभी को दो-चार होना पड़ता है। लिहाजा, बाहर निकलने से पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर एसपीएफ पावर वाला मैटीफाइंग सनस्क्रीन लगाएं।

**वॉटरप्रूफ मेकअप करें**

अमूमन हर किसी की त्वचा अलग होती है। ऐसे में स्किन टेक्सचर को देखते हुए ही मेकअप करें। मानसून में हमेशा ड्राई फिनिश का मेकअप करना अच्छा रहता है। इस मौसम में ब्राइट की बजाय वॉटरप्रूफ मेकअप सही रहेगा। मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोना न भूलें।

**बालों में करें रेगुलर शैंपू**


बारिश में नियमित रूप से शैंपू करना चाहिए। इसके अलावा हफ्ते में दो बार हेयर स्पा अवश्य करा लें। इससे बालों की कंडिशनिंग हो जाती है। आप बेशक बालों में तेल लगाने से बचती हों, लेकिन इस सीजन में सप्ताह में एक बार नारियल या ऑलिव ऑयल से सिर की मालिश करें।वर्तमान समय में मौसम में बदलाव और भारी ठंड में कमी से चेहरा सबसे अधिक प्रभावित होगा। हमें अपने चेहरे पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# मांसपेसियों की मजबूती

**जीवीएस शास्त्री**

**फिट** फिगर के लिए जरूरत है मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बनाने की और पिलेटीज मांसपेशियों को मजबूत बनाकर सांस की प्रक्रिया को दुरुस्त करता है। यह एक तरह की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है।

स्टेप 1 एक्सरसाइज बॉल के जरिये टमी कम करने में मदद मिलती है। अपने बायीं ओर एक्सरसाइज बॉल रखें। अब बाएं पैर को सामने की ओर मोडें। ध्यान रखें कि दायां पैर पीछे की ओर होना चाहिए। अब बाएं हाथ पर बॉल रखें। कोहनियों को थोडा मोडें। अपने दाएं हाथ को सामने लाएं। बॉल को एक हाथ से दूसरे हाथ में ले जाएं। 2-4 सेकंड रुकें और फिर उसी अवस्था में आ जाएं। स्टेप 2 पीठ के बल लेट जाएं। दोनों हाथ साइड में रखें लेकिन हथेलियों को जमीन से टिकाएं। धीरे-धीरे पैर उठाएं और पंजों को सिर के ऊपर लाने की कोशिश करें। कंधों को आराम दें और पैरों को फिर से सीधा कर लें।



स्टेप 3 पेट के बल सीधे लेट जाएं। अब अपने पैरों को थोडा फैलाएं। बॉल को सीने से दबाएं और हाथों को जमीन पर टिकाएं। इसके बाद धीरे-धीरे आगे की ओर बढना शुरू करें। ध्यान रखें कि हथेली जमीन से टिकी रहनी चाहिए। ऐसा 5-7 मिनट तक करें। थोडी देर रुकें और वापस उसी स्थिति में आ जाएं।

**ये हैं फायदे...**

मांसपेशियां बनेंगी स्ट्रॉन्गः इससे शरीर के जोड और मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। रीढ की हड्डी के लिए तो यह बहुत जरूरी है लेकिन स्पाइन में कोई समस्या हो तो बिना डॉक्टर की सलाह के ये व्यायाम न करें।

कमर दर्द में भी लाभकारीः पिलेटीज के जरिये हाथ-पैरों को स्ट्रेच करके कमर दर्द से छुटकारा मिल सकता है। स्ट्रेचिंग से आप कमर और हिप्स की मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बना सकते हैं।

थकान होगी दूरः दिन भर चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए पिलेटीज को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें। इससे थकान दूर होती है और ऊर्जा स्तर मेंटेन रहता है।

**सूजन होगी गायबः** पैरों में मूवमेंट होने से शरीर में रक्त संचार बढता है। इससे शरीर में सूजन या ऐंठन से राहत मिलती है।

**प्रेग्नेंसी में कारगरः** इससे शरीर सुडौल बना रहता है, साथ ही लचीलापन व संतुलन बरकरार रहता है। स्त्रियां गर्भधारण से पूर्व या बाद में इसे आसानी से कर सकती हैं। इससे पेट, पीठ और

# बंदर के हाथ अदरख / उम्र तो बस नबंर है...

**अल्का हेम्बरोम**

## बंदर के हाथ अदरख

...? स्वाद क्या जाने ...? ये मेरा जन्मदिन वाला महीना है ...इस महीने में बहुत उथल पुथल रहती है ...सूरज की तपिश और मानसून का आना ...

सरकारी नौकरी हो तो #तबादले का मौसम ...अभी बस धुक धुकी ...कहाँ तबादला हो जाए ...एक तरह से कहा जाए तो.. उद्योग जैसा है सरकारी नौकरी में तबादला ...इस उद्योग से हम हमेशा दूर ही रहे ...जहाँ भेज दे सरकार वही नतमस्तक होकर कार्य कर लूं....

जून महीना ..तबादले का उद्योग का बाजार अभी गर्म है ....

ओह !!तो मैं अदरख के स्वाद बंदर के लिए कह रही थी ....??

कभी कभी ऐसे उद्योग के नीचे ऐसे व्यक्ति को अदरख चखने दिया जाता,

जिसे ये भी जानकारी नहीं होती कि अदरख छील कर ही कूट कूट कर खाते है ....

खा तो लेता है बेचारा .. लेकिन बता नहीं पाता कि

ये अदरख है? या ...कोई जड़ी बूटी ...।

बस सरकारी गलियारों में ऐसे बंदर अदरख लिए घुमते मिलेंगे ....इनकी सबसे बड़ी खूबी यह होती है ..कि .. तलवे चाटते फिरेगे .एक नम्बर के चापलूस...?

## उम्र तो बस नम्बर है

जहाँ विचार मिल जाए तो...

उम्र दस्तक नहीं देता.....?

किसी ने लिखा ....?

इन पंक्तियों को हमने पढ़ा तो ..सही लिखा है ....



रिश्ते वहीं बनते है बुनते है जहाँ ..

विचारधारा मिलती हो ......

फिर भी उम्र को देख कर सबसे महत्वपूर्ण रिश्ता #विवाह का बना है ताकि

संतुलित परिवार और समाज बन सके ..

क्योंकि जब भी एक स्त्री के उम्र की बात विवाह के लिए आए तो पुरूष उससे बड़ा ही होना अनिवार्य समझा गया और बेहतर भी है ..क्योंकि अधीनता एक स्त्री ही स्वीकार कर सकती है ...चाहे पुरूष के विचार उससे मिले या ना मिले ...।

हाँ अपवाद में उम्र में बड़ी और पुरूष छोटा हो तो परिवार बने है ..। स्थापित धारणा और कटु सत्य है कि ...स्त्री हर क्षेत्र में किसी के अधीन ही पाई गयी ...विचार धारा में थोड़ी स्वत्रंत हो तो

मुश्किल होती है रिश्ते निभाने में..।

फिर भी ...यह सच है कि विचारधारा

में उम्र का दस्तक नहीं होता ...

यह भी एक अजीब सी बात है ...है ना.........?

सरकारी दफ्तर के रूप रंग बदलने के चक्कर में मीडिया द्वारा सूचना अधिकार पूछे जाने पर मेरी चिढ़....हमने कोशिश की ...इसका रूप रंग बदलने की ...यह जानते हुए कि जहाँ मेरा 8 घंटे से ज्यादा समय प्रतिदिन गुजरे उस वातावरण सही रहे और जहाँ भी मेरी पदस्थापना रही ..हमने बहुत कम बजट में सरकारी आफिस का काया कल्प बदल दिया ...बस क्या मीडिया कर्मी पीछे पड़ गये ...

झारखण्ड के प्रतिष्ठित संस्थान ने सूचना अधिकार के तहत प्रश्न कर दिया ?

किस राशि से कार्यालय का साज सज्जा किया गया ?

कार्यालय साज सज्जा करने का मकसद क्या है ?

आदि आदि ....?

मेरी आदत रही है कि अपने अधीनस्थ कर्मियों के कार्यस्थल को भी सुसज्जित करना और आम जनता के लिए कार्यालय में प्रतीक्षा करने हेतु सुविधा उपलब्ध करवाना ...?

लेकिन ये मीडिया वालों के नजर में मैं खटक गयी ....

आखिर सरकारी दफ्तर इतना अच्छा क्यो? कई कार्यालय में मैं देखती हूं डस्टबिन तो रहता ही नहीं ..इस जिलें में पहला दिन कार्यालय की यही स्थिति थी ....कूड़ा खिड़की से बाहर सभी कर्मी फेंका करते थे ...शौचालय के दुर्गंध के बीच पदाधिकारी ,कर्मी बैठ कर सरकारी काम करते मिले ....।

एक सप्ताह के अंदर पूरू कार्यालय को मजदूरों के हवाले किया ....चमक गया दफ्तर ....?

आज भी इंतजार है सूचना अधिकार का कि ...आपने कार्यालय को सुसज्जित क्यो किया ?जवाब सभी के अलग हो सकते है ....

मेरा जवाब इतना है कि ...यह मेरा कर्म स्थल /भूमि है ...जहाँ से मेरी जिंदंगी चलती है रख रखाव और सम्मान मेरे हाथो है .....।

बाकी लोग क्या समझते मुझे नहीं पता ..

वो प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान आज भी मेरे इस लेख को जरूर पढ़े ...?

तीन वर्षो बाद मेरी तबादला निश्चित है ... तो क्या मैं ...ये साज सज्जा नोंच कर चली जाऊंगी ...? कभी नहीं ? बस सरकारी दफ्तरों का काया कल्प बदलना चाहिए ताकि आम जनता भी यह समझे कि ...दफ्तरों में महौल से सकारात्मक विचारधारा में आम जनता को लाभ मिले ।

मीडिया क्या है बस ...एक तरफा सोच और गलत धारण ज्यादा सोच करती हूँ ......

किसी मिडिया कर्मी ने पूछा आप मीडिया से भागती क्यो है ?

हमने बस इतना कहा ....मेरे काम दिख जाए तो छाप देना और ना दिखे तो मत छापना .....

अखबार में ही नाम आ जाए तो हम सरकारी नौकरी पेशे वाले कर्मठ दिखेगें ऐसा भी नहीं है ?

***(जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार, झारखंड)***

# बदलते मौसम में शहद -लहसुन के सेवन से लाभ

**स्वामी मुक्तरथ**



शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।

**सुबह खाली पेट खाएं शहद में डूबा हुआ लहसुन, वजन कम होने के साथ मिलेगें ये फायदे**

आमतौर पर हर घर में शहद और लहसुन का इस्तेमाल किया जाता है और इन दोनों के फायदों के बारे में हम अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन अगर इसका साथ में सेवन किया जाए तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक?टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।

शहद में डूबे हुए लहसुन के सेवन करने से आप कई रोगों से दूर रह सरकते हैं। यह एक सूपर फूड है जो एंटीबायोटिक की तरह काम करता है और बॉडी को डिटॉक्स करके हर तरह के इंफेक्शन को भी दूर करता है। जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होती है।

**वजन करे कम**

लहसुन-शहद का इस तरह सेवन करने से आपका मेटाबॉलिज्म तेजी से काम करता है। जिससे आपको वजन कम करने में मदद मिलती है।

**सर्दी-जुकाम**

सर्दी-जुकाम की समस्या से निजात दिलाने में यह काफी कारगर है। दोनों में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं।

**गले की खराश**

शहद और लहसुन में एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं। जो गले की खराश के साथ सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

दोनों में ही ऐसे गुण पाए जाते हैं जो दिल की धमनियों में जमा फैट को बाहर निकालने में मदद करते हैं। जिससे आपके शरीर में ब्लड सकुर्लेशन ठीक ढंग से होने लगता है। जिससे कि आसानी से आपका हार्ट हेल्दी रहता है।

**पाचन तंत्र को रखें फिट**

लहसुन और शहद दोनों मिलकर ऐसे तत्व बनाते हैं। जो आपके पाचन तंत्र को फिट रखते हैं। जिसके कारण आपको कब्ज, डायरिया, एसिडिटी, पेट दर्द जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

**फंगल इंफेक्शन**

शहद और लहसुन दोनों में ही एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो फंगल इंफेक्शन से आपका बचाव करता है।

**कोलेस्ट्राल को करे कम**

लहसुन और शहद का ये मिश्रण आपके शरीर से विषाक्त तत्वों को निकालने के साथ बैड कोलेस्ट्राल को निकालने में मदद करता है। जिससे ब्लड सकुर्लेशन ठीगक से होने लगता है।

**दांत को रखें हेल्दी**

लहसुन और शहद में फास्फोरस नामक तत्व अधिक मात्रा में पाया जाता है। जो आपके दांतों को हेल्दी रखने में मदद करता है। लहसुन-शहद पेस्ट बनाने का तरीका

इस रेसिपी को लाइफस्टाइल कोच ल्यूक कॉटिन्हो ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)



साभार कार्टून मूवमेंट

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### इंजीनियरिंग कॉलेज में विदाई समारोह



**रजरप्पा।** रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज ने 2021-2025 बैच के सभी पाँच विभागों - कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग , इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग , इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग , मैकेनिकल इंजीनियरिंग और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के निवर्तमान छात्रों के लिए एक भावनात्मक रूप से गूंजने वाला और सांस्कृतिक रूप से जीवंत विभाग-स्तरीय विदाई समारोह आयोजित किया। विभागीय स्मार्ट कक्षाओं को उनकी चार साल की यात्रा के क्षणों को कैद करते हुए खूबसूरती से सजाया गया था। लाइव स्वागत संगीत और व्यक्तिगत निमंत्रण ने इस अवसर को भव्यता का स्पर्श दिया। उप प्राचार्य डॉ. नजमुल इस्लाम के साथ-साथ अकादमिक प्रभारी और सभी विभागाध्यक्ष (एचओडी) भी मौजूद थे। संकाय सदस्यों और वरिष्ठ प्रोफेसरों ने प्रेरक भाषण दिए, किस्से साझा किए, करियर टिप्स दिए और छात्रों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का स्वर भावनात्मक लेकिन आशावादी था, जिसमें कई वक्ताओं ने छात्रों के पहले साल की घबराहट से लेकर आत्मविश्वास से भरे युवा इंजीनियर बनने तक के विकास पर प्रकाश डाला।

### नकारी कॉलोनी में भंडारा संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नकारी कॉलोनी में दो दिवसीय अखंड कीर्तन का शनिवार को भव्य भंडारा के साथ संपन्न हुआ। अखंडकीर्तन में हर राम हरे कृष्ण के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह एवं कार्मिक पदाधिकारी अजय कुमार प्रसाद ने मंदिर में आशीर्वाद लिया और आयोजन की सराहना की। अजय सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही भक्तों को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में सुख-समृद्धि और हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। समापन समारोह में मुनमुन सिंह, भारत ठाकुर, मोहित कुमार, जय कुमार मिश्रा, ऋषि भट्टाचार्य, तरुण सिन्हा, जयराम शर्मा, वीरेंद्र भगत, रितेश चौधरी, बंटी सिंह, नित्यानंद चौधरी, बालकिशोर मंडल, कवि कुमार, नीतीश कुमार, रामानंद पटेल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बिहार का युवक भैरवी नदी में बहा

**रजरप्पा।** भैरवी नदी में शनिवार को नहाने के दौरान एक युवक बहाव में बह गया। युवक का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। युवक बिहार से रजरप्पा मंदिर मां छिन्नमस्तिका की पूजा- अर्चना के लिए पहुंचा था। गौताखोर खोजबीन में जुटे है।

### झाकोमयू के सदस्य बने रामकुमार



**कुजू।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन कुजू क्षेत्रीय सचिव रामकुमार सिंह को केंद्रीय सदस्य के रूप में चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि झाकोमयू के केंद्रीय महाधिवेशन को लेकर रांची में आयोजित 8वां सम्मेलन में केंद्रीय कमिटि के द्वारा मुझे केंद्रीय सदस्य के रूप में चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कमिटि ने मुझपर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं पूरी ईमानदारी के साथ खरा उतरूंगा। साथ ही जनता व सीसीएल क्षेत्र के मजदूर साथियों के समस्याओं के समाधान करने को प्राथमिकता दुंगा। इधर रामकुमार सिंह को केंद्रीय कमिटि सदस्य बनने के बाद कुजू क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

### पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं : रेंजर



**कुजू।** सर्वोदय निकेतन कुजू के निकट रामगढ़ वन प्रमंडल के कुजू प्रक्षेत्र अंतर्गत वन विभाग ने अवकृष्ट वनों का पुनर्वास योजना के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अभियान में कुजू प्रक्षेत्र रेंजर बटेश्वर पासवान और सर्वोदय निकेतन के प्राचार्य सूर्यनाथ यादव शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने पूजा कर पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। रेंजर बटेश्वर पासवान ने सभी लोगों से घर घर पेड़ लगाने एवं बचाने का संकल्प दिलाया। विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने कहा कि वृक्ष न सिर्फ पृथ्वी के आभूषण हैं, बल्कि इन्हीं से जीवन भी सुरक्षित है। पेड़ लगाकर ही हम ग्लोबल वार्मिंग सहित पृथ्वी की जलवायु का संरक्षण कर सकते हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने भी एक-एक पौधा लगाकर उसको बचाने का संकल्प लिया। मौके पर कुजू वनपाल आनंद कुमार, वनरक्षी पवन कुमार अग्रवाल, अजीत कुमार, कुजू वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार, सर्वोदय निकेतन के शिक्षक सत्यप्रकाश वर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, संतोष कुमार महतो समेत विद्यार्थी, ग्रामीण और वन विभाग के लोग शामिल रहे।

### रोशन चौधरी ने डीसी को लिखा पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने उपायुक्त रामगढ़ को पत्र लिखकर पतरातू प्रखंड अंतर्गत चिकोर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष इन्द्रप्रकाश कुशवाहा उर्फ शैलेश कुशवाहा से संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। विधायक द्वारा सौंपे गए पत्र के साथ संबंधित आवेदन भी संलग्न किया गया है। विधायक ने पत्र में प्रशासन का ध्यान निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं की ओर आकृष्ट कराते हुए बताया है कि चिकोर पैक्स को वर्ष 2012-13, 2017-18 एवं 2018-19 में किए गए कार्य के लिए लंबित कमीशन राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। वर्ष 2018-19 में छह किसानों द्वारा बेचे गए धान की राशि का भुगतान अब तक नहीं हुआ है, जिससे किसान परेशान हैं। जिला आपूर्ति कार्यालय रामगढ़ में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर अमित तिवारी पिछले 12 वर्षों से बिना किसी स्थानांतरण के कार्यरत हैं। इस स्थिति की जांच करने, चिकोर पैक्स से संबंधित कई आवेदन जिला आपूर्ति कार्यालय में वर्षों से लंबित हैं, जिनकी गहन जांच कर न्याय दिलाने की मांग की गई है। वहीं वर्ष 2018-19 में पतरातू के अंचलाधिकारी की जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया था कि चिकोर पैक्स ने धान की आपूर्ति की थी।

# हजारीबाग में चोरों के काले धंधे का गंदा खेल

## चोरी हुए जेवरात और चैन छिनतई की खरीदारी करता है कौन

**अभय कुमार सिंह**

**▶▶ एक सुनियोजित काले नेटवर्क के रूप में फल फूल रहा है धंधा**





हजारीबाग। हजारीबाग जैसे शहर में चोरी और चैन छिनतई की घटनाएं आए दिन बढ़ रही हैं। सवाल यह उठता है कि ये चुराए गए जेवरात और कीमती सामान आखिर बिकते कहां हैं? जिन जेवरातों को महिलाएं सहेजकर रखती हैं, वही कभी उनके लिए सुरक्षा का प्रतीक बनते थे, अब एक काले धंधे का हिस्सा बन चुके हैं। चोर अपने चुराए गए सामान को बेहद चतुराई से बेचना शुरू कर देते हैं। सबसे पहले, ये जेवरात चोरों के नेटवर्क के जरिए उन लोगों तक पहुंचते हैं जो इन्हें चोरी का माल खरीदने के लिए तैयार होते हैं। अक्सर ये कहीं और से खरीदी गई' चीजों के रूप में पेश किए जाते हैं, ताकि किसी को यह शक न हो। बड़े शहरों में स्थित गहनों के जौहरी और सुनार इस चोरी के माल को खरीदी में जुटे रहते हैं। सूत्र बताते है कि जिले में भी एक गिरोह सक्रीय है जो इन चोरी किये गए जेवरात को खरीदने का कार्य करता है।

इन चोरी के सामानों को वे आधी कीमत पर खरीदते हैं, जिससे इनका मुनाफा भी दोगुना होता है। सिर्फ यही नहीं, इन चोरी के माल को स्थानीय दुकानों, अवैध व्यापारियों, और कुछ काले बाजारों में भी बेच दिया जाता है। यह कारोबार अब एक सुनियोजित काले नेटवर्क के रूप में चल रहा है, जिसमें न केवल चोरी बल्कि एक पूरी माफिया के जरिए गरीब और असहाय लोगों की मेहनत और खून-पसीने से कमाई हुई चीजें लुटी जा रही हैं। शहर में बढ़ती इस काले व्यापार की कड़ी में सरकार और पुलिस को जल्द सख्त कदम उठाने होंगे, ताकि ये चोरों का नेटवर्क न केवल कमजोर पड़े, बल्कि लोगों का भरोसा भी सुरक्षा व्यवस्था पर वापस लौटे।

# सांसद तीर्थ दर्शन : आज 180 तीर्थयात्री होंगे रवाना

**सांसद मनीष जायसवाल की अनूठी पहल से अयोध्या, काशी, प्रयागराज और विंध्याचल की यात्रा करेंगे वृद्ध**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने एक अनूठी पहल करते हुए सांसद तीर्थ दर्शन-2025 योजना की शुरूआत की है। शनिवार को प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत बुजुर्गों को चार प्रमुख तीर्थ स्थलों, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज और विंध्याचल की यात्रा करायी जाएगी।

इसका उद्देश्य बुजुर्गों को सम्मान देना और बेटे के रूप में उनका आशीर्वाद प्राप्त करना है। योजना का विधिवत शुभारंभ 29 जून को कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां स्थित भगवान नृसिंह मंदिर परिसर से होगा। पहले जत्थे में खपरियावां, नवादा और बनहा गाँव के 180 श्रद्धालु (108 महिलाएं व 72 पुरुष) वातानुकूलित बसों से तीर्थ यात्रा पर रवाना होंगे। इससे पहले सांसद ने अपने पैतृक गाँव जुगरा में 60 यात्रियों के साथ इसका सफल परीक्षण किया था। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भोजन, पूजन-सामग्री, आई-कार्ड, मेडिकल सुविधा, थैला, अल्पाहार और राम मंदिर की स्मृति तस्वीर दी जाएगी। प्रत्येक बस में 60 यात्री और 5 भाजपा कार्यकर्ता रहेंगे। सुरक्षा और स्वास्थ्य की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नृसिंह स्थान पर तीन मंचों वाला वाटरप्रूफ पंडाल और हजारों लोगों की व्यवस्था की गई है। सांसद स्वयं यात्रियों का पांव पखारकर विदाई देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रशासन को सहयोग के निर्देश दिए हैं। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह है और एक लाख से अधिक निमंत्रण पत्र बांटे जा चुके हैं।

### जायसवाल ने आनंद साई दरबार में टेका मत्था



**रामगढ़।** सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित साईं बाबा की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेककर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की। कहा कि साईं बाबा दयालु हैं और अपने भक्तों पर उनकी कृपा हमेशा बनी रहती है। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा, सुबोध सिन्हा, अजीत जायसाल, आनंद प्रताप सिंह, संतोष सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर, बबली प्रजापति, सन्नी सिन्हा, छोटन सिंह, राजीव जायसवाल, सूर्यवंश श्रीवास्तव, धनंजय कुमार पुटूस, अजय गुप्ता, रोहित गुप्ता, उमेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, उमेश सिंह, सागर खोसला, सौरभ पांडे, रंजीत पांडे, विनोद मिश्रा, ऋषिकेश सिंह, सहदेव ठाकुर, अनिल साहू, दीपू अग्रवाल, राजू राठौर, राजू वत्स आदि उपस्थित थे।

### दुलमी प्रखंड का डीसी ने किया दौरा



**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने शनिवार को दुलमी प्रखंड का दौरा किया। उपायुक्त ने प्रखंड में आवास योजना, मॉडल आंगनबाड़ी, सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने गोड़ातू में आवास योजना के तहत निमार्णाधीन घर का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने आवास कोऑर्डिनेटर को लाभुक को हर संभव मदद उपलब्ध कराते हुए ससमय आवास निर्माण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिरु क्षेत्र में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ की जानकारी लेते हुए केंद्र का सफल संचालन कर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आंगनबाड़ी केंद्र का लाभ पहुंचाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।त्र इस दौरान उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी दुलमी किशोरी यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### बंगाली समुदाय ने की विपत्तारिणी की पूजा



**कुजू।** मां विपत्तारिणी की पूजा बंगाली समुदाय ने की। पुरोहित मानस चक्रवर्ती ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्रतियों को पूजा कराया। बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने अपने परिवार के विपत्ति से दूर करने को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 13 प्रकार के फल, फूल, मीठा एवं अन्य साम्रगी चढ़ाते हुए पूजा की। तेरह गांठ लगा रक्षासूत्र बांध कर व्रती लोग माता से अपनी रक्षा और परिवार की कामना की। पूजा के बाद सुहागिन महिलाओ ने सिंदूर खेलकर एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सुहागन रहने की कामना किया। उल्लेखनीय होक कि यह पर्व विगत 31 वर्षों से प्रगति संघ क्लब, कुजू की अगुवाई मे बंगाली समुदाय के लोग विधि विधान के साथ मां विपत्तारिणी की पूजा कुजू क्षेत्र में मनाते आ रहे है। इस अवसर पर अचिंत्य सरकार, आशीष कुमार मुखर्जी, साधन डे, मनोरंजन सिंह, बबला मुखर्जी , राजू चेल, सागर कुंडू, गोपाल मुखर्जी, सुप्रतीक दत्ता, मंजू सरकार, सोमा मुखर्जी, रिंपा मुखर्जी रूमा बनर्जी, रीना डे, मोनिका बनर्जी, तनु सेन, साधना सेन, मालती बनर्जी, इला बनर्जी, सीमा मुखर्जी, वर्षा गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, सीमा लायक, सुनीता चेल समेत कई लोग उपस्थित थे।

### आईसीएआर-गौरिया करमा का 11 वां स्थापना दिवस मना



**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गौरिया करमा का शनिवार को 11वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण डॉ. राजेंद्र सिंह परोदा ने किसानों को सम्मानित किया और अनुसूचित जाति के चयनित किसानों को फलदार पौधे भेंट कर प्रोत्साहित किया। डॉ. परोदा ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह देते हुए दूसरी हरित क्रांति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के निःस्वार्थ परिश्रम से ही भारत खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी बना है। चौपारण की रेणु देवी और कटकमदाग के मनोज कुमार को उत्कृष्ट किसान पुरस्कार, जबकि बरकट्ठा की बरसोती एग्री एफपीओ को उत्कृष्ट एफपीओ सम्मान से नवाजा गया।

### इंटरैक्ट क्लब का पतरातू में लाइब्रेरी को मदद करने का अभियान प्रारंभ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में स्थापित लाइब्रेरी को किताबें उपलब्ध करा कर सपोर्ट करने का अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गठित इंटरैक्ट क्लब के द्वारा रोटरी क्लब रांची के सहयोग से शुरू हुआ है। शनिवार को सुंदरनगर पंचायत भवन में आयोजित सादे समारोह से इस अभियान की शुरूआत हुई। अभियान के तहत लाइब्रेरी को प्रतिमाह बच्चों और ग्रामीणों के लायक विभिन्न हिंदी और अंग्रेजी मैगजीन उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान की शुरूआत करते हुए रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने कहा कि यह अभियान बच्चों एवं ग्रामीणों के ज्ञान को समृद्ध करेगा। ज्ञान फैलाने के इस मुहिम का हिस्सा बनकर हमारा क्लब गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सबसे बड़ी बात कि कुछ दिन पहले ही गठित हुए इंटरैक्ट क्लब ने यह प्रोजेक्ट सोचा और उसे धरातल पर उतारने का प्रयास भी शुरू कर दिया है। इनका यह प्रयास प्रशंसनीय है। आनेवाले समय में इसे और विस्तार देने का प्रयास किया जाएगा। पतरातू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष व्यास पांडेय ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि किताबें ज्ञान का समंदर होती है।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

**300 लोगों को कराया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का कराया टीकाकरण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेवा, समर्पण और समाज के प्रति संवेदनशीलता का एक वर्ष पूर्ण करते हुए लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने नर सेवा ही नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भुरकुंडा के पटेलनगर स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में भव्य भंडारा किया। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के बाद मां को लड्डू का भोग अर्पित किया गया।

300 से अधिक लोगों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद व अन्य पदाधिकारियों ने बताया की बीते एक वर्ष से हर सप्ताह नियमित रूप से इस कार्यक्रम को लायंस क्लब द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से चलाया जा रहा है। क्लब का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सेवा पहुंचाना है।


उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, इस मूलमंत्र को आत्मसात कर लायंस क्लब भुरकुंडा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रहा है।

इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन अभियान के तहत राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं का निःशुल्क टीकाकरण कराया गया।

क्लब ने घोषणा की कि 30 जून को राज नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं से भागीदारी की अपील की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन डॉ. राजेंद्र महतो (एमजेएफ), जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, एमजेएफ संजय जायसवाल, लायन विजयंत कुमार, डॉ. एमके मंजुल, सोनाराम मांझी, रेखा मंजुल, निर्मल अग्राल, सूबेदार एचएन यादव, दीनबंधु सिंह, विजय वर्णवाल, भूपेंद्र सिंह सैनी (जीबु), रमेश अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, विमल यादव, रेणु जायसवाल, राजेश अग्रवाल, अजय सिंह सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर में

### वीसी बताएं, किसने मांगा ठेका : छात्र संघ



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा छात्र संगठनों पर लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर शनिवार को हजारीबाग में संयुक्त छात्र संघ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कड़ी प्रतिक्रिया दी। एनएसयूआई, एआईडीएसओ, आइसा, एआईडएसएफ, छात्र राजद और राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ समेत कई संगठनों ने कुलपति के व्यवहार को छात्र विरोधी बताया और आरोपों को खारिज किया। एनएसयूआई के अभिषेक राज ने कहा कि हाल ही में छात्र प्रतिनिधिमंडल कुलपति से छात्र हितों के मुद्दे उठाने गया था, लेकिन कुलपति ने संवाद करने से इनकार करते हुए कहा कि वे राजनीतिक दलों से बात नहीं करेंगे। अभिषेक ने कहा कि कुलपति ने छात्रों पर ठेका मांगने और गुण्डागर्दी का झूठा आरोप लगाया, जबकि सच्चाई यह है कि छात्र प्रतिनिधि शालीनता से बात करने पहुंचे थे। एआईडीएसओ के जीवन यादव ने कहा कि इससे पहले भी कई कुलपतियों से छात्र संगठनों ने संवाद किया है और मिलकर समस्याओं का समाधान निकाला है। छात्र नेता रविंद्र पासवान ने आरोप लगाया कि कुलपति स्वयं राजनीतिक मानसिकता से ग्रसित हैं, जिनकी तस्वीरें और भाषण इसकी पुष्टि करते हैं। संयुक्त छात्र संघ ने कहा कि छात्र संगठन ही वे ताकतें हैं जिन्होंने बीएड फीस वृद्धि को रोका, दो मेथड पेपर लागू करवाए और विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार को उजागर किया। अगर कुलपति के पास कोई सबूत है कि किसी छात्र नेता ने ठेका मांगा, तो वह लिखित में नाम उजागर करें। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि छात्र संगठनों को दबाने की कोशिश विश्वविद्यालय को दिशा विहीन कर देगी। अब देखना है छात्र संघो के जवाब में कुलपति अपना पक्ष रखेंगे या साइलेंट मोड में चले जाएंगे।

### स्वर्णकार व्यवसायी संघ के अध्यक्ष ने दिया इस्ताफा

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्वर्णकार व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बिक्रम प्रसाद ने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा श्री ज्वेलर्स में गोलीबारी की घटना के बाद उत्पन्न विवाद और अपमानजनक व्यवहार को लेकर दिया। बिक्रम प्रसाद ने राष्ट्रीय सचिव को भेजे गए पत्र में लिखा है कि 22 जून को हुई गोलीबारी की सूचना मिलते ही वह तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे, जो उनके पद की नैतिक और जिम्मेदाराना मांग थी। लेकिन दुकान में प्रवेश करते ही सोनू गुप्ता के भतीजे नितेश गुप्ता (पिता - शशि गुप्ता) ने उन्हें अपमानजनक ढंग से बाहर जाने को कह दिया। इस व्यवहार को उन्होंने अमर्यादित, आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाने वाला और संघ की गरिमा के विपरीत बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे माहौल में कार्य करते रहना अब उनके लिए संभव नहीं है। इसलिए 27 जून से अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने संघ के साथ बिताए सहयोग और समय को स्मरण करते हुए सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। इस त्यागपत्र से संघ में आंतरिक कलह की झलक सामने आई है, जो आने वाले समय में और गहराने की आशंका जता रही है।

### किसानों के बीच धान व मडुवा बीज वितरित

**बड़कागांव।** कांडतरी पंचायत के महूदी गांव के टोला सातबहिया बिरहोर कालोनी में आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के बीच आत्मा हजारीबाग के अंतर्गत एक्सटेंशन रिफॉर्म एनएफएसएम योजना, मोटे अनाज में धान एवं मडुवा का वितरण किया गया।मौके पर प्रभारी मुखिया राजदेव महतो, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्याम कृष्ण देव ,किसान मित्र रघुनंदन महतो सहित अन्य किसान उपस्थित थे।इस दौरान बीटीएम श्याम कृष्ण देव ने कहा कि आदिम जनजाति अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति किसानों को बढ़ावा देने के लिए धान एवं मडुवा सरकार के द्वारा सत प्रतिशत अनुदान पर मुहैया कराया गया है।कांडतरी पंचायत के प्रभारी मुखिया राजदेव महतो की उपस्थिति में बिरहोर किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया।

बेलाही में नहीं मिला तीन माह का राशन

### संचालिकाओं पर धमकी देने का आरोप



**चौपारण।** बेलाही पंचायत में जन वितरण प्रणाली को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। जुगनू महिला मंडल द्वारा संचालित राशन दुकान पर लाभुकों ने आरोप लगाया है कि जून में सरकार द्वारा घोषित तीन माह का राशन नहीं दिया गया। अधिकांश कार्डधारकों को केवल एक माह का राशन मिला, जबकि कई को वह भी नहीं मिला। स्थानीय महिला लाभुकों का आरोप है कि जब उन्होंने इस विषय पर सवाल उठाया तो संचालिका संगीता देवी और लता देवी ने उन्हें धमकाया। एक महिला लाभुक ने बताया कि शिकायत करने पर डीलर ने कहा कि अगर किसी ने बात फैलाई तो सबका कार्ड कटवा देंगे।त्र इस धमकी से लाभुकों में भय का माहौल है। राशन वितरण में गड़बड़ी से नाराज दर्जनों महिलाएं संचालिका के घर पहुंचीं और वहां जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में महिलाओं ने पंचायत मुखिया मंटू सिंह को पूरे मामले से अवगत कराया। मुखिया ने तुरंत संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### बरही : मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष बने तौहीद



**बरही।** मोहर्रम की तैयारी को लेकर रसोइयाधमना में पंचायत स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता हाजी मो सज्जाद अंसारी और संचालन मो मोईन अंसारी ने किया। सर्वसम्मति से मोहर्रम अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष तौहीद अली और सचिव मो तौकीर रजा बनाए गए। दोनों के माथे पर जिम्मेवारी की पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। रसोइयाधमना पंचायत कमेटी में अंसारनगर अखाड़ा, वारसीया मोहल्ला अखाड़ा, मदीना नगर अखाड़ा, लश्करी अखाड़ा, छोटकी बरही अखाड़ा, मस्जिद मोहल्ला अखाड़ा और रसोइया धमना अखाड़ा शामिल है। बैठक में पंचायत के सभी गांव के सदर, सेक्रेटरी, जिम्मेवार सदस्य और मोहर्रम अखाड़ा के खलीफा शामिल थे। मोहर्रम कमेटी में अध्यक्ष और सचिव के अलावा कमेटी के संरक्षक हाजी मो सज्जाद अंसारी, मो खलील, हाजी अब्दुल रज्जाक, अब्दुल सत्तार अली, मो तैयब अंसारी, पंसस मो मुमताज, सेक्रेटरी मो हाकिम, मो सेराज, मो मोईन, मो सज्जाद, मो शमशेर अली, मो नईम, मो नाजिर, मो अख्तर, मो तबरेज अंसारी, मो मकसूद, अब्दुल कैयूम, मो कुद्दुश, मो सरफराज, मो मंसूर, मो कासिम, मो इम्तियाज, मो सेराज, मो मंसूर, मो इरशाद, मो आलम, मो मोजिम को बनाया गया है।

### शिक्षकों के स्थानांतरण को ले डीसी ने की बैठक



**हजारीबाग।** समाहरणालय में उपायुक्त की अध्यक्षता मेंशिक्षा समिति की हुई बैठक। बैठक में बड़कागांव, केरेडारी एवं चुरचू प्रखंड अंतर्गत खनन क्षेत्र में स्थित विद्यालयों के अन्यत्र स्थानांतरण को लेकर चर्चा हुई। विधायक रोशन लाल चौधरी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों के शिफ्टिंग में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनभावनाओं का ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा विषय है, अतः निर्णय सोच-समझकर क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार हों। सांसद मनीष जायसवाल ने हेंदेगिर विद्यालय भवन में वर्षों से चल रहे पुलिस कैंप पर चिंता जताई और इसे शीघ्र खाली कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को 15 किलोमीटर दूर पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है। उपायुक्त ने इसपर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। मांडू विधायक तिवारी महतो ने विष्णुगढ़ क्षेत्र के स्कूल परिसरों से सूखे पेड़ हटाने की मांग की। बैठक में सांसद, विधायक प्रतिनिधि, डीडीसी, जिला शिक्षा अधिकारी, एनटीपीसी और सीसीएल के अधिकारी उपस्थित थे।

# मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

## मुहर्रम का जुलूस व घूरती रथ यात्रा एक साथ, विशेष एहतियात बरतने पर दिया गया जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी मुहर्रम त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर शनिवार की शाम चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक व संचालन पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने की। बैठक में इस वर्ष मुहर्रम व घूरती रथ यात्रा एक ही दिन होने के कारण शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया। अधिकारियों ने प्रखंड के सभी लाइसेंसी व गैर लाइसेंसी मुहर्रम अखाड़ा कमिटी के लोगों से 15-15 वॉलेंटियर्स की सूची उपलब्ध कराने, मुहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूस के रुट मैप, माननीय न्यायालय के निदेर्शानुसार ताजिया व झंडे की ऊंचाई सीमित रखने, जुलूस के दौरान डीजे का उपयोग समिति करने, सोशल मीडिया पर आने वाले भड़काऊ व सामाजिक



मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न।

सौहार्द को तोड़ने वाले संदेशों को साझा करने से बचने, किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में कानून को हाथ में न लेने व तुरंत प्रशासन को सूचना देने की बात कही। अधिकारियों ने आगे कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में सबकी भूमिका अहम है, समाज के सभी वर्ग के लोग शांति कायम रखने में प्रशासन का सहयोग करें। वहीं रामयश पाठक, महेंद्र प्रसाद साहू, दीपू सिन्हा, हाजी फिरोज अहमद व अन्य वक्ताओं ने कहा कि चंदवा का सौहार्दपूर्ण वातावरण जिले में मिसाल है। इसे सभी धर्म के लोगों को मिल कर कायम रखना है। समाज के प्रबुद्धजन साख तौर पर युवाओं को संयमित रहने के लिए मार्ग दर्शित करने का कार्य करें। इसके अलावे बोदा, सेरक, हुचलु समेत विभिन्न अखाड़ा समिति के लोगों ने मुहर्रम के दौरान आहूत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। बैठक की समाप्ति की घोषणा बीडीओ चंदन प्रसाद ने की। मौके पर निर्मल भारती, मनोज चौधरी, असगर खान, बाबर खान, बिनोद कुमार गुड्डू, मो अब्दाल, बेलाल अहमद, नसीम हैदरी, भोला खान, डॉ शम्स रजा, संदीप टोप्पो, रमजान साईं, मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, ललिता देवी, संगीता लकड़ा समेत दर्जनों प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### बैलगड़ा गांव में ग्रामीण पथ की स्थिति दयनीय, लोगो को आवागमन में हो रही है भारी परेशानी

**चंदवा।** प्रखंड के डुमारो पंचायत अंतर्गत बैलगड़ा ग्राम की सड़क इन दिनों अत्यंत खराब हो चुकी है। ग्रामीणों का चलना भी दुभर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बैलगड़ा में वीर कुंवर स्थान से लेकर अखरा तक की पथ चलने लायक नहीं कि वहीं पीडब्लूडी रोड से छोटू गंझु के घर तक जल जमाव होने से पैदल चलना भी मुश्किल है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय बैलगड़ा से बजरमरी पथ का स्थिति, गोपाल गोप के घर से भड़मड़ीटाँड संजय गोप के घर तक सड़क का निर्माण करना अति आवश्यक है। एतवा लोहरा के घर से लेकर कुम्बाटोली होते पाहन टोला तक सड़क निर्माण कि मांग कि है। मांग करने वालो में भारतेश गोप, राजकिशोर गोप, आलोक यादव, आनंद गोप, धनेश्वर गंझू, महेंद्र यादव, रामनरेश गोप, विसुन गंझू, खेलावन गंझू, रामजीत टाना भगत, कार्तिक टाना भगत, मोहन गोप के नाम शामिल हैं।



खराब सड़क से परेशान लोग।

# महुआडांड़ में प्रेरणादायक शैक्षणिक दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** शनिवार को होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज, अंबिकापुर के प्राचार्य डॉ सिस्टर शांता जोसेफ एवं प्राध्यापक प्रतिनिधि टीम ने संत जेवियर्स कॉलेज, महुआडांड़ का शैक्षणिक दौरा किया। यह दौरा दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक अनुभवों के आदान-प्रदान, संस्थागत समझदारी और भविष्य की संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संत जेवियर्स कॉलेज, महुआडांड़ के प्राचार्य ने डॉ फादर एम के जोस आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि, हम ऐसे शैक्षणिक संवादों के माध्यम से एक साझा शिक्षण संस्कृति को विकसित करना चाहते हैं। मुख्य वक्तव्य में प्राचार्य डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ ने कहा संत जेवियर्स कॉलेज जैसे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र में उच्च शिक्षा को सशक्त बनाना अत्यंत प्रेरक है। यहां का शैक्षणिक वातावरण, अध्यापकों की प्रतिबद्धता और विद्यार्थियों की सीखने की ललक अनुकरणीय है। इस शैक्षणिक संवाद ने न केवल दोनों संस्थानों के बीच सौहार्द और सहयोग को प्रगाढ़ किया, बल्कि यह स्पष्ट किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संस्थागत सीमाओं से परे जाकर समन्वय और साझा प्रयास आवश्यक हैं। भविष्य में इस प्रकार के अकादमिक मेल-जोल, शोध सहयोग और सांस्कृतिक साझेदारी से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवीन संभावनाएं जन्म लेंगी। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब शिक्षक संवाद करते हैं, तो ज्ञान सीमाएँ नहीं जानता वह आगे बढ़ता है, जुड़ता है और समाज को दिशा देता है। आगंतुकों ने भी NAAC तैयारी के तहत कॉलेज द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों, गुणवत्ता मानकों और पारदर्शिता की सराहना की। दौरे का समापन आपसी संवाद, सम्मान और भविष्य की सहभागिता की आशाओं के साथ हुआ। इस दौरान फादर समीर टोप्पो, फादर लिओ, फादर राजीप, सिस्टर दिव्या, प्रो शालिनी बाडा, प्रो मनिषा बखला प्रो सुरभि सिंहा, प्रो मन्नु कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।



डॉ सिस्टर शांता जोसेफ को बुके देकर स्वागत करते प्राचार्य।

## भारी बारिश से तबाही : कुटमू में पुल टूटा, बरवाडीह बाजार की सड़कें बनीं नदी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** शनिवार को हुई मूसलधार बारिश ने बरवाडीह प्रखंड में भारी तबाही मचा दी है। बेतला के कुटमू गांव में स्थित बड़ा पुल तेज बहाव में टूट गया, जिससे सरईडीह और पोखरी का संपर्क कुटमू चौक से पूरी तरह कट गया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। उधर बेतला-गारू और बरवाडीह डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर कई जगहों पर पानी भरने से मार्ग लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों की भी आवाजाही प्रभावित हो रही है। बरवाडीह मुख्य बाजार क्षेत्र और आसपास के मुहल्लों में जलनिकासी की व्यवस्था पूरी तरह फेल हो गई है। जाम नालियों के कारण बारिश का पानी सड़कों पर बहता नजर आ रहा है, जिससे सड़कों ने नदी का रूप ले लिया है। कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया है, जिससे आमजन को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी सिर्फ फोटो खिंचवाने और सोशल मीडिया में सक्रिय दिखने तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर राहत और बचाव का कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने विधायक और जिला प्रशासन से तत्काल क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत शुरू कराने और मुख्य बाजार इलाके में जलनिकासी की व्यवस्था और प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने की मांग की है।



भारी बारिश से पुल टूटा।



जाम में फसी वाहन।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने प्रार्थना सभा आयोजित कर शिबू सोरेन के स्वस्थ होने की कामना की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझु के नेतृत्व में बालूमाथ प्रखंड कमेटी झामुमो के कार्यकताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वस्थ होने की कामना किया। प्रार्थना सभा का आयोजन बालूमाथ सरना भवन में किया गया था। जहां विशेष पूजा अर्चना की गई।

मौके पर प्रदीप गंझु ने बताया कि झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ने के कारण झामुमो परिवार चिंतित है। उन्होंने शिबू सोरेन के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना किया। मौके पर जिला संयुक्त सचिव ऐश्वर्य उरांव प्रखंड सचिव कपिलदेव उरांव मीडिया प्रभारी मो अतीक अंसारी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना उरांव, पंचायत अध्यक्ष धाधू बिरणदेव उरांव पंचायत अध्यक्ष चेताग अमित उरांव, प्रखंड अध्यक्ष बरियातू राजेंद्र गंझु, पंचायत अध्यक्ष बसिया साबिर अंसारी सदस्य पूनम देवी धाधू पंचायत सचिव गुड़िया देवी, सिकंदर उरांव, वीरेंद्र उरांव संजय उरांव, नारायण उरांव बाबूलाल गंझू अमन भोक्ता फूलमती देवी माइकल कुजूर सुधा कुमारी अजीत उरांव राजेंद्र उरांव रामलाल उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक संपन्न, डीसी ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर दिए कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक शनिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला निबंधन प्राधिकार दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले एवं प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, आभा कार्ड निर्माण, 15वें वित्त आयोग के तहत स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण और नीति आयोग के इंडिकेटर्स जैसे एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, चाइल्ड इम्यूनाइजेशन, फैमिली प्लानिंग, ई-संजीवनी आदि की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। नवीन स्वास्थ्य भवनों के निर्माण के पश्चात हस्तांतरण की धीमी प्रक्रिया पर डीसी ने चिंता जताई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिया। साथ ही सदर अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में चिकित्सकीय सेवाओं को सुदृढ़ करने और यूनिफॉर्म में उपस्थित रहने का भी निर्देश एमओआईसीएस को दिया गया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारियों ने डीसी को चिकित्सकों की कमी, स्वास्थ्यकर्मियों की अनुपलब्धता, सुरक्षा गार्ड की तैनाती, एक्स-रे टेक्नीशियन की कमी, खराब पड़ी एंबुलेंस और विद्युतीकरण से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। डीसी ने सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार को इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक के दूसरे सत्र में डीसी सह जिला समुचित प्राधिकारी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की रजिस्ट्रेशन, रिन्यूअल, झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई, सेक्स रेश्यो में सुधार, अनाधिकृत क्लीनिकों को बंद करने और पीसी-पीएनडीटी एक्ट का पालन सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। डीसी ने गढ़वा और रंका अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अटल क्लिनिक, अर्बन हेल्थ सेंटर, अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण नियमित रूप से करें। बैठक में एकीकृत रोग निगरानी परियोजना की समीक्षा की गई। मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों के रोकथाम, इलाज और जागरूकता के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में गढ़वा एसडीएम संजय कुमार, रंका एसडीएम रूद्र प्रताप, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, विभिन्न एमओआईसीएस, चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी।

## गढ़वा बना देश का अग्रणी आकांक्षी जिला, डीसी ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में गढ़वा जिले ने जनवरी और फरवरी 2025 में लगातार देशभर में पहला स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन पर डीसी दिनेश कुमार यादव ने जिला प्रशासन और समस्त गढ़वा वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। गढ़वा जिला, देश के 112 आकांक्षी जिलों में सभी प्रमुख क्षेत्रों स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, आधारभूत संरचना और वित्तीय समावेशन में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लगातार दो महीनों तक शीर्ष स्थान पर बना रहा। यह उपलब्धि नीति आयोग की निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली के तहत दर्ज की गई है। डीसी श्री यादव ने कहा कि यह सफलता प्रशासनिक प्रतिबद्धता, विभागीय समन्वय, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और सबसे महत्वपूर्ण, जनभागीदारी का परिणाम है। पंचायतों, विभागों और समुदाय के सहयोग से गढ़वा ने विकास के विभिन्न मापदंडों पर उल्लेखनीय प्रगति की है। इस राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए गढ़वा जिले को विशेष प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त होगी, जिसका उपयोग स्थानीय विकास योजनाओं और जनहितकारी कार्यों में किया जाएगा। डीसी, डीडीसी, नीति आयोग के पीपीआईए फेलो और समस्त जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से इस सफलता को झारखंड राज्य के लिए गौरव का क्षण बताया।



डीसी दिनेष कुमार यादव।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के एसआई दिनेश सिंह ने थाना कांड संख्या 161/24 के तहत फरार चल रहे वारंटी अवधेश राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया। अवधेश राम, मकरी टोला बगही का निवासी है, जिसके खिलाफ धारा 406 एवं धारा 420 के तहत मामला स्थानीय थाना में दर्ज था। वह पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस की सतत निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेजा गया।

## स्पीड न्यूज

### युवक के साथ भागी नाबालिग सूरत से बरामद, युवक जेल भेजा गया, लड़की बाल सुधार गृह

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के गायब होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़की और युवक को गुजरात के सूरत से बरामद कर लिया। युवक को जेल भेज दिया गया है, जबकि नाबालिग लड़की को बाल सुधार गृह चतरा भेजा गया है। घटना मझिआंव प्रखंड के पुरहे पंचायत क्षेत्र की है, जहां 17 वर्षीय नाबालिग युवती रजनी कुमारी (काल्पनिक नाम) 9 दिसंबर 2024 की रात को विशुनपुरा थाना क्षेत्र के प्रतिहारी गांव निवासी महमूद आलम पिता हनीफ अंसारी के साथ घर से फरार हो गई थी। घटना के अगले दिन 10 दिसंबर को पीड़िता की मां ने मझिआंव थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उसी आधार पर मझिआंव थाना में कांड संख्या 121/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और पुलिस लगातार छानबीन में जुट गई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि टेक्निकल सेल की मदद से युवक महमूद आलम और नाबालिग युवती की लोकेशन सूरत में ट्रेस की गई। इसके बाद एएसआई तपेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने गुजरात जाकर दोनों को गिरफ्तार कर मझिआंव लाया। महमूद आलम को न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया, वहीं नाबालिग लड़की का मेडिकल परीक्षण करवाया गया और बयान दर्ज किया गया। शनिवार को उसे बाल सुधार गृह चतरा भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता पूर्व में भी घर से भाग चुकी थी। उस समय उसे खोजकर लाया गया था, लेकिन परिजन उसे घर वापस नहीं लाए। बताया जा रहा है कि युवती पिछले छह महीने से महमूद के साथ सूरत में रह रही थी और वह इस समय लगभग दो माह की गर्भवती भी है।

### नाबालिगों द्वारा तेज रफ्तार में वाहन चलाने का सिलसिला जारी

**मझिआंव।** मझिआंव और बरडीहा थाना क्षेत्र में इन दिनों सड़क सुरक्षा नियमों का खुला उल्लंघन देखने को मिल रहा है। इन इलाकों में काफी संख्या में नाबालिग लड़के बिना लाइसेंस के तेज रफ्तार दोपहिया वाहन चलाते हुए देखे जा रहे हैं। यही नहीं, हेलमेट पहनने जैसे जरूरी नियमों की भी जमकर अनदेखी हो रही है। हालात इतने खराब हैं कि कई बार एक बाइक पर दो नहीं, बल्कि तीन से चार लोग सवार होकर चल रहे हैं। इससे न केवल खुद की, बल्कि राहगीरों की जान को भी खतरा बना रहता है। पुलिस द्वारा कई बार जागरूकता अभियान चलाया गया है। मझिआंव थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि लगातार हो रहे सड़क हादसों और मौतों को देखते हुए पुलिस समय-समय पर लोगों को जागरूक कर रही है। इसके बावजूद लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करने को तैयार नहीं हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि हम वाहन चेकिंग अभियान के दौरान भी बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर चेतावनी दे रहे हैं, लेकिन अधिकतर लोग इसे गंभीरता से नहीं लेते। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाने की बात कही है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उसके अभिभावकों से 25,000 रुपए का जुमार्ना वसूला जाएगा। यह नियम मोटर वाहन अधिनियम के तहत लागू है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तय है। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, बच्चों को वाहन न सौंपें और स्वयं भी हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाएं।

### वन विभाग ने किया मुआवजा का वितरण

**बालूमाथ।** बालूमाथ वन विभाग ने जंगली हाथियों से पीड़ित ग्रामीणों के बीच शनिवार को मुआवजा राशि का वितरण किया। जिसके तहत फसल मुआवजा में 71 आवेदकों के बीच लगभग 10 लाख रुपए का वितरण किया। वहीं हाथी द्वारा कुचले जाने से हुई मृतक के परिजन को मुआवजा राशि दी गयी। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, मारंगलोइया पंचायत मुखिया सोनामणि कुमारी, वनरक्षक सिकंदर राम,वनपाल सह वनरक्षक आनंद कुमार, वन सुरक्षा समिति मंदीप कुमार, वनरक्षक अरुण कुमार उक्त ने मुआवजा राशि का वितरण किया। वही बालूमाथ के मारंगलोइया ग्राम में हाथी द्वारा कुचले जाने से मृत हुए सुनीता देवी पति धर्मदेव उरांव ग्राम मारंगलोइया थाना बालूमाथ निवासी को बकाया मुआवजा राशि एक लाख दिया गया।



वन विभाग के द्वारा मुआवजा देते हुए।

### भाजपा कार्यालय मे विधायक प्रतिनिधि को सम्मान समारोह का आयोजन

**बारियातू।** भाजपा कार्यालय मे कार्यक्रम आयोजित कर विधायक प्रतिनिधि को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यालय में पेजल एवं स्वच्छता विभाग के विधायक प्रतिनिधि अनिल उर्फ महेंद्र प्रसाद प्रसाद की अध्यक्षता मे किया गया। इस आयोजन मे विधायक प्रतिनिधि योगेन्द्र गंझु को मिठाई व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। योगेंद्र गंझु को लातेहार विधायक प्रकाश राम ने अनुसूचित जनजाती वर्ग कल्याण विभाग का दायित्व सौंपा है, इसके साथ उपस्थित लोगो एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किए। मौके पर स्वास्थ विभाग के विधायक प्रतिनिधि देवनन्दन प्रसाद, भाजपा युवा नेता सोनू प्रजापति, समाज सेवी भीम प्रजापति, जगदीश उरांव, महेश गझु, तेजू गंझु, आनंद प्रजापति, रिंकू यादव, जतन प्रजापति, तुलेश्वर यादव, संतोष ठाकुर, विष्णुदेव यादव, मुकेश गंझु, जीतन गझु, बिनोद गझु, धीरज राणा, सुनील सिंह, द्वारिका यादव, दिलीप साव, अशोक गंझु, रवि गंझु, प्रकाश यादव, बबलू सिंह बसंत प्रजापति, रामनाथ उरांव, सुरेंद्र गंझु, संजीत सिंह, तथा सैकड़ो संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जागरूकता अभियान चंदवा में चलाया गया

**चंदवा।** चंदवा के एकमे एजुकेशन के द्वारा नशा मुक्ति को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार के निदेर्शानुसार रैली निकाला गया। जिसमें एकमे एजुकेशन के बच्चियों ने चंदवा के इंदिरा गांधी चौक तक यह रैली के रूप में आयोजन कर जागरूकता किया। रैली में नारे लगाते हुए सभी बच्चियों ने कहा कि अपना जीवन बचाना है नशा को दूर भगाना है ऐसे कई नशा से संबंधित कई नारो को बुलंद करते हुए रांची चतरा मुख्य मार्ग पर जागरूकता अभियान चलाया गया। एकमे एजुकेशन के मिथिलेश कुमार ने कहा कि सरकार नशा मुक्ति को लेकर कई तरह की अभियान पूरे देश भर में चला रही हैं। हम सभी लोग भी नशा को दूर भगाने के लिए एक जागरूकता अभियान के तहत मुहिम चला कर नशा को दूर करने के लिए विचार व्यक्त कर रहे हैं। इस अवसर पर नशा मुक्ति रैली में कई बच्चे शामिल हुए।



नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया।

### भीषण बारिश में पंचमुखी शिव मंदिर पर वज्रपात

**बरवाडीह।** शनिवार को अचानक हुई तेज बारिश और आसमानी गर्जना के बीच मुख्य बाजार स्थित पंचमुखी शिव मंदिर पर वज्रपात हो गया। इस हादसे में मंदिर के ऊपर लगा हुआ चोंगा (ध्वनि यंत्र) पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि मंदिर का छत और गुंबद भी क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना के वक्त मंदिर में कोई श्रद्धालु मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। वज्रपात की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास के मोहल्लों में भी दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर परिसर में वज्रपात से सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने प्रशासन और मंदिर समिति से जल्द से जल्द चोंगा की मरम्मत और सुरक्षा उपायों की मांग की है।



वज्रपात से क्षतिग्रस्त हुआ मंदिर का गुंबद।

### डीलर पर राशन वितरण में गड़बड़ी का आरोप, सैकड़ों लाभुकों ने की शिकायत

**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत में डीलर दशरथ बैठा पर राशन वितरण में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगा है। पंचायत के सैकड़ों लाभुकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर डीलर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं में सोनू बैठा, सर्वेश प्रसाद गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, शंकर कुमार, अजय कुमार, रवि सोनी, रीना देवी, प्रतिमा कुमारी, प्रभा देवी, श्रीकांत कुमार, शांति देवी आदि लाभुक शामिल हैं। लाभुकों ने कहा कि डीलर राशन समय पर वितरित नहीं करता है। राशन वितरण से पहले ही लाभुकों से अंगूठा लगवा लेता है, लेकिन बाद में राशन नहीं देता। कई लाभुकों को कहा जाता है कि राशन खत्म हो गया है, बाद में मिलेगा। सवाल पूछने पर डीलर अभद्र व्यवहार करता है और धमकी देता है कि ज्यादा बोलोगे तो कार्ड से नाम कटवा देंगे। इस संबंध में प्रभारी खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सह बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि जून-जुलाई का राशन मिल चुका है। अगस्त माह का राशन मशीन खराब होने के कारण रुका हुआ है। मशीन दो-चार दिनों में ठीक हो जाएगी, फिर वितरण शुरू किया जाएगा।

### उर्मिला देवी का निधन

**गढ़वा।** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह की धर्मपत्नी और वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की प्रथम महिला अध्यक्ष उर्मिला देवी का 27 जून को रांची स्थित अपने आवास में निधन हो गया। वह 73 वर्ष की थीं। वह लंबे समय से बीमारी से जूझ रही थीं। उनके निधन के बाद, वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट परिसर में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी संस्थानों में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। ज्ञात हो कि उर्मिला देवी का वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थान को आगे बढ़ाने में अविस्मरणीय योगदान रहा है। उनके प्रयासों से ट्रस्ट ने गढ़वा में शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए।

### सड़क की जांच में अनियमितता उजागर

**रमना।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से बन रही बाबुडीह से बुल्का (लगभग 12 किमी) लंबी सड़क निर्माण कार्य में सामने आई अनियमितताओं की शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने स्थल का निरीक्षण व जांच किया। इस जांच की पृष्ठभूमि में जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी द्वारा अनियमित निर्माण कार्य और बरसात के मौसम में सड़क निर्माण से ग्रामीणों को हो रही कठिनाइयों की शिकायत वंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी से की गई थी। साथ ही इस समस्या को मीडिया में भी प्रमुखता से उठाया गया था। निरीक्षण के दौरान सिलिदाग महादेव मोड़ के पास ग्राम को जोड़ने वाले मुख्य पथ पर डाली गई मिट्टी हटाकर भीस डालने का निर्देश दिया गया। साथ ही निमार्णाधीन पीसीसी सड़क की गुणवत्ता जांच की गई। जिरुआ जलाशय के पास दरार पड़े पुलिया की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूना संग्रह किया गया। जिरुआ नदी पर बने पुल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संवेदक से कार्य की प्रगति और गुणवत्ता पर सवाल किए गए, जिस पर संवेदक अनिल साह ने दावा किया कि काम अच्छी तरह से हो रहा है। हालांकि एसडीओ ने मौके पर उपस्थित संवेदक को सख्त दिशा-निर्देश जारी किया। मौके पर एई निश्चिल रंजन, जेई संजीव कुमार, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज़

### भूमि अधिग्रहण से संबंधित रैयतों का अविलंब राशि का करें भुगतान : डीसी



गुमला। डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला भू-अर्जन कार्यालय, गुमला द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। गुमला जिला अंतर्गत वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित 04 योजनाएं एवं राजकीय राजमार्ग से संबंधित 11 योजनाएं संचालित है। राष्ट्रीय राजमार्ग योजनाओं में एनएच 43 में पलमा-गुमला पथ चौड़ीकरण योजना, एनएच-143 जमटोली-रांची-संबलपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर, भारत माला परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर से गुमला तक एनएच 43 का निर्माण कार्य तथा रायडीह-गुमला मार्ग पर गुमला बाईपास सड़क निर्माण योजना शामिल है। राजकीय राजमार्ग योजनाओं में कोनसा-बकसपुर, पुत्रीटोली-डोलंगसेरा, सिसई-लापुंग-डोड़मा, कोचेडेगा-रामरेखा, रोकेडेगा-बिलिंगबीरा, टकरमा-ससिया, रामपुर-कदमडीह-टांगरटोली-कुरकुरा-तेतरटोली, मांझाटोली-चैनपुर-डुमरी एवं भीखमपुर-जारी-मेराल मार्ग, सिसई-बसिया पथ, गुमला-बांसडीह-कासिर मार्ग, तथा डुमरी से बढ़ा कटरा भाया कोरकोना-छत्तीसगढ़ बॉर्डर तक के मार्गों का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य शामिल है। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी रैयतों को अविलंब भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो कार्य अपूर्ण हैं या किसी कारणवश लंबित हैं, उन्हें शीघ्रता से पूर्ण किया जाए ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से आम जनता तक पहुंच सके। इस दौरान पीडी एनएचएआई, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गुमला, कार्यपालक अभियंता आरसीडी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस पर डीसी ने सुनी ऑनलाइन समस्या



गुमला। डीसी के निर्देश पर डीडीसी दिलेश्वर महतो ने शनिवार को ई-जनशिकायत कार्यक्रम में बसिया, पालकोट, गुमला एवं भरनो प्रखंड के नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर उनकी समस्या सुनी। कार्यक्रम में लगभग 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पुल निर्माण, जलमीनार, सड़क निर्माण, पेयजल समस्या, आधार कार्ड सुधार कराने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आवास एवं अन्य योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। डीडीसी महतो ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित बीडीओ को समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित बीडीओ के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### प्रत्येक मंगलवार को पंजी टू में होगा ऑन द स्पॉट सुधार : अंचलाधिकारी

गुमला। घाघरा अंचलाधिकारी ने ऑनलाइन पंजी टू में सुधार के बढ़ते आवेदन एवं शीघ्र सुधार की समस्या के समाधान हेतु प्रत्येक मंगलवार मुख्यालय दिवस के दिन सुबह 11:00 बजे से 3.00 तक ऑन स्पॉट ऑनलाइन पंजी टू सुधार कैम्प का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है। जो भी रैयत ऑनलाइन पंजी टू में सुधार ऑन द स्पॉट अर्थात हाथों हाथ कराना चाहते हैं वे मंगलवार को सुबह 10 बजे कार्यालय आकर अपना नाम कैम्प पंजी में दर्ज करा लें। क्रमानुसार निर्धारित समय सीमा में जितने रैयत का ऑनलाइन पंजी टू में सुधार होगा। इसी प्रकार प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को कैम्प मोड़ में रैयत की उपस्थिति में ऑन स्पॉट ऑनलाइन पंजी टू में सुधार किया जाता रहेगा।

### खाद और बीज की किल्लत से किसान परेशान : शिशिर



गुमला। सरकारी धान बीज की कालाबाजारी से जिले के किसान परेशानी हो उठे। धान बीज को लेकर लगातार किसान सरकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे। लेकिन उन्हें बीज नहीं मिल पा रहा है। अच्छी बारिश के कारण किसान जल्द से जल्द बीड़ा छिंटने को लेकर परेशान हैं। इस संबंध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाज सेवी शिशिर कुमार गुप्ता ने कहा कि गुमला जिले के किसान खाद और बीज की भारी कमी से जूझ रहे हैं। लगातार मांग के बावजूद अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस समाधान न निकलने पर किसान काफी आक्रोशित है। किसानों की यह नाराजगी बिल्कुल जायज है। खेतों में बुवाई का समय बीता जा रहा है और उर्वरक तथा बीज उपलब्ध न होने से उनके सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। गुप्ता ने जनहित के मुद्दों पर आवाज प्रखर करते हुए इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता सड़क पर उतर आए तो यह चेतावनी है कि हालात गंभीर हैं। गुप्ता ने प्रशासन से तत्काल खाद और बीज की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, ब्लॉक स्तर पर विशेष वितरण शिविर लगाने, खाद-बीज वितरण में पारदर्शिता और निगरानी के लिए स्वतंत्र टीमें नियुक्त करने व कालाबाजारी या भंडारण में अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि अगर समस्या का त्वरित समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में किसानों का विरोध और व्यापक रूप ले सकता है। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### गुमला : डालसा ने पीएलवी सदस्यों का कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का किया आयोजन

# पीएलवी सदस्य लोगों को सुविधायें उपलब्ध करायें : पीडीजे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक को संबोधित करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश।

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सभागार में शनिवार को पीएलवी सदस्यों का कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा ध्रुव चंद्र मिश्र ने कहा कि सभी पीएलवी अपने-अपने क्षेत्र में मन लगाकर कार्य करें और लोगों को सभी तरह का सरकारी योजनाओं एवं विधिक सहायता का लाभ दिलवाने का प्रयास करें। थाना में रह रहे पीएलवी थाना में आने वाले लोगों की समस्या सुने और उनकी मदद करें। उन्हें जरूरत हो तो इलाज कराने हेतु अस्पताल तक ले जाएं तथा 164 आदि का बयान के लिए उन्हें कोर्ट तक आने के लिए भी मदद करें। मुआवजा की स्थिति में उन्हें मुआवजा के लिए भी आवेदन हेतु जानकारी दें। प्रखंड वाले पीएलवी सदस्य जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्या सुने और उन्हें उनके कार्य संबंधी मार्गदर्शन करें। अपने क्षेत्र में जिस समस्या का ज्यादा प्रकोप हो उसके विषय में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को जागरूक करें। जिससे समस्या का समाधान करने में आसानी होगी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि सभी पीएलवी क्षेत्र में श्रृंखला बनाकर कार्य करें और सुदूर क्षेत्र तक के लोगों को लाभ दिलाने में उनका सहयोग करें। आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला को सूचित करें और वहां से मदद ल्ल्लल्लेलकर लोगों का समस्या को दूर करें। कार्यक्रम में प्रतिक राज न्यायिक दंडाधिकारी सह रजिस्ट्रार, एलएडीसी एवं सभी क्षेत्र के पीएलवी उपस्थित थे। वहीं झालसा के निर्देश पर मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 185 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें 1974677 रुपए की राजस्व की प्राप्ति हुई।

### गुमला डीसी की अध्यक्षता में कृषि विभाग की हुई समीक्षा बैठक, कहा

# किसानों को समय पर बीज का करें वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल डीसी व अन्य।


**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि किसानों को बीज वितरण की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि किसान ससमय खेतों में बीजारोपण कर सकें। साथ ही बीज वितरण की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए गए। कृषि विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करें। बैठक में डीसी द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डीप एरिगेशन, समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला, झारखंड कृषि ऋण माफी,फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना,केसीसी योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के योग्य किसानों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित करने का लक्ष निर्धारित करें और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें। बैठक के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, घने जंगल का लाभ उठाकर उग्रवादी हुए फरार

## भारी मात्रा में गोली और सामग्री बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**लोहरदगा।** जिले के नक्सल प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत हरकट्टा जंगल के पास लोहरदगा लातेहार सीमावर्ती क्षेत्र के जंगल पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी और लोहरदगा पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। हालांकि घने जंगल का लाभ उठाकर नक्सली भगाने में सफल रहे । लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को गुप्त सूचना मिली थी पेशरार थाना क्षेत्र के जंगलों में प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो रविन्द्र यादव अपने दस्ते और इनामी नक्सली सचिन, विशाल, कालेश्वर खेरवार और शिव जी के साथ लोहरदगा क्षेत्र के जंगलों में भ्रमण कर रहे हैं और नक्सली घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसी को लेकर किस्को एसडीपीओ वेदांत शंकर के नेतृत्व में एसएसबी और सैट और जिला बल के जवानों के साथ टीम का गठन कर पेशरार थाना क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया गया। सुरक्षा बलों को देख नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दिया और जंगलों की ओर भाग निकले। वही लोहरदगा पुलिस को सर्च अभियान के दौरान भारी मात्रा में गोली और नक्सलियों के अन्य सामग्री मिली है।

पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों के जिंदा गोली 51 पीस, खोखा 5 पीस, एस एल आर का मैगजीन और मैगजीन पाउच, 5 एंड्रॉयड फोन 3 कीबोर्ड फोन, वाकी टॉकी और नक्सली पर्चा सहित कई सम्मान पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस की टीम लोहरदगा के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चला रही है।

### गुमला : जेजेएमपी, पीएलएफआई व झांगुर गुट के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

# अवैध उत्खनन एवं बालू की तस्करी पर रोक लगायें थाना प्रभारी : एसपी

## अपराध समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां की अध्यक्षता में शनिवार को अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार चन्दाली गुमला में किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, एसडीपीओ, चैनपुर, गुमला व बसिया, पुलिस उपाधीक्षक परिवीक्ष्यमान, अंचल निरीक्षक, गुमला, सिसई, बसिया व चैनपुर, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारी उपस्थित थे। अपराध समीक्षा बैठक आरंभ करने के पूर्व सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन पूर्वाह्न 09:00 बजे से 12:00 बजे तक जनता की समस्याओं को सुनेंगे एवं उसका निराकरण करेंगे। तत्पश्चात सड़क सुरक्षा संबंधी नियम के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देश दिया गया। आई रेड, ईआरएस तथा डायल 112 से संबंधित कार्रवाई के संबंध में एसपी ने निर्देश दिया। बैठक में अवैध उत्खनन एवं बालू-चिप्स की तस्करी पर रोक लगाने और तस्करों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने पर बैठक में जोर दिया गया। जेजेएमपी, पीएलएफआई एवं झांगुर गुट जैसे प्रतिबंधित संगठनों के संबंध में अधिक से अधिक सूचनाओं का संकलन कर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का एसपी ने निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में हत्या, बलात्कार, अपहरण व अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में अविलम्ब प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित गति से अनुसंधान करने के संबंध में निर्देश दिया गया। बैठक समाप्ति उपरांत नव प्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद कुमार को पुलिस अधीक्षक गुमला द्वारा कंधे में बैच पहना कर सम्मनित किया गया तथा भविष्य के लिए शुभकामना दी गई।

### बचपन प्ले स्कूल गुमला में आम महोत्सव का हुआ आयोजन



गुमला। लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल में शनिवार को आम महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में फलों के सेवन के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। बच्चों ने आम के स्वादिष्ट जूस और ताजे पके आम का भरपूर आनंद लिया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों के लिए एक मनोरंजक अनुभव प्रदान किया, बल्कि उन्हें प्रकृति के मीठे उपहारों से जुड़ने का अवसर भी दिया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों को पौष्टिक भोजन के महत्व को समझाने में मदद करते हैं और उनमें फलों को दैनिक आहार का हिस्सा बनाने की प्रेरणा जगाते हैं। इस अवसर पर शिक्षिका प्रिया रंजन सिंह, खुशी, मोनालिसा, सुमति कुमारी, अंकिता केशरी, अर्पिता राय और अन्य सभी शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा, जिनके प्रयासों से यह महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या के बाद खुद लगा ली फांसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** सुदूरवर्ती पठारी क्षेत्र सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के दुंदरु गांव में एक सनसनी घटना घटी है जहां प्रेमी ने प्रेमिका की गला काट कर हत्या कर दी और प्रेमी ने घटना को अंजाम देने के बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना लोहरदगा जिला अंतर्गत सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के दूंदरू गांव की है। हत्या के बाद आत्महत्या की घटना की सूचना पर सेरेंगदाग पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल आरम्भ कर दिया। फिलहाल दोनो शव को कब्जे में लेकर सेरेंगदाग पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि प्रेमी व प्रेमिका दोनो पहाड़ डांडू मेला देखने गए थे। दोनो मेला में घूमने के बाद घर लौटने के दौरान देर शाम प्रेमी तथा प्रेमिका में किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो गुस्से में आकर प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की गला काट कर हत्या कर दी। घटना के बाद घटना स्थल से भाग कर प्रेमी अपना घर गया और रस्सी निकाल जंगल में घर से दूर कही कटहल पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनो के शवों को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। प्रेमी की पहचान दुंदरु निवासी जंगल उरांव के 18 वर्षीय पुत्र जयनाथ उरांव तथा प्रेमिका बिशुनपुर थाना क्षेत्र के जालिम निवासी रामदेव खेरवार की 17 वर्षीय पुत्री मालती कुमारी जो अपनी मौसी के घर दुंदरु में रहकर पढ़ाई करती थी। सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रेमी युगल मेला से लौटने के क्रम में चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। इससे पूर्व मेला से लौट रहे लोगो ने बीच बचाव किया, लेकिन प्रेमिका के बातों से क्रोधित हो जयनाथ उरांव ने किसी की नही सुनी और चाकू से गर्दन रेत कर हत्या कर दी और फिर खुद आत्म हत्या कर ली। इस घटना से गांव में मातम छाया हुआ है और चर्चा का विषय बना हुआ है।

### अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना पहली जिम्मेदारी : डॉ नेहा ज्योति मधुर



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के बुधु भगत सभागार में स्वास्थ्य परामर्श/हमारी संस्कृति हमारा उत्सव विद्या भारती योजनानुसार कन्या भारती/ किशोर भारती के तहत कार्यक्रम हुआ। मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल और सदर अस्पताल में कार्यरत डॉ नेहा ज्योति मधुर, नीलिमा सिंह, मधुमिता शर्मा, प्रमेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ नेहा ज्योति ने कहा कि विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य परामर्श में बहनों को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए विशेष जानकारी दी। खासकर बहनों को उनके शारीरिक परिवर्तन से लेकर प्रचूर मात्रा में आयरन युक्त में भोजन लेने की सलाह दी। एनीमिया, थायराइड, त्वचा रोग इत्यादि के बारे में मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समस्याओं का सामना करने से छात्रों का आत्मविश्वास आत्मसम्मान बढ़ता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के भैया को हमारे संस्कृति हमारे उत्सव के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य/दीदी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### भंडरा : साइलेंसर खोलकर बाइक चलाने वाले बाइकर्स से लोग परेशान

भंडरा। बाइक एवं स्कूटी का साइलेंसर खोलकर कर्कश आवाज के साथ रोड में फराटा चलने वाले बाइकर्स से राहगीर सहित आम लोग काफी परेशान है। दिन प्रतिदिन साइलेंसर खोलकर बाइक चलाने का प्रचलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब प्रशासन इन बिंदुओं पर ध्यान नहीं देती है तो ऐसे असामाजिक लोगों का मनोबल बढ़ते चला जाता है। बाइक का साइलेंसर खोलकर चलने वाले लोगों में अधिकतर नाबालिक एवं बगैर लाइसेंस धारी लोग होते हैं फिर भी इन पर अंकुश लगाने में प्रशासन असफल है। ऐसे बाइकर्स से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बीमार एवं वृद्धि जनों को ज्यादा समस्या होती है। ऐसे बाइकर्स भीड़भाड़ वाले जगहों पर बाइक को तेजी से चलते हैं। स्कूल कॉलेज वाले सड़कों पर इन्हें फरटा मारते हुए आसानी से देखा जा सकता है। लोगों का मानना है कि बाइक जांच के नाम पर कोई भी कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की जा रही है। साइलेंसर खोल कर चलने वाले बाईकर्स पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। इसके साथ ही शराब के नशा में बाइक चलाने वालों की भी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते चली जा रही है। सड़क में नशा की स्थिति में बाइक चलाने के कारण दिन प्रतिदिन दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। अधिकतर दुर्घटना में नशा ही प्रमुख रूप से पाया जाता है फिर भी किसी तरह का अंकुश लगाने का प्रयास नहीं हो रहा है।

# पीडीएस दुकानों की व्यवस्था में करे सुधार : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय में खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, एजीएम, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में डीसी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी पीडीएस दुकानों में साफ-सफाई, स्टॉक के समुचित रख-रखाव और उपभोक्ताओं के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी राशनकार्डधारियों की केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिले के सभी पीडीएस दुकानों में वरीय पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए, जिससे खाद्य आपूर्ति में पारदर्शिता बनी रही। डीसी ने सभी एजीएम को निर्देश देते हुए कहा कि सभी राशन डीलर तक एक हफ्ते के अंदर चने की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी को नए राशन कार्ड निर्गत तथा पुराने राशन कार्ड को निरस्त करने की प्रक्रिया का फॉलोअप करने की बात कही गई। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को कहा गया।

### भास्कर एजुकेशनल स्कूल में लोकतंत्र की समझ के लिए चुनाव प्रकिया का आयोजन





घाघरा। देवी मंडप रोड घाघरा स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में चुनाव और लोकतंत्र की समझ विकसित करने के लिए सभी क्लास में संसद सदस्य का चुनाव कराया गया। चुनाव में स्कूल की उन्नत सॉफ्टवेयर प्रणाली का उपयोग किया गया। सभी स्टूडेंट्स को बैलेट पेपर और पोस्टल बैलेट पेपर की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न पदों के लिए अपने नामांकन प्रस्तुत किए। प्रत्येक उम्मीदवार को एक विशिष्ट प्रतीक आवंटित किया गया। उम्मीदवारों ने सक्रिय रूप से प्रचार किया अपने विचारों पर चर्चा करने और समर्थन हासिल करने के लिए अपने साथियों के साथ बातचीत भी की। अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने स्कूल के सॉफ्टवेयर का उपयोग करके अपने वोट डाले। कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति की गई जो छात्र समुदाय के समग्र प्रतिनिधित्व को दशार्ता है। निर्वाचित पदाधिकारियों में स्कूल कैप्टन, उप कप्तान, जूनियर कैप्टन, हेड बॉय, हेड गर्ल। प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने कहा, नए संसद सदस्य अपनी भूमिकाएं संभालने के लिए तैयार हो रहे है। बच्चों को इन सभी चीजों की जानकारी आवश्यक है जिसके निमित यह कार्यक्रम किया गया। मौके पर नितेश रंजन भास्कर, प्रकाश पांडेय, शशिभूषण गोस्वामी, मेघा कुमारी, निशा कुमारी, नूतन सिंह, सारिका साहू, किरण कुमारी, सोनी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### कैशमनी प्राईज हॉकी प्रतियोगिता एक जुलाई से

गुमला। मिक्स ब्रदर्स गुमला के द्वारा चार दिवसीय कैशमनी प्राईज हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कार्तिक उरांव कॉलेज मैदान में एक जुलाई से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 4 जुलाई को होगा। प्रतियोगिता में 8 टीमों का ग्रुप बनाया जाएगा। जिसके विजेता क्वाटर फाइनल में प्रवेश करेगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 22 हजार, द्वितीय पुरस्कार 17 हजार, तृतीय पुरस्कार 12 हजार व चर्तुथ पुरस्कार नगद 8 हजार रूपया दिया जाएगा। खेल का आयोजन राष्ट्रीय नियम के अनुसार होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें अपनी हॉकी व जर्सी लेकर आएंगे। खेल में अंतिम निर्णय रेफरी की होगी। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डुमरी विधायक जयराम महतो होंगे। यह जानकारी सुशील तिर्की ने दी है।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का के पैतृक गांव को जोड़ने वाली सड़क चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

## दस किमी सड़क पहली बारिश में टूटी, 26 करोड़ 32 लाख की लागत से हुआ है मुख्य सड़क का निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सड़क के बीचों बीच बना दरार।

**चैनपुर।** गुमला जिले के चैनपुर से जारी तक 26 करोड़ 32 लाख 90 हजार रुपये की लागत से बनी दस किलोमीटर लंबी सड़क पहली ही बारिश में जगह-जगह से टूटने लगी है। सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है।

यह प्रमुख सड़क चैनपुर प्रखंड से जारी प्रखंड को जोड़ती है जो परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का का पैतृक गांव है। ग्रामीणों में सड़क की दुर्दशा को लेकर भारी आक्रोश है और उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है और गुणवत्ता से समझौता किया गया है। जगह-जगह पड़ रही दरारें और सड़क का धंसना स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि ठेकेदार ने सिर्फ लीपा-पोती कर अपना काम पूरा किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े बजट की सड़क का पहली बारिश में ही टूटना विभागीय लापरवाही या ठेकेदार की मिलीभगत को उजागर करता है। यह सड़क केवल चैनपुर और जारी को ही नहीं जोड़ती, बल्कि यह झारखंड को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग भी है। प्रतिदिन हजारों वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। इसके अलावा स्कूली बच्चे, सरकारी कर्मचारी और स्थानीय लोग भी इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं।

लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी और अब जब यह बन गई है तो यह पैसे की बबार्दी साबित हो रही है। चैनपुर मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक मुद्दे पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक स्थानीय नेता ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि परमवीर अल्बर्ट एक्का जैसे महान सपूत के पैतृक गांव को जाने वाली सड़क में भी इस तरह का भ्रष्टाचार हुआ है। यह सिर्फ पैसे की बबार्दी नहीं, बल्कि शहीदों का अपमान भी है। हम सरकार से मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। दोषी ठेकेदार के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज हो और जिन सरकारी अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत रही है, उन्हें भी बख्शा न जाए। जब जनता के पैसे का इस तरह दुरुपयोग होता है तो विकास कार्यों पर से विश्वास उठ जाता है। यह सड़क हजारों लोगों की आवाजाही का मुख्य साधन है और इसका इस तरह से क्षतिग्रस्त होना अस्वीकार्य है। ग्रामीणों ने सरकार से अपील की है कि वे तुरंत इस मामले का संज्ञान लें और एक जांच समिति का गठन करें। उनकी मुख्य मांगें हैं सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की जाए। दोषी ठेकेदार को कारवाई किया जाए और उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। निर्माण कार्य की निगरानी में लापरवाही बरतने वाले सरकारी कर्मियों पर भी कार्रवाई की जाए।क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द से जल्द कराई जाए।

# लूटपाट करते दो अपराधियों को हथियार के साथ ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्हारिया अंबा टोली चौक के पास रात के 9 बजे लूटपाट करते दो अपराधियों को ग्रामीणों ने पकड़ा। अपराधियों का हथियार के साथ भंडरा पुलिस को सौपा। बताया जाता है की मणिलाल उरांव पिता जवाजित मिंज अपने दोस्त अजय उरांव एवं सोनम उरांव ग्राम चन्दलगी थाना पेसरार रथ यात्रा मेला देखने आए थे। रथ मेला देखने के बाद तीनों व्यक्ति अपने दोस्त दीपक उरांव के घर खारु मोटू कुम्हरिया जा रहे थे। इसी क्रम में कुम्हरिया अंबा टोली स्कूल चौक के पास पहुंचते ही एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति प्रमोद कुजूर एवं दीपक यादव ने अपने बाइक से पीछा करते हुए ओवरटेक कर रोका और मोबाइल पैसा एवं बाइक लूटने का प्रयास करने लगे। लूट का विरोध करने पर दोनों ने पिस्तौल निकाल कर धमकी दिया और मोबाइल पैसा एवं बाइक लूटने का प्रयास करने लगा। इसी नोक झोक में रास्ता में चलने वाले अन्य व्यक्ति पहुंच गए एवं गांव के अन्य लोग निकल गए। ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए दोनों अपराधी भागने का प्रयास किया परंतु सभी ने मिलकर दोनों अपराधियों को पकड़ लिया। एकअपराधी प्रमोद कुजूर पिता मांगरा उरांव बाड़मरा टोली थाना कुडू निवासी है। दूसरा अपराधी दीपक यादव पिता अनिरुद्ध महतो मकांडू कुडू का निवासी है। दोनों व्यक्ति बजाज सी टी 100 बाइक से पीछा कर लूट की घटना को अंजाम दे रहे थे। इस संबंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि दो अपराधियों को हथियार के साथ पकड़ा गया है। इसके बाद हम लोगों ने पुलिस बल के साथ जाकर दोनों अपराधी एवं हथियार, बाइक को कब्जे में लेकर थाना लाए। पूछताछ के क्रम में दोनों अपराधियों ने अपना अपराध कबूल किया। इसके पश्चात भंडरा थाना में दोनों अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज की गई है और दोनों अपराधियों को जेल भेजा गया।

स्पीड न्यूज



## योग हर बीमारियों की दवा है : श्रीकांत देव

**जमशेदपुर।** योग शारीरिक व मानसिक रूप से संपूर्ण स्वस्थ रहने का आधार है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कदमा उलियान में वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी श्रीकांत देव ने हिमांशु मण्डल, हराधन लायक व अन्य साथियों के साथ योग दिवस मनाया। श्रीकांत देव ने बताया कि योग न सिर्फ निरोग रहने का साधन है बल्कि योग मानव के हर बीमारियों की दवा है इसे नित प्रतिदिन अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।

## मौसीबाड़ी पहुंच गये भगवान जगन्नाथ

**गम्हरिया।** बड़ा गम्हरिया स्थित बोलतोल मंदिर में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार को महाप्रभु जगन्नाथ को उनकी बहन सुभद्रा और भाई बलराम के साथ रथ पर सवार कर उनके मौसीबाड़ी पहुंचाया गया। मौसीबाड़ी पहुंचने पर महाप्रभु को वहां पूर्व से मौजूद महिलाओं द्वारा पारंपरिक विधि विधान से पूजा आरती कर स्वागत किया गया। वहां वे एक सप्ताह विश्राम करने के पश्चात स्वस्थ होकर आगामी शनिवार, 5 जुलाई को अपने घर वापस लौटेंगे।

## केरला बर्मामाइंस में हुआ पुरस्कार वितरण

**जमशेदपुर।** शनिवार की शाम केरला पब्लिक स्कूल, बर्मामाइंस के सभागार में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य स्कूल के चेयरमैन डॉ श्रीकांत नायर एवं डायरेक्टर एकेडमिक डॉ रचना नायर उपस्थित थीं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और अपने संबोधन में कहा कि स्कूल में बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के बच्चे आज हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम के उपरांत स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका बरुआ ने विद्यालय की उपलब्धियां एवं गतिविधियों से अभिभावकों को अवगत कराया साथ ही अपने भाषण में इस बात का उल्लेख किया कि किस तरह स्कूली बच्चों ने एकेडमिक क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है।

## सेवा संघ 1000 को करायेगा कांवर यात्रा

**जमशेदपुर।** सावन के पावन माह में बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के द्वारा नि:शुल्क कांवर यात्रा का आयोजन इस भी किया जायेगा। साकची के अग्रसेन भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाबा बैधनाथ सेवा संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने बताया कि इस वर्ष 25 जुलाई को 1000 शिव भक्तों का जत्था निशुल्क कांवर यात्रा में शामिल होकर जमशेदपुर से सुल्तानगंज रवाना होगा। कांवर यात्रा में सोनारी, कदमा बिष्टुपुर, साकची और मानगों के शिवभक्त शामिल होंगे। पंजीयन 1 जुलाई से आरंभ होगा पहले आओ पहले पाओ के तर्ज में पंजीयन कर लोगों का सीट आरक्षित किया जायेगा। विकास सिंह ने कहा कि यात्रा में शामिल कांवरिया अपने जत्थे से ना बिछड़े इसलिए सभी कांवरियों का अपना ड्रेस कोड होगा जिससे भारी भीड़ में भी जत्थे में शामिल कांवरियों की पहचान आसानी से हो पायेगी। पंजीयन हेतु मानगो किशोर बर्मन- 85409 86994 , सोनारी - कृष्णा सिंह- 7870910175 आशुतोष सिंह- 9334644378 कदमा -अरविंद महतो-82103 20937 से संपर्क कर सकते हैं।

## देवानंद प्रधान की हत्या में तीन आरोपी धराये

**गम्हरिया।** बीते 15 मई को गांजिया के समीप बांसलिकोचा जाने वाले रास्ते मे हत्या कर शव फेंके जाने का खुलासा करते हुए गम्हरिया पुलिस ने कांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसका खुलासा करते हुए सरायकेला एसडीपीओ समीर सवैया ने बताया कि बीते 15 मई को गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गंजिया के पास बांसलिकोचा जाने वाले रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को बरामद हुआ था। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया था। इस बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चला कि व्यक्ति की हत्या की गयी है।

# केके सिंह की जयंती पर रेडक्रॉस भवन में 170 यूनिट रक्तदान

## केके बाबू ताउम्र उदारता-विनम्रता के लिए रहे मशहूर : रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो





पूर्व सीएम रघुवर दास एक रक्तदाता को गुलदस्ता देकर अभिनंदन करते हुए। साथ में शिविर के संयोजक विकास सिंह व अन्य और शिविर में स्व. के के सिंह की बहू रश्मि सिंह रक्तदान करते हुए और उनका हौसला बढ़ाता उनका परिवार।

**जमशेदपुर।** समाज के लिए जिन्होने किया है या समाज को जिन्होने दिया है, उनका ही नाम समाज उनके जाने के बाद भी लेता है। आज स्व केके सिंह की जयंती पर उनको हम याद कर रहे हैं तो यह भी याद कर रहे हैं कि उन्होने किस तरह से अपने आस पास के सामाजिक जीवन के उत्थान के लिए कार्य किया।

उक्त विचार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने रेड क्रॉस भवन में आज स्व केके सिंह की जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। श्री दास ने कहा कि निजी जीवन की भव्यता को समाज कभी याद नहीं करता चाहे वह व्यक्ति कितना भी धनाड्य क्यों न हो। उन्होने कहा कि स्व केके सिंह का समाजिक जीवन एक खुली किताब है, जो भी उनके विषय में बात करते हैं उनकी उदारता और विनम्रता की ही बात करते हैं।

श्री दास ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उनके साथ केके एजुकेशनल फाउंडेशन की संरक्षक उर्मिला देवी, चेयरमैन विकास सिंह, ब्रह्मर्षि विकास मंच के अनिल ठाकुर, राजकिशोर सिंह ने संयुक्त रूप से दीपक जलाया। शिविर में डॉ एल बी सिंह के नेतृत्व में जमशेदपुर ब्लड सेंटर ने रक्त संग्रहण का कार्य सम्पन्न किया। कुल 170 यूनिट रक्तदान आज रेड क्रॉस को द्वारा किया गया, जिसमें एक एसडीपी डोनेशन भी सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत महतो ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं को पुष्पगुच्छ प्रदान किया। उन्होने कहा कि रक्तदान के माध्यम से हम दूसरो का जीवन बचा सकते हैं यह एक अनमोल दान है, जिसकी कीमत उसी को पता होती है, जिस परिवार को रक्त की जरुरत पड़ती है। उन्होने रक्तदाताओं का समाज का नायक बताया।

ईचागढ़ विधायक सबिता महतो ने भी रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और जरूरतमंदों के लिए यह रक्त जहां जीवनदायक होगा, वहीं उनके परिवारों को समय पर रक्त मिलने से परेशानी कम होगी।

शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए डॉ बी पी सिंह, एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस के चेयरमैन दिवाकर सिंह, यूनियन नेता अखिलेश राय, राजेश सिंह, रामबाबू तिवारी, हरेंद्र पांडे, अनुपम सिन्हा, विकास सिंह (मानगो), आशुतोष पारीक, जयप्रकाश राय, ब्रजभूषण सिंह, देवानंद सिंह, राघवेंद्र शर्मा, राम उदय प्रसाद सिंह, गणेश राव, राकेश मिश्र शामिल थे। इसे सफल बनाने में रश्मि सिंह, उषा सिंह, आर्य वत्स, आयुष्मान पाण्डे, हर्षित कुमार, आशीष कश्यप जुटे थे।

## एमवी प्रसाद ने किया 126वां रक्तदान



एमवी प्रसाद को सम्मानित करते रेडक्रॉस के सचिव विजय सिंह व एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस के चेयरमैन दिवाकर सिंह। साथ में प्रभुनाथ सिंह और खबर मन्त्र के जमशेदपुर ब्यूरो चीफ सत्येंद्र कुमार।

**जमशेदपुर।** एमवी प्रसाद ने जमशेदपुर रेड क्रॉस भवन में स्व. केके सिंह की स्मृति में आज अपना 106 वां रक्तदान किए। इससे पहले वह 20 बार सिंगल डोनर प्लेटलेट डोनेट कर चुके हैं। इस तरह आज उनका कुल मिलाकर 126 वां रक्तदान पूरा हुआ। रेडक्रॉस के सचिव विजय सिंह व एसडीपी डोनेशन कंवेनर प्रभुनाथ सिंह ने एमवी राव को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है।

# मुसाबनी के बेनाशोल में बसाये जायेंगे चाटीकोचा गांव के सभी विस्थापित

- डीसी की अध्यक्षता में हुई पोटका के चाटीकोचा गांव के पुनर्वास हेतु बैठक संपन्न
- बैठक में प्रशासन के पदाधिकारी और यूसीआईएल के प्रतिनिधि हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



यूसिल के अधिकारियों संग बैठक करते डीसी कर्ण सत्यार्थी।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिलेके पोटका प्रखंड के चाटीकोचा गांव में यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के प्रोजेक्ट से प्रभावित ग्रामीणों के पुनर्वास को लेकर डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चाटीकोचा के परिवारों के पुनर्वास से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि इन परिवारों को मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत बेनाशोल के चिन्हित स्थान पर पुनर्वासित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि पुनर्वास स्थल पर भूखंड, आवास, बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ आवश्यक सामाजिक एवं सामुदायिक ढांचे को भी विकसित किया जाए।

डीसी ने निर्देश दिया कि यांत्रिकी विभाग प्रोजेक्ट का प्रारूप एवं प्राक्कलन तैयार करे, जिसमें विस्थापित परिवारों की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ स्थानीय सामाजिक भावनाओं का भी समुचित ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर प्रतिवेदन समर्पित किया जाये।

उन्होंने स्थानीय प्रशासन एवं यूसीआईएल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की जायज मांगों, जरूरतों एवं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए समन्वय बनाकर पुनर्वास प्रक्रिया को शीघ्रातिशीघ्र और संतुलित रूप से आगे बढ़ाया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस बैठक में एडीसी भगीरथ प्रसाद, एसडीओ (घाटशिला) श्री सुनील चंद्र, मुसाबनी एवं पोटका की सीओ तथा यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## एग्रिको मैदान में जिला स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर बालक-बालिका खो-खो चैंपियनशिप संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आज दिनांक 28 जून 2025 दिन शनिवार को पूर्वाहन 8:00 बजे से एक दिवसीय जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर और सीनियर बालक और बालिका वर्ग का खो खो चैंपियनशिप 2025 का सफल आयोजन जमशेदपुर के एग्रीको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि विधायक जमशेदपुर पश्चिम सरयू राय ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर जिला स्तरीय चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि ताइक्वांडो खेल के वरीय प्रशिक्षक रवि शंकर, पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट एन सी देव एवं अन्य की मौजूदगी बनी रही। इसके उपरांत जिला के विभिन्न विद्यालयों क्लबो से आए हुए टीमों से परिचय प्राप्त किया। विपरीत मौसम के बावजूद खिलाड़ियों के उत्साह और आयोजन समिति के बेहतर प्रबंधन की सराहना की।

## इंटर कॉलेजों में 11वीं और 12वीं का नामांकन पूर्व की तरह कराये झारखंड सरकार : एआइएसएफ

- छात्र संगठन ने राज्यपाल के नाम डीसी को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शनिवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआइएसएफ) जमशेदपुर के बैनर तले महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट में एडमिशन बंद होने के विरोध में साकची आमबगान मैदान से जिला मुख्यालय तक शहर के अनेकों कॉलेजों के छात्रों का आक्रोश प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त महोदय को सौंपा गया।

मौके पर एआइएसएफ राज्य सचिव विक्रम कुमार ने कहा कि- केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लाकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। महाविद्यालयों में इंटर का एडमिशन बंद होने के वजह से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन हो रही है लेकिन महाविद्यालयों में एडमिशन बंद करना सीधा-सीधी शिक्षा का बाजारीकरण करना है, शिक्षा को शिक्षा माफिया के हाथों में सौपना हैं। शिक्षा समाज में हो रहे गलत सही के खिलाफ सवाल करने का साहस देती है और यह सरकार चाहती है कि छात्र शिक्षा से वंचित रहे और सरकार से सवाल न करें, यह एक सोची समझी साजिश है।

## बदलाव महिला समिति ने इंटरमीडिएयट कॉलेजों में दाखिला जारी रखने की मांग पर किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



छात्र-छात्राओं के साथ डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन करती संध्या ठाकुर।

**जमशेदपुर।** शनिवार को बजरंगी बगान जेम्को स्थित एनजीओ बदलाव महिला समिति ने छात्र-छात्राओं के साथ डीसी ऑफिस पर प्लस-2 स्कूलों एवं इंटर कॉलेजों में पूर्व की तरह नामांकन जारी रखने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं का नेतृत्व समिति की अध्यक्ष संध्या ठाकुर कर रही थीं।

समिति की ओर से प्रदर्शन के पश्चात डीसी के जरिए झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र भी भेजा गया। ज्ञापन में समिति ने मुख्यमंत्री से कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा इंटर कॉलेजों में ग्यारहवीं-बारहवीं की पढ़ाई बंद होने से बारहवीं के छात्रों की पढ़ाई बाधित हो गयी है। इन्हें बीच पढ़ाई में महाविद्यालयों से निकाला जाना अमानवीय है। इन्हें बारहवीं की पढ़ाई पुरी होने तक संबद्ध महाविद्यालयों से न निकाला जाए। ग्यारवहीं के बच्चों के लिए पर्याप्त स्कूलों की व्यवस्था न होने से हजारों बच्चों की पढ़ाई छूटने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

## इंद्रजीत और गुरमीत सिंह तोते की मां बीबी प्रकाश कौर का निधन, अंत्येष्टि भी संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



स्व. बीबी प्रकाश कौर।

**जमशेदपुर।** तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के महासचिव एवं सीजीपीसी के पूर्व प्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह एवं टाटा मोटर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह तोते को मातृ शोक हुआ है। उनकी मां बीवी प्रकाश कौर (82) का निधन बीती रात टाटा मोटर्स अस्पताल टेल्को में इलाज के क्रम में हो गया। वे आईसीयू में इलाजरत थी और वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। अंत्येष्टि शनिवार की दोपहर स्वर्णरेखा श्मशान घाट, भुइयांडीह में कर दी गयी। बीबी प्रकाश कौर टेल्को स्त्री सत्संग सभा के साथ सेंट्रल स्त्री सत्संग सभा की प्रधान पद पर संगठन की सेवा कर चुकी हैं। वे अपने पीछे पुत्र इंद्रजीत, गुरमीत सिंह एवं बलवीर सिंह और तीन बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। निधन पर पूर्व सीएम रघुवर दास, अर्जुन मुंडा विधायक पूर्णिमा साहू, सिख नेता सतबीर सिंह सोमू, कुलवंत सिंह बंटी नरेंद्र पाल सिंह भाटिया सतेंद्र सिंह बंटी ने शोक जताया है।

# एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में बोर्ड अचीवर्स डे पर सम्मानित किये गये 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राएं

खबर मन्त्र ब्यूरो




प्राचार्या के साथ मुदित राज और अंगद शर्मा व पुरस्कृत अन्य छात्र-छात्राएं।

**जमशेदपुर।** आज आपके पास वह अवसर है जिससे आप अपने मनचाहे कल का निर्माण कर सकते हैं। ऐसे अचीवर्स को सम्मानित करने के लिए, एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस ने शनिवार 28 जून 2025 को बोर्ड अचीवर्स डे मनाया और एसएसई (दसवीं) और एसएससीई (बारहवीं) के टॉपर्स को सम्मानित किया। सत्र 2024-2025 की बोर्ड परीक्षाओं में स्कूल का नाम रोशन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

12वीं के टॉपर्स मुदित राज (93.6%) (विज्ञान स्ट्रीम) और अंगद शर्मा (92%) कल स्ट्रीम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। 90% और उससे अधिक अंक लाने वाले और सभी विषयों के टॉपर्स को भी उनके प्रयासों के लिए पुरस्कृत किया गया। सत्र 2024-25 के लिए कुल मिलाकर परिणाम कुल मिलाकर परिणामों में वृद्धि हो रही है।

पुरस्कार प्रिंसिपल, मौसमी दास ने दिये। प्रिंसिपल ने बोर्ड के नतीजों पर रिपोर्ट पेश की। विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और प्रोत्साहित किया गया। 382 विद्यार्थियों में से 102 सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कहा कि एसडीएसएमएस में हम सभी विद्यार्थियों को समान अवसर देने में विश्वास करते हैं। उन्होंने सभी परिस्थितियों में सकारात्मक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कर्म सिद्धांत पर जोर दिया और बताया कि सफलता कैसे निर्धारित होती है। उन्होंने सफलता के पांच कारकों पर बात की जो पौराणिक कथाओं से लिये गये हैं। व्यक्ति हमेशा अपने कार्यस्थल, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले का सम्मान करे।

एक नजर में

## श्रीनाथ कॉलेज में हुआ मिनी फुटबॉल टूर्नामेंट



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मिनी फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में बीएड और डीएलएड के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लड़कियों की टीम में पेले विजेता रही और लड़कों की टीम में सीआर 6 विजेता रही। पूरा टूर्नामेंट श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के खेल प्रशिक्षक सूर्यजीत सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों ने बहुत अच्छा खेला और इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में टीम भावना का विकास होता है। पुरस्कार वितरण श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ भाव्या भूषण के हाथो सम्पन्न हुआ।

## 13 प्रकार के भोग के साथ मां विपत्तारिणी की पूजा




**चांडिल।** आषाढ़ मास के पावन अवसर पर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में आस्था और धूमधाम के साथ मां विपत्तारिणी की पूजा अर्चना की गयी। इसमें चांडिल बाजार दुर्गा मंदिर में काफी संख्या में भक्तों ने पूजा अर्चना कर हर विपदा से दूर रखने की माता रानी से कामना की। सुबह से ही अनुमंडल के विभिन्न मंदिरों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। चांडिल बाजार दुर्गा मंदिर में पुजारी मनोज चटर्जी, सोमेन चक्रवर्ती, जगन्नाथ चटर्जी, रिंकु चक्रवर्ती एवं चिकु चक्रवर्ती ने मंत्रोच्चार के साथ व्रतियों को पुजा कराया। पुजा के पश्चात महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं दी। इसमें 13 प्रकार के मिष्ठान, 13 प्रकार के फल और फूल मां को अर्पित किया जाता है। पंडित मनोज चटर्जी बताते हैं कि माता रानी को 13 प्रकार के भोग लगाने से माता अति प्रसन्न होती हैं। इसमें पुड़ी, सूजी, कटहल, जामुन, मूंग, अनारस इत्यादि का भोग लगाया जाता है। मां विपत्तारिणी मां दुर्गा का ही एक रूप है।

## एमएस आइटीआई मानगो में निबंध प्रतियोगिता



**जमशेदपुर।** फादर्स डे को लेकर एमएसआईटीआई मानगो जमशेदपुर में निबंध प्रतियोगिता हुई जिसमें जमशेदपुर समेत झारखंड और भारत के बाहर से भी प्रतिभागियों ने ऑनलाइन हिस्सा लिया। कई निबंध ऐसे थे जो दिल को छू गये और भावनाएं कलम की स्याही से कृति पर मोतियों की तरह उभरी। पांचों जजों द्वारा दिये गये अंकों की तुलना कर यह परिणाम घोषित किया जा रहा है। जजों के लिए निर्णय करना कठिन था। लोग अपने माता-पिता की भावनाओं को कागज पर उतारने की कोशिश में सफल रहे। प्रमाण पत्र पुरस्कार के लिए कई नाम हैं। कुछ नाम हैं जैसे उज्मा बसीर, जो सैयद सबीहा फातिमा, शिश्मा, आरिफा तहसीन, वरीथा जाहिद, अलीना हरीम, मौलाना साकिर खान, रूबी परवीन, फातिमा जहरा, जियाउर रहमान, खदीजा कौसर, बसरा इब्राहीम समेत कई नाम हैं जिन्हें प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नूरजहाँ, सबा परवीन, मेहर-उल-निसा रूमी, अरीशा फातिमा ने बहुत मेहनत की और इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## मवि-उवि लक्ष्मीनगर में लगी पतंजलि बाल योग कक्षा



**जमशेदपुर।** पतंजलि की योग शिक्षा हर विद्यालय तक पहुंचे इसके तहत मध्य एवं उच्च विद्यालय लक्ष्मीनगर में साप्ताहिक योग का कार्यक्रम किया गया। जिला महासचिव मनोज श्रीवास्तव की अगुवाई में मध्य एवं उच्च विद्यालय लक्ष्मीनगर में प्रत्येक शनिवार को बाल योग कक्षा लगायी जायेगी। कक्षा में आज पतंजलि सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार, भारत स्वाभिमान जिला सह प्रभारी अशोक शर्मा ने सहयोग किया। बच्चों को आज की योग कक्षा में योग प्राणायाम की विधि एवं लाभ की चर्चा हुई। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या उमा रानी पांडेय, शिक्षक पंकज सिंह, शिक्षिका इंदु देवी, अर्चना सिन्हा, विभा सिन्हा, गीता कुमारी, किरण कुमारी, सुनीता कुमारी, मीनाक्षी मोहंती, अर्चना कुमारी और संध्या कुमारी उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या उमा रानी पांडेय से पतंजलि वैलनेस और भारतीय शिक्षा बोर्ड पर विशेष चर्चा हुई।

## श्रीनाथ विवि के मास कम्युनिकेशन छात्रों ने बीएजेएमसी और एमएजेएमसी के सीनियर बैच को दी फेयरवेल



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विवि के मास कम्युनिकेशन विभाग के छात्रों ने आज बीएजेएमसी और एमएजेएमसी के सीनियर छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह मना। मौके पर छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए कई मनोरंजक गतिविधियों और खेलों का आयोजन किया, जिससे कार्यक्रम में खुशनुमा माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान जूनियर्स ने अंतिम वर्ष के छात्रों को भावनात्मक उपहार भेंट दिया, जिनसे विदाई का पल और भी भावुक हो गया। अंत में कई सीनियर्स की आंखें नम हो गयी और अंत में उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किया। विभागाध्यक्ष प्रभारी संजय भारती ने सभी सीनियर छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# स्वच्छता को हम अपने संस्कारों में करें अंगीकृत: जीएम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र 16 से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। डी ए वी कथारा सीसीएल प्रबंधन के नेतृत्व में स्वच्छता के इस महापर्व को मनाते हुए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में आज 28 जून को विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में किया जिसका उद्देश्य साफ सफाई के माध्यम से एक स्वस्थ, सुरक्षित और आदर्श समाज की स्थापना करना था। एक जैसी वेशभूषा में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों श्रेया, श्रेया प्रिया शिवम, सोहन विश्वास, तानिया हाशिम, रीबा, जयंती, पियूष, गौरव, जैनब, आयुष, माही, पीहू, ने मनमोहक अंदाज में इस नुक्कड़ नाटक को पेश किया जिसमें गीत- संगीत, नृत्य सबका समन्वयन था। इस नुक्कड़ नाटक में विशेष रूप से लोगों को कूड़ा इधर-उधर ना फेंकने और साफ - सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस नाटक को देखकर महाप्रबंधक संजय कुमार, सी एस आर चंदन कुमार, उपस्थित पदाधिकारी गण एवं कर्मचारी अति प्रसन्न हुए। महाप्रबंधक ने बच्चों को इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि जब बच्चे स्वच्छता को लेकर इतने जागरुक है तो हम वयस्क नागरिक क्यों नहीं ? गांधी जी का यह स्वच्छ भारत मिशन हम सभी को एक सूत्र में पिरोने का काम कर रहा है तो हमें इसमें बढ़-कर कर भागीदारी लेनी चाहिए और एक स्वस्थ, सुंदर भारत की नींव रखनी चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एन खान ने नुक्कड़ नाटक में शामिल सभी विद्यार्थियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी और कहा कि आप सब आने वाले भारत की तस्वीर है। वर्तमान समय से ही यदि देश का भविष्य इतना जागरुक और देश की स्वच्छता के प्रति इतना समर्पित रहेगा तो निश्चित रूप से हमारा भारत भविष्य में पूरे विश्व के समक्ष एक स्वस्थ, स्वच्छ और विकसित भारत का प्रतिमान स्थापित करेगा। स्वच्छता का संदेश देता यह नुक्कड़ नाटक संगीत शिक्षक संगीत कुमार एवं शिक्षिका वीणा कुमारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। सीसीए समन्वय जितेंद्र दुबे ने इस संपूर्ण कार्यक्रम को मूर्त रुप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कसमार के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से हुई मां विपद तारिणी की पूजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में देवी के मंदिरों में मां विपद तारिणी की पूजा की धूम व सोलह श्रृंगार कर महिलाओं की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। मां विपद तारिणी को दुर्गा का ही एक रूप माना जाता है इसलिए दुर्गा काली अन्नपूर्णा मंदिरों में धूमधाम से मां विपद तारिणी की पूजा-अर्चना हुई। महिलाएं अहले सुबह से ही पूजा की तैयारी कर रही थी। पूजा के लिए गांव के मंदिरों में महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। लोगों में आस्था है कि मां विपद तारिणी की पूजा करने से सभी प्रकार की विपत्तियों से मुक्ति मिलती है। मां विपद तारिणी की पूजा कसमार प्रखंड के बगदा मधुकरपुर खैराचातर मंजूरा, खुदीबेड़ा चट्टी सुरजुडीह धधकिया दांतू जामकुदर मोचरो ओरमो दुर्गापुर गर्री कसमार हिसीम पिरगुल कोतोगढ़ा रांगामाटी ठाकुर पोंडा कमलापुर सिंहपुर चंडीपुर पुरनीबगियारी मंजूरा-मुंगो टांगटोना बरईकला आदि कई गांवों व टोलों में देवी मंदिरों में भक्ति भाव के साथ हुई। पूजा के बाद महिलाओं अपने परिवार के प्रत्येक सदस्यों को ध्रुवा घास के साथ रक्षा सूत्र बांधा।

इसके पूर्व इस पूजा के लेकर महिलाओं ने एकदिवसीय उपवास रखे और सोलह श्रृंगार कर देवी मंदिरों में 13 प्रकार के फल फूल व मिठाइयों के साथ पूजा अर्चना की। इसके बाद पंडितों व के श्रद्धालुओं ने एक दूसरे के हाथों में रक्षा सूत्र बांधे।

## एक नजर में

### एसकेएमयू में नौ माह बाद अभिषद परिषद की हुई बैठक



दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में लगभग नौ माह बाद अभिषद परिषद की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो कुनुल कंदिर ने की। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह समेत अभिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कुल 40 एजेंडों पर विस्तृत चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की अनुपस्थिति के कारण अभिषद परिषद की बैठक आयोजित नहीं हो पा रही थी। यदि कभी बैठक हुई भी, तो वह सीमित एजेंडों तक ही सीमित रही। जिनकी पूर्व स्वीकृति राजभवन से प्राप्त होती थी। पिछली अभिषद की बैठक 31 अगस्त को संपन्न हुई थी। अब लगभग नौ माह बाद कुलपति की स्थायी नियुक्ति होने के बाद यह बैठक आयोजित हो सकी। बैठक के दौरान जेपीएससी की अनुशंसा पर डॉ राजीव रंजन शर्मा को विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को अभिषद ने मंजूरी दी। बैठक में जेपीएससी की अनुशंसा के आलोक में डॉ शर्मा को अधिकतम चार वर्षों तक अथवा 60 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) के लिए नियुक्त करने का निर्णय लिया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा गठित त्रिसदस्यीय समिति के माध्यम से डॉ शर्मा के सभी दस्तावेजों का सत्यापन किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त बैठक में विभिन्न तिथियों को आयोजित क्रय-विक्रय समिति, अनुशासन समिति, भवन समिति, वित्त समिति, एकेडमिक काउंसिल, परीक्षा बोर्ड, वेतन निर्धारण समिति समेत अन्य स्थायी समितियों के निर्णयों को अनुमोदित करते हुए उन्हें संपुष्ट किया गया। साथ ही राज्य सरकार द्वारा प्राप्त नियमावलियों एवं नियमावली के प्रारूपों को भी सहमति प्रदान की गई। अन्य विषयों पर चर्चा के दौरान अभिषद सदस्य डॉ एसएन ने शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की। जिस पर कुलपति ने स्पष्ट किया कि आगामी एक माह के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर जेपीएससी को आवश्यक प्रस्ताव भेजे जाएंगे। बैठक में मधुपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती ने विश्वविद्यालय के अधीन विभिन्न कॉलेजों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की कमी की ओर ध्यान आकर्षित की। वहीं स्नातकोत्तर प्राणीविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ नीलेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन केंद्रीय पुस्तकालय के शीघ्र पूर्ण किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। बैठक के समापन पर कुलपति ने सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन और सभी अंग इकाइयां मिलकर शिक्षा, प्रशासन और गुणवत्ता के क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित करेंगी। बैठक में डीएसडब्लू डॉ. जयनेंद्र यादव, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, राज्यपाल मनोनीत सदस्य डॉ एसएन सिंह, साहेबगंज कॉलेज साहेबगंज के प्राचार्य डॉ. एसआरआई रिजवी, स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ टीपी सिंह, स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ निलेश कुमार एवं आमंत्रित सदस्य के रूप में वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा और परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह उपस्थित थे।

### दुमका : अंचल कार्यालय का डीसी ने किया निरीक्षण

दुमका। डीसी अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को सदर प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की उपस्थिति पंजी, लंबित आवेदनों की स्थिति एवं रिकॉर्ड संधारण की गहन समीक्षा की। डीसी ने निर्देश दिया कि जाति, निवासी एवं आय प्रमाण-पत्र से संबंधित कोई भी आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए। सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों का निष्पादन नियमानुसार ढंग से करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड रूम की स्थिति एवं नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम जनता को सुलभ एवं सम्मानजनक सेवाएं प्रदान करना प्रशासनिक प्राथमिकता होनी चाहिए।

### जनता मजदूर संघ ने श्रमिकों की मांगों पर वार्ता हेतु गठित की समिति

बोकारो। बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की यूनियन कार्यालय में संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रबंधन से 35 सूत्रीय मांगों पर वार्ता करने के लिए एक समिति का गठन किया गया। बैठक में वेतन पुनरीक्षण कर्मचारियों के शोषण और भेदभाव ठेका मजदूरों की समस्याएं आश्रितों विस्थापितों आंदोलित दुकानदारों सेवानिवृत्त कर्मचारियों लीजधारकों और खटालवासियों से जुड़ी विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई। इन सभी मुद्दों को लेकर बीएसएल प्रबंधन के साथ शीघ्र वार्ता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि गंभीर बीमारी से ग्रसित कर्मचारी के स्थान पर एक वर्ष के भीतर आश्रित को अनिवार्य रूप से नियोजन दिया जाना चाहिए। साथ ही जबरन नौकरी से निकाले जाने की घटनाओं की उन्होंने कड़ी निंदा की। बैठक में यह तय नहीं हो सका कि 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लिया जाएगा या नहीं। इस पर अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से मिथिलेश पाल सिंह पुष्पा मिश्रा रविंद्र कुमार प्रतिमा शर्मा एल शर्मा उमाशंकर प्रसाद उदय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### खासमहल के माइनिंग स्टाफ का अधिकारी में प्रोन्नति के बाद विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



बेरमो। खासमहल परियोजना से माइनिंग स्टाफ से अधिकारी में प्रोन्नति पाए अरुण कुमार सिंह और कृष्ण चारी हेंब्रम का इनमोसा ने खासमहल रेस्ट हाउस में सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित किया। समारोह के विशिष्ट अतिथियों में इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, प्रबंधक राजीव रंजन, धोरी क्षेत्रीय सचिव पवन सिंह, कारो सचिव निरंजन सिंह, कार्मिक प्रबंधक रमेश कुमार, राकेश रंजन उपस्थित हुए और अपना आशीर्वचन और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रीय सचिव डी पी मौर्य ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपस्थित सभी गणमान्य का स्वागत किया। विजय सिंह ने कहा कि इनमोसा ही एकमात्र संगठन है जो माइनिंग संवर्ग में कार्य कर रहे स्टाफ के हितों का ख्याल रखता है। स्टाफ के रूप में जिम्मेदारी निभाने के बाद अधिकारी में प्रोन्नत होने पर वे ज्यादा कुशलता से कंपनी के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान देते है। सचिव शैलेन्द्र ने इनमोसा सदस्यों का आयोजन में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए सभी का धन्यवाद किया। समारोह में शिव विनय, प्रगति सिंह, एस एच पूर्ति, मिथलेश, रामसुंदर, रमेश पासवान, भूषण मांझी, खेलु महतो, तुलसी, लखन, पंकज, शिवलाल, कविश, अनिल, सुरेंद्र, कैलाश, बुधन, विनोद मंडल, दीपक, जितेंद्र मांझी, मनोज, मेघनाथ, जयदेव, वरिष्कार, श्रीसंत आदि उपस्थित थे।

### बेरमो : सोशल मीडिया ने एक बार फिर भटकी महिला को मिलाया परिजनों से



बेरमो। पिछले लगभग एक सप्ताह यानी 20 जून को दिमागी बीमारी से ग्रसित यूपी के देवरिया से लगभग 38 वर्षीय महिला कथारा मे इधर उधर भटकते देखा गया। लोगों द्वारा जब उससे पुछताछ की गई तो पता चला कि उसका नाम अनीता देवी पिता प्रभाकर नाथ तिवारी तथा यूपी के देवरिया आईटीआई की रहने वाली है इसके आगे वह कुछ भी बताने मे असमर्थ थी। इस बात की जानकारी जैसे ही कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति को मिली वह मौके पर पहुच सबसे पहले महिला की सुरक्षा की व्यवस्था करते हुए उस महिला को सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती करवा दिए। इस बीच सोशल मीडिया पर भी इसे जमकर प्रचार प्रसार किया गया। इसी बीच कथारा की समाजसेवी संस्था न्यू मिशन लाईफ फाउंडेशन की संचालिका ने गोमिया स्थित माहेर संस्था संबंध साधा और उक्त महिला को माहेर संस्था के सुपुर्द कर दिया गया। बताता चलूं कि माहेर संस्था ऐसी ही कार्यो को करती है। इधर सोशल मीडिया की धमक कहे या फि र अन्य सूचना तंत्र के द्वारा यह बात यूपी के देवरिया जैसे ही भटकी महिला के परिजनों को हुई वे लोग भागे भागे आज यानी शनिवार को कथारा ओपी पहुच उक्त महिला को साथ ले जाने की बात कही। सारी सत्यता को परखने के कथारा ओपी प्रभारी प्रजापति माहेर संस्था से महिला अनीता देवी को कथारा ओपी बुलाये और तमाम कानूनी प्रक्रिया पुरी कर परिवार के दोनो सदस्य क्रमश: सचिदानंद तिवारी व योगेश्वर तिवारी के सकुशल सुपुर्द कर दिया। मौके पर परिजनों ने गरीब बच्चों के बीच खुशी मे खाने के सामाग्री बांटे। कुल मिलाकर यह ऐसा लम्हा था जब हर किसी की आंखो मे खुशी चमक साफ देखी जा सकती थी। मौके महिला के परिजनों ने ओपी प्रभारी और दोनो समाजसेवी संस्था का शुक्रिया अदा किया और कहा कि आप लोगो के कारण ही आज हमारे परिवार का अभिन्न अंग हमे सकुशल मिल पाया है।

## स्पीड न्यूज

### नहाने के दौरान नदी में डूबा स्कूलकर्मी

बोकारो। चास प्रखंड के कनारी पंचायत के शिकारीडीह गांव का रहनेवाला 57 वर्षीय कमलेश मांझी दामोदर नदी में नहाने के क्रम में पानी के तेज धार में बह गया। परिजनों के द्वारा सूचना मिलने के बाद बालीडीह ओपी थाना पुलिस ने जिला प्रशासन को सूचना देने के बाद नदी में पहुंची। एनडीआरएफ के गोताखोर शव को खोजने का काम कर रहे हैं। मृतक कमलेश बांधडीह हाई स्कूल का कर्मचारी था।

### गोड्डा : सर्पदंश से महिला की मौत

गोड्डा/मेहरमा। प्रखंड अंतर्गत वीरामचक (लीलातरी) गांव में बीती रात सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं मृतका की पहचान सुलो देवी के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ वीरामचक गांव में रहती थी। वहीं परिजनों के अनुसार, रात्रि के समय सुलो देवी घर के बाहर कुछ सामान लेने निकली थी। इस दौरान हर तरफ अंधेरा फैला हुआ था। इसी बीच अंधेरे में सांप ने उन्हें डस लिया। जिसके बाद परिजन द्वारा महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से गांव में बिजली गुल है, जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूबा हुआ है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों में भय व्याप्त है और वे प्रशासन की लापरवाही से आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई।

### बीडीओ ने किया समीक्षात्मक बैठक

दुमका। डीसी के निर्देशानुसार रानेश्वर प्रखंड कार्यालय कक्ष में बीडीओ, रानेश्वर राजेश कुमार सिन्हा ने 15वीं वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक किया। ग्राम पंचायतों को प्राप्त आवंटन के विरुद्ध योजनाओं में किये गये व्यय की समीक्षा किया। जिसमें बांसकुली, दक्षिणजोल, धनभाषा, रंगालिया, वृन्दावनी, सादीपुर और पथरा का व्यय प्रतिशत प्रखंड के औसत प्रतिशत और जिला के औसत प्रतिशत से कम है। संबंधित पंचायत सचिवों को योजनाओं को अविलंब पूर्ण कराते हुए व्यय करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंड अंतर्गत 13 पंचायतों में पंचायत ज्ञान केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। बैठक में प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं सभी पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### अवैध गन फैक्ट्री का फरार आरोपी गिरफ्तार



बेरमो। पिछले दिनों गांधी नगर थाना क्षेत्र में अवैध मिनी गन फैक्ट्री और अवैध शराब फैक्ट्री का हुआ था भंडाफोड़ जिसमे मुख्य सरगना सूरज प्रजापति भागने में सफल रहा था। जिसके बैंकेट हॉल में चल रहा था अवैध मिनी गन फैक्ट्री। बोकारो एसपी ने कहा की सूरज प्रजापति जो बीटीपीएस थाना क्षेत्र का रहनेवाला है वो मुंगेर जेल में बंद था जहां मुंगेर में अवैध हथियार बनाने वाले के संपर्क में आया और फिर जेल से छूटने के बाद सूरज साव के संपर्क में आया और उसके बैंकेट हॉल में अवैध मिनी गन फैक्ट्री खोल दिया। एसपी ने कहा की अभी कुछ ही दिन पहले फैक्ट्री चालू हुआ था। ऐसे में कच्चा समान लाने से लेकर खपाने तक का सारा तैयारी किया जा चुका था। उन्होंने कहा की हथियार के डिस्पेच होने से पहले ही छापेमारी हो गई और भारी मात्रा में हथियार मिला था। उस समय मुख्य सरगना भागने में सफल हो गया था लेकिन पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी और मुख्य सरगना सहित एक अन्य भी गिरफ्तार हो गया है। उन्होंने कहा की पूरे नेटवर्क को पुलिस खंगाल रही है और बाकी की भी जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# गोड्डा पुलिस को मिली बड़ी सफलता
# चार साइबर ठग गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों के पास से कई मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** गोड्डा पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिले की पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

इस बात की जानकारी गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी। एसडीपीओ प्रियदर्शी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से कई मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में इन ठगों ने देश के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बनाने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से खुद को बैंक अधिकारी बताकर लोगों से उनकी बैंकिंग जानकारी हासिल करते थे और फिर उनके खातों से पैसे उड़ा लेते थे। साइबर थाना एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इन सभी को धर दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है।

एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान कॉल पर अपनी बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# श्रमिकों का विश्वास ही संगठन की शक्ति है : आरसीएमयू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल में कोयला मजदूरों के बीच दर्जनों श्रमिक संगठन संचालित है। सीसीएल में लगभग 24000 मजदूर कार्यरत है। पूरे सीसीएल में आरसीएमयू की सदस्य संख्या लगभग 8000 है। जहिया दशार्ता है कि सैनिकों का भरोसा और विश्वास पात्र संगठन आरसीएमयू है। कथारा वाशरी और कथारा कोलियरी में सदस्यता अभियान के क्रम में दर्जनों साथियों ने यूनियन की संस्था ले रहे हैं। कथारा वाशरी में आनंद मांझी शैलेंद्र मुरमुर अनीश कुमार श्रवन कुमार मो कलीम संतोष सिन्हा कथारा कोलियरी नागेश्वर नूनिया इंद्रजीत कुमार महेश रविदास पिंटू मनोज कुमार पिंटू राय संजू देवी ने नए सदस्य के रूप में सदस्यता ली। सदस्यता अभियान में शामिल यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा मजदूरों का जो विश्वास संगठन के ऊपर है। संगठन के पदाधिकारी मजदूरों के सुख दुख में हमेशा साथ खड़े नजर आएंगे। श्रमिक समस्याओं का निराकरण संगठन की प्राथमिकता है। मजदूरों का भविष्य यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व बेरमो के विधायक अनुप बाबू के नेतृत्व में सुरक्षित है। यूनियन के सदस्यता अभियान में शाखा सचिव रंजय कुमार सिंह महमुद अंसारी चंद्रशेखर प्रसाद देवाशीष आश खली बरड सुजीत मिश्रा नसीम अख्तर गणेश साव मो सिराजुल अमनदीप सिंह मंसूर खान संतोष राम, शाहिद अन्य शामिल थे।

# वेदांता ईएसएल, रेड क्रॉस व सिटिजन्स फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समाज कल्याण के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के तहत वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और सिटिजन्स फाउंडेशन के सहयोग से बोकारो के ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर 16 खाता में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह पहल वेदांता ईएसएल की सीएसआर इकाई के कर्मचारी वॉलिंटियरिंग कार्यक्रम वी फॉर सोसाइटी के तहत की गई। इस अवसर पर ईएसएल के कर्मचारियों व व्यापारिक साझेदारों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर इस जीवनदायिनी कार्य में योगदान दिया। शिविर में कुल 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ईएसएल के प्रमुख-सीएसआर कुणाल दरिपा के अलावा सुरेश कुमार भुडिया-प्रमुख-आपदा प्रबंधन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी डी एन चौबे अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बोकारो डॉ प्रवीण पिट्टा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ईएसएल भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कुणाल दरिपा ने कहा कि यह रक्तदान शिविर एक स्वस्थ और दयालु समाज के निर्माण में सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दशार्ता है। डॉ प्रवीन पिट्टा ने सभी प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान केवल जीवन बचाने का कार्य नहीं है बल्कि यह मानवता के लिए खड़े एक समुदाय के निर्माण का प्रतीक है।

# दुमका : उत्पीड़न के खिलाफ पत्रकारों का विरोध प्रदर्शन


झूठे मुकदमें समेत अन्य मांगों को लेकर डीसी को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** देशभर में पत्रकारों पर हो रहे हमलों और उत्पीड़न की घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। कहीं पत्रकारों पर हमले होते हैं, तो कहीं उनकी हत्या तक कर दी जाती है। जिले में भी हाल के महीनों में कई पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जिससे जिले के पत्रकारों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में शनिवार को परिसदन भवन में जिले के कई पत्रकारों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें पत्रकारों पर हो रहे हमलों और झूठे मुकदमों के खिलाफ रणनीति बनाई गई। बैठक के बाद पत्रकारों ने एकजुट होकर परिसदन से समाहरणालय तक शांतिपूर्ण तरीके से रोषपूर्ण मार्च निकाल उपायुक्त अभिजीत सिन्हा को मांग पत्र सौंपा। परिसदन में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकार शामिल हुए। बैठक के दौरान पत्रकारों ने कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह से पत्रकारों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं। वह न केवल प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है, बल्कि लोकतंत्र की नींव को भी कमजोर करता है। पत्रकारों ने कहा कि सच्चाई उजागर करने और जनहित की रिपोर्टिंग करने पर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। कई पत्रकारों ने साझा किया कि उनके खिलाफ केवल इसलिए मामले दर्ज हुए। चुकी उन्होंने प्रशासनिक या राजनैतिक भ्रष्टाचार से संबंधित खबरें प्रकाशित की थीं। बैठक के बाद जिले के सभी पत्रकारों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करते हुए परिसदन से समाहरणालय तक मार्च किया। पत्रकारों ने प्रशासन को यह स्पष्ट संदेश दिया कि अब उत्पीड़न के खिलाफ चुप नहीं बैठा जाएगा। पत्रकारों ने उपायुक्त को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने पत्रकारों की बात सुनते हुए मांग प्रशासनिक स्तर पर विचार के लिए स्वीकार किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, झूठे मुकदमों की जांच निष्पक्ष तरीके से कराए जाने का भी आश्वासन दिया। मांगों में पत्रकार उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने, पत्रकारों की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था करने, दर्ज झूठे और निराधार मुकदमों को अविलंब समाप्त करने, प्रेस क्लब भवन का शीघ्र निर्माण कराने, जब तक स्थायी भवन नहीं बनता एवं तब तक पत्रकारों के लिए वैकल्पिक भवन की व्यवस्था करने का मांग किया।

# सेविका-सहायिका के रिक्त पदों के चयन के लिए ग्रामसभा-आमसभा करें सुनिश्चित : दुमका डीसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की डीसी अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने निर्देश दिया कि सभी सीडीपीओ अपने-अपने क्षेत्रों में सेविका-सहायिका के रिक्त पदों के चयन के लिए ग्रामसभा /आमसभा का आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर दर्ज छात्राओं के डाटा का प्रभावी उपयोग कर लाभुक चयन का आदेश दिया। डीसी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका विकसित करने का निर्देश दिया। जिससे बच्चों को ताजा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सके। काठीकुंड प्रखंड की एक महिला पर्यवेक्षिका के पोषण ट्रैकर में आंगनबाड़ी विजिट की संख्या कम पाए जाने पर डीसी ने उनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र के बंद होने की सूचना मिलती है, तो संबंधित सेविका, सहायिका और पर्यवेक्षिका पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा वीडियो कॉल के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों की उपस्थिति जांचने के लिए गठित कोषांग को भी निर्देश दिया गया कि यदि केंद्र बंद मिले या कोई कर्मी अनुपस्थित पाए जाए, तो तत्काल सूचना दें ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके। डीसी ने कहा कि सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु विभागीय समन्वय और नियमित निगरानी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में डीडीसी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने जीते 13 स्वर्ण सहित 32 पदक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** 23वें ऑल इंडिया टेंशिनकान कराटे चैम्पियनशिप 2025 में डीपीएस बोकारो के 16 विद्यार्थियों ने 13 स्वर्ण सहित कुल 32 पदक हासिल किया है। झारखंड की टीम को पहला स्थान मिला। स्कूल के विद्यार्थी 13 स्वर्ण 12 रजत एवं 7 कांस्य पदक अपनी झोली में भरने में सफल रहे। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता के तहत विभिन्न वर्गों की काता एवं कुमिते स्पधाओं में मायोन शारव ने एक स्वर्ण एवं एक रजत रेयांशी चौधरी ने एक कांस्य व एक स्वर्ण आरुष प्रकाश ने दो स्वर्ण रेयांश प्रकाश दो रजत आश्वी आद्या ने दो रजत भाव्या बिष्ट ने दो स्वर्ण सिद्धि सुमन ने एक स्वर्ण व एक रजत युवान यश ने एक स्वर्ण व एक कांस्य सान्वी ने एक स्वर्ण एवं एक कांस्य अनिका दास ने दो रजत ऋद्धिमा चौधरी ने एक कांस्य एवं एक स्वर्ण अथर्व कश्यप ने एक रजत एवं एक कांस्य एन सारावना सद्गु ने एक कांस्य एवं एक रजत ऋषिता राज शर्मा ने दो स्वर्ण एवं कीर्तिकेश कुमार मिश्रा ने दो रजत तथा अर्नव झा ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते।

# देश में पहली बार मोबाइल से हुयी ई-वोटिंग

## बिहार ने शुरू की नई डिजिटल क्रांति, छह नगरपालिकाओं में डाले गये वोट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार ने भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नई डिजिटल क्रांति की शुरूआत कर दी है। देश में पहली बार मोबाइल से ई-वोटिंग की सुविधा को जमीनी हकीकत में बदलते हुए, तीन जिलों की 6 नगरपालिका में हुए उपचुनावों में हजारों मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ी दयाल की निवासी विभा देवी ने देश की पहली महिला ई-वोटर बनकर इतिहास रच दिया, जबकि मुन्ना कुमार पहले पुरुष ई-वोटर के रूप में वोट डाला। ई-वोटिंग के माध्यम से कुल 67 प्रतिशत लोगों ने अपने मातधिकार का प्रयोग किया। बक्सर

**पहली महिला वोटर बनी विभा पुरुष मतदाता बने मुन्ना कुमार**

जिले की प्रेमावती देवी, जो उम्र के कारण पहले मतदान केंद्र नहीं जा पाती थीं, उन्होंने भी आज मोबाइल से पहली बार वोट डालकर गर्व महसूस कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि मोबाइल से वोट डालना आसान नहीं था, पर बच्चों ने सिखाया और मैंने घर बैठे ही लोकतंत्र में हिस्सा ले लिया। ई-वोटिंग सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुई। 67 प्रतिशत ई-वोटर्स ने मतदान में हिस्सा लिया। 80 साल या उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, दिव्यांग, असाध्य रोग से पीड़ित और प्रवासी बिहारियों को ई- मतदान का मौका




दिया गया। बिहार निर्वाचन आयोग के अनुसार यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, जिसकी सफलता पूरे देश में ई-वोटिंग प्रणाली के विस्तार की संभावनाएं खोल सकती है। नगर पंतायत के लिए हुए मतदान के नतीजे 30 जून को घोषित किए जाएंगे। बिहार के चुनाव आयुक्त दीपक प्रसाद ने बताया कि 80 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिला, असाध्य रोगों से ग्रसित व्यक्ति और प्रवासी बिहारी मोबाइल के जरिए ई-वोटिंग प्रक्रिया का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए पहले ही रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होता है।

## बिहार चुनाव से पहले मतदाता सूची की गहन जांच शुरू हुआ

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में सभी राजनीतिक दलों की पूर्ण भागीदारी के साथ प्रत्येक मतदाता की पात्रता की पुष्टि के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गाया है। आयोग ने शनिवार को बताया कि 98 हजार से बीएलओ बिहार विधानसभा चुनावों में काम करेंगे जिनमें 77,895 पहले से ही नियुक्त हैं और नये मतदान केंद्रों के लिए करीब 20,603 और बीएलओ नियुक्त किए जा रहे हैं। आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दलों ने भी 1,54,977 बूथ स्तरीय एजेंट-बीएलए नियुक्त कर लिए हैं और अभी उनकी तरफ से और नियुक्ति की जा सकती है। बिहार में मौजूदा 7,89,69,844 मतदाताओं के लिए नये गणना फॉर्म की छपाई और घर-घर जाकर वितरण का काम राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू हो चुका है। नये गणना फॉर्म को ऑनलाइन भरना पहले ही सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। मौजूदा 7,89,69,844 मतदाताओं में से, 4.96 करोड़ मतदाता, जिनके नाम 01.01.2003 को मतदाता सूची के अंतिम गहन पुनरीक्षण में पहले से ही हैं, उन्हें बस सत्यापन करना है, गणना प्रपत्र भरना है और उसे जमा करना है।

## अभिनेत्री इलियाना दूसरी बार बनी मां



**नयी दिल्ली ।** अभिनेत्री इलियाना डीक्रूज दूसरी बार मां बनी हैं और उन्होंने बेटे को जन्म दिया है। इलियाना और उनके पति माइकल डोलन ने सोशल मीडिया पर अपने दूसरे बच्चे के जन्म की जानकारी साझा की। डीक्रूज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शनिवार को अपने नवजात बेटे की एक तस्वीर पोस्ट कर यह जानकारी साझा की। इलियाना ने 19 जून को जन्मे बेटे का नाम कीनू राफे डोलन रखा है। अभिनेत्री ने तस्वीर के साथ लिखा कि कीनू राफे डोलन का आप सभी से परिचय कराते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

## स्पीड न्यूज

### गढ़चिरौली में दुर्दांत नक्सली पल्लो अरेस्ट

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर कवंडे गांव में सुरक्षा बलों ने दुर्दांत नक्सली मन्नू सुलगे पल्लो उर्फ अंकल को गिरफ्तार कर लिया। छह साल पहले गढ़चिरौली के जांभुलखेडा में हुए आईईडी विस्फोट में वह शामिल था, जिसमें 15 जवान बलिदान हुए थे। सरकार ने मन्नू सुलगे पल्लो पर 6 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 27 जून को पुलिस दल और राज्य रिजर्व बल बटालियन की टीम भामरागड़ तालुका के कवांडे में गश्त पर थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो पता चला कि वह नक्सलियों के कोरची दलम का डिप्टी कमांडर मन्नू सुलगे पल्लो उर्फ अंकल है।

### एसीबी के एएसपी के घर से नौ लाख जब्त

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अपने ही विभाग के झालावाड़ में पदस्थापित एएसपी जगराम मीणा के घर से नौ लाख 35 हजार रुपये जब्त किया। डीजीपी डा. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एसीबी की झालावाड़ चौकी में पदस्थापित मीणा अधिकारियों और कर्मचारियों से अवैध वसूली कर रहे थे।

### मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न अभियान के तहत छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये लोग निजी व्यवसायों और आम जनता को निशाना बनाकर जबरन वसूली की गतिविधियों में कथित रूप से शामिल थे। पुलिस ने इम्फाल ईस्ट के लामलाई थाने के अंतर्गत चिंगारेल तेजपुर से एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया। बाद में, पोरोम्पट थाने के अंतर्गत वांगखेई निंगथेम पुखरी मापल से दो और सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया गया।

### बीजापुर में 13 इनामी नक्सलियों का सरेंडर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 23 लाख के 13 इनामी नक्सलियों ने शनिवार को आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित 13 नक्सली पिछले कई सालों में बस्तर में हुई अलग-अलग वारदातों में कंपनी नंबर-2 की पार्टी सदस्य, एसीएम, केएमएस अध्यक्ष सहित अन्य पीएलजीए, एलओएस सदस्य शामिल थे। इस दौरान बीजापुर रेंज के केंद्रीय रिजर्व पुलिस (केरिपु) डीआइजी बीएस नेगी, बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### रवि अग्रवाल दुबारा सीबीडीटी अध्यक्ष बने

नयी दिल्ली । मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने आईआरएस के 1988 बैच के अधिकारी रवि अग्रवाल को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार अग्रवाल की फिर से नियुक्ति एक साल के लिए अनुबंध के आधार पर होगी, जो 1 जुलाई 2025 से शुरू होकर 30 जून 2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक रहेगी।

### कुख्यात आतंकवादी साकिब की मौत

**मुंबई।** कुख्यात आतंकवादी साकिब नाचन की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत के बाद महाराष्ट्र के बोरीवली और पडघा दोनों जगहों पर 200 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है और गांव में प्रवेश करने वाले हर वाहन की जांच की जा रही है। भिवंडी तालुका में पडघा-बोरीवली नाचन का गृहनगर है। पुलिस ने कहा कि उसकी मौत की खबर के बाद बोरीवली और पडघा दोनों जगहों पर 200 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। साकिब नाचन मुंबई सीरियल बम धमाकों का मुख्य आरोपी था। उसे आईएसआईएसआई मॉड्यूल मामले में दिसंबर 2023 में एनआईए ने फिर गिरफ्तार किया।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, 14 सुरक्षाकर्मी मरे

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को टकराया, 24 घायल

**उसुद अल-हरब ने हमले की ली जिम्मेदारी**

**एजेंसी**

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले में 14 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में आज सुबह एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक इकाई के माइन-रेसिस्टेंट एम्बुश प्रोटेक्टेड वाहन से टकरा दिया।

**घायलों में बच्चे व महिलाएं भी शामिल :** 24 घायलों में 14 नागरिक शामिल हैं जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें



से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि घटना के समय इलाके में सैन्य गतिविधि जारी रहने के कारण कर्फ्यू लगा दिया गया था। विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि हाफिज गुल बहादुर समूह के एक उप-गुट, आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

### फिर आतंकी लॉन्चपैड्स बना रहा है पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** आतंकवादियों को पनाह देने वाला पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जिन आतंकी लॉन्चपैड्स को तबाह कर दिया था, उन्हें वो फिर से बना रहा है। इन्हें बनाने के लिए पाकिस्तान की सेना, खुफिया एजेंसी आईएसआई और सरकार का समर्थन भी मिला हुआ है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और इसके आसपास के इलाकों में आतंकी लॉन्चपैड्स को फिर खड़ा करने की कोशिश चल रही है। कॉन्ट्रैक्ट भी दिया जा चुका है। पाकिस्तान अपने यहां पाले गए आतंकवाद को फिर से खड़ा करने में लगा हुआ है।

### चीन में शीर्ष जनरल नौसेना प्रमुख और परमाणु विज्ञानी हटे

**बीजिंग।** चीन सेना में भ्रष्टाचार को लेकर शुक्रवार को एक शीर्ष जनरल, नौसेना प्रमुख और एक परमाणु विज्ञानी पर गाज गिरी है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, जनरल मियाओ हुआ के साथ-साथ पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और चाइना नेशनल न्यूक्लियर कॉरपोरेशन के डिप्टी चीफ इंजीनियर लियू शिपेंग को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से हटा दिया गया है। ली पीए जनरलों और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों की कड़ी में नवीनतम हैं, जिन्हें भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे कैंपेन के अंतर्गत बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

केंद्रीय सैन्य आयोग चीनी सेना का सर्वोच्च कमान है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं। चीनी सैन्य पदानुक्रम में सबसे युवा जनरल मियाओ पिछले साल नवंबर से अनुशासन के गंभीर उल्लंघन के लिए जांच के घेरे में हैं। उन्हें इस साल अप्रैल में एनपीसी से बर्खास्त कर दिया गया था।

## छात्रा से गैंगरेप में कॉलेज का सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता के एक विधि महाविद्यालय (कॉलेज) में इस सप्ताह की शुरूआत में प्रथम वर्ष की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में शनिवार को कॉलेज के एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही कॉलेज परिसर के सुरक्षा गार्ड कक्ष में हुई इस वारदात के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए सुरक्षा गार्ड को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि शनिवार सुबह सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया क्योंकि उसके जवाब अस्पष्ट थे। सीसीटीवी फुटेज से कॉलेज में उसकी मौजूदगी की सूचना मिली थी। अधिकारी ने बताया कि गार्ड अपनी ड्यूटी निभाने में विफल रहा। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उस समय वह ड्यूटी पर अकेला था या नहीं। घटना 25 जून की शाम को साउथ

**कोलकाता में दरिंदगी**

**राष्ट्रीय महिला आयोग ने बंगाल के मुख्य सचिव को लिखा पत्र**

कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई थी। अधिकारी ने कहा कि गार्ड ने इस बात का सही स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि उसने उचित कार्रवाई क्यों नहीं की और तीनों आरोपियों को अपराध करने से क्यों नहीं रोका। साथ ही, उसे यह भी बताना होगा कि वह क्यों और किसके निर्देश पर अपना कमरा छोड़कर गया। यह भी अपराध में एक तरह की संलिप्तता है। छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 25 जून की शाम को संस्थान के एक पूर्व छात्र और दो वरिष्ठ छात्रों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दक्षिण कोलकाता में हुए सामूहिक बलात्कार मामले में तत्काल कार्रवाई करने और आयोग के सदस्य और पीड़िता एवं उसके परिवार के बीच बैठक के लिए राज्य पुलिस से सहयोग मांगा है।

### गैंगरेप मामले की होगी एसीआइटी जांच

**कोलकाता।** कोलकाता के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में गैंगरेप की एसआईटी जांच होगी। कोलकाता पुलिस ने एसीपी प्रदीप कुमार घोषाल, एसएसडी की देखरेख में 5 सदस्यीय एसआईटी का गठन कर दिया है। दक्षिण कोलकाता के कस्बा इलाके में एक सरकारी लॉ कॉलेज की 24 वर्षीय छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि कथित घटना बुधवार शाम 7.30 से 10.50 बजे के बीच हुई, जब महिला आगामी परीक्षा के लिए फॉर्म भरने कॉलेज गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, डॉक्टरों को उसके शरीर पर जबरदस्ती करने, काटने के निशान और नाखून से खरोंच के सबूत मिले हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भरोसा दिया है कि न्याय जरूर होगा। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को शनिवार को घटना के खिलाफ प्रदर्शन करते समय हिरासत में लिया गया।

## बिहार में हेलीकॉप्टर बाबा ने बनायी वीवीआईपी पार्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को पटना में एक नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा की गई, जिसका नाम विकास वंचित इंसान पार्टी (वीवीआइपी) है। पटना में एक प्रेस वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप निषाद उर्फ हेलीकॉप्टर बाबा ने पार्टी के गठन की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह पार्टी शोषितों, पीड़ितों, दलितों, महादलितों, अत्यंत पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक उत्थान के लिए समर्पित रहेगी। बिहार की राजनीति में पहले से ही विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) है, जो निषादों के हक और अधिकार की बात करती रही

**विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी के करीबी थे प्रदीप निषाद**



है। प्रदीप निषाद ने नई पार्टी की घोषणा करते हुए कहा कि पार्टी में सभी जाति, धर्म और संप्रदाय के लोगों की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। खासकर निषाद समाज की सभी उपजातियों को एक सूत्र में बांधकर उनके वाजिब हक और अधिकार दिलाने की दिशा में पार्टी काम करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व में युवाओं और महिलाओं को अहम भूमिका दी जाएगी।

### इंदिरा गांधी ने बदला था, संविधान का मूल ढांचा : संबिद पात्रा



**नयी दिल्ली।** भाजपा ने आपातकाल के दौरान एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि इससे साबित होता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान के मूल ढांचे से छेड़छाड़ की थी और यह कांग्रेस के मुंह पर एक तमाचा है। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 25 जून 2025 को देश में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हुए हैं। वह 30 दिसंबर 1975 का टाइम्स ऑफ इंडिया का अंक लेकर आये थे जिसमें छपा था कि इंदिरा गांधी संविधान का मूल ढांचा बदलना चाहती हैं।



कोलकाता में छात्रा से गैंगरेप के खिलाफ प्रदर्शन करते केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार।

# बिहार पुलिस में महिला की संख्या देश में सबसे अधिक

## नीतीश कुमार ने 21,391 सिपाहियों को दिया नियुक्ति पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बापू सभागार में 21,391 नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र बांटा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, वर्ष 2005 को नयी सरकार बनी थी, तब से राज्य में कानून का राज है और राज्य सरकार लगातार विकास के काम में लगी हुई है। आज की बहाली के बाद बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या बढ़कर लगभग 36 हजार हो गयी है, जो देश के किसी भी राज्य से अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बनने के पहले पिछली सरकार में क्या स्थिति थी सभी लोग जानते हैं। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे।



विधि-व्यवस्था का बुरा हाल था। 24 नवंबर, 2005 को राज्य में नई सरकार बनने के समय बिहार पुलिस में कार्यरत बल की संख्या काफी कम थी। उस समय पुलिस में स्वीकृत बल की संख्या लगभग 51 हजार थी। इसके विरूद्ध मात्र 42 हजार 481 पुलिस कर्मी कार्यरत थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका शुरू से कहना है कि राज्य में पुलिस बल की संख्या को और बढ़ाया जाये। इसके लिए वर्ष 2006 से ही पुलिस बल की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की गयी। वर्ष

**64 हजार पदों पर जल्द होगी भर्ती : मुख्य मंत्री**

2013 में पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। वर्ष 2022 में राज्य में पुलिस बल की संख्या बढ़कर 1 लाख 10 हजार हो गयी। वर्ष 2023 में पुलिस सप्ताह कार्यक्रम में हमने राज्य में पुलिस बल की संख्या बढ़ाकर 2 लाख 29 हजार तय कर दिया। इसके बाद इन सभी पदों को भरने के लिए बिहार में पुलिस बहाली का काम तेजी से हो रहा है। 55 हजार पदों को गृह विभाग द्वारा प्रोन्नति दे कर भरा जा रहा है, जबकि 64 हजार पदों पर सीधी बहाली का काम तेजी से हो रहा है मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि 21 हजार 391 सिपाहियों की सीधी बहाली का काम पूरा हो गया है। अब इसके बाद 42 हजार 609 सिपाहियों की बहाली पर काम शुरू कर दिया गया है। इनमें से 19 हजार 838 पदों पर बहाली की लिखित परीक्षा अगले ही महीने जुलाई में हो रही है। हमारी इच्छा है कि इसके बाद बचे हुए 22 हजार 771 पदों पर भी बहाली का काम तेजी से हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस को किसी भी तरह के संसाधन की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी थानों में गाड़ियां उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि पुलिस वालों को कार्य करने में, गस्ती के दौरान कहीं आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं हो।उन्होंने कहा कि जो कोई भी गड़बड़ करता है, तो उसे छोड़ें नहीं। क्राइम करने वालों से सख्ती से निपटें।

